42. (क)="इति श्रीपाञ्चरात्रे महोपनिषद पाद्मसंहितायां ज्ञानपादे शास्त्रावतारकं प्रथमोऽध्याय:।"-पाद्म सं० ज्ञा० पा०अ०1
(ख) "इति श्रीपाञ्चरात्रे महोपनिषद पौष्करसंहितायां शिष्यपरीक्षलणो नाम प्रथमोऽध्याय :" -पौ०सं० ,पृ०3
43. "इति श्रीपाञ्चरात्रे महोपनिषदि वराहसंहितायां गृहार्चाप्रतिष्ठानाम पञ्चदशोऽधयाय:।"

-वराह सं० के० स० वि० तिरूपतिमातृका-552
कागज- पृ०6. तेलुगु-लिपि ।

44. (क) ईश्वरीय संहिता 21.566
(ख) पारमेश्वरसंहिता 19.528

45. वियद्वयुश्च वह्निश्च आपश्चैव धरा तथा ।
रात्रयो देहिनां प्रोक्ता अविद्या सम्भवस्तथा ।।
तद्भोगाद्विवृत्तिं तु वारयंयुर्यतस्ततः।
पाञ्चरात्रमिति प्रोक्तम् एतचछास्त्रमथा तथा।।
-विष्णुतन्त्र, अ० 1. श्लो० 77-79

46. अव्यक्तं च मनोबुद्धरहङ्कारश्च चित्तकम्।
तन्मात्रावगन्धाद्याः रात्रयो देहिनः स्मृताः।
एभिःसमन्वितैर्देहै : देहिनां भुक्तिमुक्तिदम्।
साधनं पूजनं पाञ्चरात्रमिति स्मृतम्।।
-विष्णुतन्त्र , अ०1,श्लो० 80-81

47. आकाशवायुतेजांसि पानीयं वसुधा तथा।।
एता वै रात्रयः ख्याताः ह्यचैतन्यास्मोत्कयः।।
-हयशीर्षसंहिता, आदिकाण्ड,पटल 4.2 , राजशाही संस्करण 1952, पू०पाकि०

48. रात्रिरज्ञानमित्युक्तं पञ्चेत्यज्ञाननाशकम्।
तच्छास्त्रं पाञ्चरात्रं स्यात् अन्बर्थस्यानुरोधतः। -श्रीप्रश्न सं०2.40

49. परमसंहिता 1.39.41

50. प्रथम ब्रह्मरात्रं तु द्वितीयं शिवरात्रकम्।
तृतीयम् इन्द्ररात्रं तु चतुर्थ नागरात्रकम्।।
पञ्चमं ऋषिरात्रं तु पाञ्चरात्रमिति स्मृतम्।
एवं ज्ञातं ऋषिश्रेष्ट पाञ्चरात्रं पुरा युगे ।।

51. बड्यार-संस्करण, सन् 1969 ई०

52. ईश्वरसंहिता 21.519-533

53. सार्धकोटि प्रमाणेन कथितं तस्स विष्णुना।
रात्रिभिः पञ्चभिः सर्व पाञ्चचरात्रमतः स्मृतम् ।।-मार्कण्डेय सं०, पृ०4, अ०1, श्लो०22-23

54. वाशिष्ठसंहिता, अ०13

55. पाद्मसंहिता, ज्ञानपाद 1.72-74

56. भगवद्भक्तिरेव स्यात् भक्तानां मुक्तिसाधनम्।
तद्भक्तिबोधकं शास्त्रं पाञ्चरात्रागमस्थितम्।।-पुरूषोत्तम संहिता,अ०1, श्लो०4 (भद्रचल-सं०)

57. सांख्ययोगादि शास्त्राणि रात्रीयन्ते महान्त्यपि।
तत्सन्निधौ समाख्यासौ तेन लोक प्रवर्त्तते।
चन्द्रतारागणं यद्वत् शोभते नैव वासरे ।
तथेतराणि शोभन्ते पञ्च नैवास्य सन्निधौ।
पञ्चत्वमथवा यद्वद्दीप्यमाने दिवाकरे।।
ऋच्छन्ति रात्रयस्तद्वत् इतराणि तदन्निके।
तस्मात् पाञ्चरात्रख्यं ब्रह्मलोके महीयते।।-अनिरूद्ध संहिता, 1.35-38

59. पञ्चेन्द्रियाणि विषयः पञ्चभूतानि तद्गुणाः।।
पाञ्चशब्दाभिधेयानि विद्वांसोऽप्याचचक्षिरे।
रा इत्ययमपि प्रोक्तो धातुरानवाचक।।
विषयेन्द्रियभूतानामादातारश्च पञ्चराः
मनुष्याः पालनात्तेषां पाञ्चरात्रमिति स्मृतम्।।
सांख्ययोगादयः पञ्चरात्र (त्री) यन्तेऽस्य सन्निधौ।
तस्माद्वा पञ्चरात्रार्थः प्रोच्यते सूरिसत्तमैः।।
अथवा रात्रयो यद्वत् सन्निधौ पञ्चताय वै।
नीयन्ते तद्वदन्यानि शास्त्राण्येतस्त सन्निधौ ।।
इति वा पाञ्चरात्रार्थो विद्वद्भिः कथ्यते द्विज ।।-विश्वामित्र -संहिता, अ०2, श्लो०3-8

60. पृथिव्यादीनि भूतानि गुणाः पञ्चमहामते।
रात्रयो जन्तवः प्रोक्ताः सर्वशास्त्रेषु निश्चिताः।
तद्भोगाद्विनिवृत्तिस्तु पञ्चरात्रमिति स्मृतम्।।32 ।।-कपिञ्जल संहिता ,अ०1, श्लो०31-32भाद्रचलम -संस्क० सन् 1931ई० (तेलगु-लिपि)

15

आदर्श समाज की संरचना में श्रीमद्‌भगवद् गीता की भूमिका

प्रस्थानत्रयी के माध्यम से प्राचीन काल से भारत की संस्कृति ने सम्पूर्ण मानव जाति के आध्यत्मिक रूपांतरण को ही अपने-मूल मंत्र के रूप में स्वीकार किया है। विश्व-परिकल्पना के मध्य जो सत्य प्रतिभासित है, वह है समन्वय। विभिन्नता में एकता ही हमारी संस्कृति है। पुरातन काल से ही हमारी नित्य प्रार्थना में लोक-कल्याण की भावना अन्तर्निहित है, सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः। इसी विश्व-कल्याण की भावना को दार्शनिकों, विचारकों एवं समाज सुधारकों ने पुनर्जीवित एवं पुर्नस्थापित किया है। शायद ही ऐसा कोई युग भारत में आया हो, जब इस विश्व को आध्यात्मिकता से परिचित करने के लिये किसी युगद्रष्टा का अविर्भाव न हुआ हो। ईशोपनिषद् में कहा गया है, जिसने अपने में सम्पूर्ण को एवं सम्पूर्ण में अपने को देख लिया है, वह कभी भी अवहेलना नहीं कर सकता है।

भारत जैसे सुसंस्कृत, समृद्ध देश के सम्बन्ध में Mr. William Archer ने सम्पूर्ण संस्कृतिपर कटाक्ष किया था, यहां तक कि उसकी महान से महान प्राप्तियों, दर्शन, धर्म, काव्य........उपनिषद्, रामायण, महाभारत आदि सबको एक साथ अवर्णनीय बर्बरता का घृणास्पद स्तूप कहा। उनके इस अज्ञानपूर्ण मत का विरोध भी किया गया एवं इसके उत्तर में Sir John Woodroff ने क्या भारत सभ्य है? शीर्षक से पुस्तक प्रकाशित की थी। एक भ्रान्त विचार यह भी रहा कि हिन्दूसभ्यता ने यूनानी सभ्यता के आदर्शों का अनुसरण किया। वस्तुस्थिति यह है कि पाश्चात्य संस्कृति तीन ग्रीक आदशों पर आधारित है, बौद्धिक दर्शन, लोकोपकारी नीतिशास्त्र एवं राष्ट्रवादी राजनीति। यदि इसके आधार के रूप में आध्यात्मिकता को न स्वीकार किया जाए, तो एक आदर्श समाज का गठन नहीं हो सकता है। केवल बौद्धिक या नितांत भौतिकवादी विचार से विश्व का नव-निर्माण नहीं हो सकता है। प्लेटो Utopia की बात करते हैं काव्य के दर्शन में (Kingdom of end) साध्यों के

साम्राज्य की चर्चा है, पर भारत में वसुधैव कुटुम्बकम् की बात की जाती है। भारत का प्रबल झुकाव शाश्वत की ओर है। श्री अरविन्द के शब्दों में, "शाश्वत सदा ही उच्चतम् और पूर्णत: वास्तविक तत्त्व रहा है, फिर भी, उसकी संस्कृति तथा दर्शन में सनातन तथा सांसारिक का एक परम समन्वय पाया जाता है और उसे इस समन्वय को कहीं बाहर से प्राप्त करने की आवश्यकता है, नहीं है।" भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में प्राचीन काल सत्यं शिवम् एवं सुन्दरम् की भावना रही है, यहाँ आध्यात्मिकता कभी प्रच्छन्न रूप से नहीं रही, अपितु अन्दर एवं बाहर दोंनों ही प्रकार से जीवन का प्रमुख उद्देश्य एवं आदर्श रहा। स्वामी विवेकान्द कहते हैं, "UP, India, and conquer the world with your Spirituality."

'क्या भारत सभ्य है?' नामक ग्रन्थ में एक ओर जॉन वूड्रफ यह प्रमाणित करते हैं कि यह भारतीय संस्कृति अद्वितीय है, वहीं दूसरी ओर यह भी दिखलाते हैं, कि इस संस्कृति की रक्षा मानव जाति के लिये परम आवश्यक है। वास्तव में भारतीय समाज व्यवस्था 'सर्वभूतहिते रता:' की भावना पर आधारित है और यह भावना तभी आ सकती है, जब दृष्टि ऊर्ध्वमुखी हो। प्रगति को स्वीकार करते हुये केवल भौतिक सभ्यता के बाह्य विकास को नहीं अपनाया जाता है, अपितु आध्यात्मिक प्रगति को ही महत्त्व दिया जाता है। यही कारण है कि आज भारत जहां एक ओर यूरोपोय आधुनिकतावाद के आक्रमण को झेल रहा है और भारतीय संतति भी इस बहाव में सहभागी है, वहीं दूसरी ओर, विश्व विख्यात समाज सुधारकों ने यह प्रमाणित किया है कि भारत की पवित्र धरोहर प्रस्थानत्रयी हमें इस संकट से मुक्त कर सकती है। भारत की पावन परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुये आचार्य शंकर यामुनात्रार्य, श्री रामानुजाचार्य, वल्लभाचार्य ने प्रस्थानत्रयी का सहारा लिया एवं लोक-कल्याणार्थ भाष्य लिखे। श्रीमद्भागवद्गीता पर आचार्य शंकर ने अद्वैतवादी व्याख्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि ज्ञान रूपी अग्नि से ही सब कर्म जल कर भस्म हो जाते हैं 'ज्ञानाग्नि सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरूते', यही गीता का प्रतिपाद्य विषय है। गीता में श्री कृष्ण अर्जुन से कहते हैं।

सर्वकर्माखिलं पार्थ ज्ञाने परिसमाप्यते 114-3311 श्री यामुनाचार्य ने 'गीतार्थ संग्रह' नामक ग्रन्थ लिखा। श्री रामानुज ने भी गीता भाष्य लिखा, जिसमें विशिष्य द्वैत मत का प्रतिपादन किया गया। उनका कहना था कि गीता में यद्यपि ज्ञान कर्म और भक्ति का वर्णन है तथापि तत्त्व ज्ञान की दृष्टि से विशिष्यद्वैत एवम् आचार दृष्टि से वासुदेव भक्ति ही गीता का सार है। पुष्टि मार्ग के अनुयायी कहते हैं कि भगवान् ने अर्जुन को पहले सांख्य ज्ञान और कर्म योग बतलाया एवम् अन्त में उनको भक्ति रूपी पिला अमृत, कर कृत कृत्य किया, अत: भक्ति ही गीता का प्रधान लक्ष्य है।

गीता में कहा गया है भक्तास्तऽतीव में प्रिया: 1112-2011 मेरे भक्त ही मुझे अतिशय प्रिय हैं। गीता का प्रतिपाद विषय भक्ति है। गीता को योग शास्त्र भी कहा जाता है, क्योंकि गीता में कहा गया है, 'योगःकर्मसु कौशलम्'। भेद रहते हुए भी सभी आचार्यों ने मूल गीता के अर्थ को अक्षुण्ण रखा।

परवर्त्ती काल में महात्मा गांधी, श्री अरविन्द, स्वामी विवेकानन्द, लोकमान्य तिलक, रवीन्द्रनाथ टैगोर जैसे समाज सुधारकों ने भी प्रस्थानत्रयी को ही आदर्श समाज के गठन के लिये आधार बनाया। महात्मा गांधी का सर्वोदय एवं राम राज्य की परिकल्पना, श्री अरविन्द का दिव्य जीवन, स्वामी विवेकानन्द का आध्यात्मिक समाज, रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा प्रतिपादित ब्रह्म-विहार एवम् डॉ. राधाकृष्णन् की जीवन की आध्यात्मिक दृष्टि के पीछे प्रेरणा स्त्रोत एवं आदर्श के रूप में श्रीमद्भगवद्गीता ही रही है, क्योंकि यहां केवल एक समाज की संरचना की बात नहीं थी अपितु, ध्येय था, 'वसुधैव कुटुम्बकम'। यहां एक प्रत्यक्ष प्रमाण प्राप्त होता है कि गीता का सन्देश विश्व बन्धुत्व, वैश्वीकरण एवं विश्व शान्ति के लिये है। श्री अरविन्द के शब्दों में "प्रत्यक्ष अनुभव से स्पष्ट दिखाई देता है, कि श्रीमद्भगवद्गीता वर्त्तमान युग में भी उतनी ही नावीण्यपूर्ण एवम् स्फूर्तिदायी है, जितनी कि महाभारत में समाविष्ट होते समय थी। गीता के सन्देश का प्रभाव केवल दार्शनिक अथवा विद्वचर्चा का विषय नहीं है, अपितु आचार-विचार के क्षेत्र में भी विद्यमान होकर मार्ग बतलाने वाला है। एक राष्ट्र तथा संस्कृति का पुनरूज्जीवन गीता का उपदेश करता आया है। संसार के अत्युच्च शास्त्र-विषयक ग्रन्थों में उसका अविरोध से समावेश हुआ है। श्री अरविन्द ने गीता को भारतीय आध्यात्मिकता का सुमधुर फल कहा है।

महात्मा गांधी के शब्दों में बाल्यावस्था में ही मुझे ऐसे शास्त्रीय ग्रन्थ की आवश्यकता प्रतीत होने लगी थी जो कि जीवितावस्था के मोह तथा कठिनाई के समय उचित मार्ग दर्शन दे सके। वर्त्तमान अवस्था में तो गीता मेरी बाइबल या क़ुरान ही नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष माता हैं। आपात्काल में वही मेरा सहारा है। इससे यह तो प्रमाणित हो जाता है कि, क्यों गीता को अग्रस्थान प्राप्त है। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने The Religion of man नामक पुस्तक में लिखा है, धर्म की प्रथम अभिव्यक्ति भौतिक थी, जब कुछ हद तक प्रकृति पर विजय प्राप्त कर ली गई, जब अनुरात्मा तथा व्यक्तित्त्व में निहित सत्य की खोज की तब बर्हिमुख प्रवृति से अन्तर्मुखि हो गई। टैगोर कहते हैं कि Zarathsutra विश्व के उन महान धर्म गुरुओं में से है जिन्होंने मानव को निरर्थक कर्मकाण्ड के बन्धन से मुक्त कर श्रीमदभगवदगीता में

प्रतिपादित कर्म एवम् नैतिक स्वतंत्रता के अनुरूप अनुभूति कराई। उनके शब्दों में, "The first profound record of the change of direction in Man's religion we find in the message of the great prophet in Persia, Zarathsutra, and as usual it was accompained by revolution. In a later period, the same thing happened in India, and it in evident that the history of this religious struggle lies embedded in the epic Mahabharata associated with the name of Kṛṣṇa and the teaching of Bhagavada gita."

जिस देश में ऋग्वेद काल में एक आध्यात्मिक संस्कृति को अपनाया गया हो उस देश के लिये Mr. Archer का कथन कितना अपरिपक्व एवम् भित्ति विहीन एवम् निरर्थक है यहां मेरा, उद्देश्य केवल यह प्रभवित करना नहीं था, अपितु यह प्रतिपादित करना था, कि मानवता एवं लोक-कल्याण के लिये वर्त्तमान परिप्रेक्ष्य में जहां संघर्ष और स्पर्धा है सांस्कृतिक द्वन्द्व है, गीता के उपदेश से एक उच्चतम् शाश्वत संस्कृति के आधार पर पृथ्वी पर स्वर्ग का राज्य स्थापित किया जा सकता है। कहा जाता है, "गीता सुगीता कर्त्तव्या किमन्यौः शारण विस्तरैः।" गीता का उपदेश उस समय दिया गया, जब धर्म क्षेत्र में योद्धा द्वन्द्व हेतु एकत्रित हुए। महाभारत केवल भरतवंशियों की कथा नहीं है, अपितु यह भारत की अन्तरात्मा की, उसके धार्मिक, नैतिक, सामाजिक आर्थिक, सांस्कृतिक आदर्शों एवम् मूल्यों की कथा है। महाभारत में किसी व्यक्तिगत मानसिकता की बात ही नहीं है, अपितु, एक राष्ट्र की मनः स्थिति की अभिव्यक्ति हैं। इसमें आद्योपात द्वन्द्व, एक राजनीतिक संघर्ष का प्रतिनिधित्व है, जहां अहंकार, अशुभ एवं अन्याय के साथ समर्पण, शुभ एंव न्याय का वैयक्तिक एवम् राष्ट्रीय संघर्ष को उजागर किया गया है। इन संघर्षों की परिसमाप्ति कर शांति को भी प्रतिष्ठित किया गया है।

गीता का उपदेश युद्ध भूमि में दिया गया या अन्यत्र कहीं दिया गया यह प्रश्न महत्वपूर्ण नहीं है, महत्वपूर्ण यह है कि जब अर्जुन स्वयं को एक उभयतो पाश में पाते हैं, किंकर्तव्य विमूढ़ अवस्था में निर्णय करने की क्षमता विलुप्त हो जाती है, तब वे महान गुरु श्री कृष्ण से समाधान की अपेक्षा रखते हैं। संसार की दावाग्नि से तप्त शिष्य जब गुरु की शरण में पहुंचकर पूर्ण समर्पण भाव से, श्रद्धा पूर्वक आग्रह करता है, तो गुरु शिष्य पर सहज अनुकंम्पा पर करुणा-दृष्टि डालते है। सर्वप्रथम श्री कृष्ण का परिचय एक महान् गुरु के रूप में प्राप्त होता है। उनके द्वारा प्रदत्त शिक्षा श्लोकों में निबद्ध आज में हमारे पास हैं, यदि हम भी अर्जुन जैसी भावना हो, तो कदाचित उसे अपने जीवन में उतार सकने में समर्थ होंगे। अर्जुन कहते हैं।

कार्पण्य दोषोपहत स्वभावः पृच्छामि त्वां धर्मसम्मूढ़ चेताः
यच्छ्रेयः स्यान्तिश्रिचतं ब्रूहि तन्मे शिष्यस्तेऽहं शाधि मां त्वां प्रपन्नम्।। 6।।[3]

अर्जुन क्षत्रिय है, किन्तु युद्ध भूमि में आत्मीयजनों को देख उनके मन में धर्म-अधर्म, कर्तव्य-अकर्तव्य के बीच अन्तरमन में एक द्वन्द्व चल रहा था। उनका मन कर्म और अकर्म के जाल में फंस गया, अतः कृष्ण ने यहाँ अपने शिष्य को कर्मयोग की शिक्षा दी। वास्तव में अर्जुन के माध्यम से श्री कृष्ण कहते हैं कि कर्म का मार्ग बहुत कठिन है 'गहना कर्मणो गतिः, 4-17। कर्म करने के रहस्य को पहले जानना चाहिये। साधारणः हम कर्म करते हैं और अपने आप को कर्ता समझते है यही अभिसयान एवम् अहंकार का कारण है। कर्म योगी वह है जो अभिमान से रहित हो कर्म करे। कर्म के पांच कारण बताए गए हैं।

अधिष्ठानं तथा कर्ता करणं च पृथग्विधम्।
विविधाश्च पृथक्चेष्टा दैवं चैवात्र पंचमम्।। 18-14।।

अनासक्त कर्म ही कर्म योग है। साधारणः आसक्ति के वशीभूत होकर ही मनुष्य कर्म करता है। कर्म योगी को "सुख-दुःख समे कृत्वा लाभालाभौ जया जयौ" भाव से कर्म करना चाहिए। कर्म योगी के लिये स्व कर्म ही स्वधर्म है। क्षत्रिय अर्जुन के लिये युद्ध धर्म है। 'गीता' में कहा गया है, कर्मण्ये वाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। तेरा कर्म करने में ही अधिकार है, उसके फल पर नहीं। वास्तव में यहीं से उपदेश का उपक्रम होता है। इस प्रकार का द्वन्द्व धर्म संकट प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में किसी न किसी रुप में आता है, जब वह अपने को असहाय पाता है एवम् योग्य गुरु के शरण में जगत हितार्थ जाना चाहता है।

श्रीकृष्ण कहते है कि धर्म युद्ध से बढ़कर दूसरा कोई कल्याण कारक कर्तव्य क्षत्रिय के लिये नहीं है। यदि तू इस धर्म युक्त संग्राम को नहीं करेगा, तो स्वधर्म एवं कीर्ति दोनों को खो देगा। अर्जुन तू शास्त्र विधि से नियमित किये हुये स्वधर्म कर्म को कर। श्रीकृष्ण कहते है कि कर्म वेद से उत्पन्न है, वेद अविनाशी से उत्पन्न हुआ है, इससे सर्वव्यापी सदा ही यज्ञ में प्रतिष्ठित है। (गीता-3-15) अनासक्त भाव से निरन्तर कर्तव्य कर्म का आचरण करना चाहिए। क्योंकि श्रेष्ठ पुरूष जैसा आचरण करता है असंख्य लोग उसका अनुसरण करते हैं। श्री कृष्ण अर्जुन से कहते है मुझे तीनों लोकों में कुछ भी कर्तव्य नहीं है तथा अप्राप्य भी कुछ भी नहीं है, फिर भी मैं कर्म करता हूँ, क्योंकि यदि मैं कर्म न करूं, तो लोग मेरा अनुसरण कर वैसा ही करेंगे। अर्जुन को लोक-कल्याण की शिक्षा देते हुए कृष्ण कहते हैं, 'लोक-संग्रह' के लिये अनासक्त भाव से कर्म करो।

धर्म मानव के वर्तमान तक सीमित नहीं है, इसमें भूत एवं भविष्य समाया हुआ

है। कदाचित यहीं करण है कि धर्म की अभीप्सा के प्रथम स्तर पर मानव विश्व की पृष्ठ भूमि में एक शक्ति के प्रदर्शन मात्र को सत्य मानता है, परन्तु धर्म की उच्चतर अवस्था में इस सत्य को मानवीय व्यक्त्वि में देखना प्रारम्भ कर देता है। यह मानव समाज की अद्वितीय विशेषता है। समाज व्यक्तियों का समूह है। वैयक्तिक-व्यक्ति, विवकेशील होता है। मानव समाज में कभी-कभी पाशविक स्तर की क्रियाएँ की जाती है, जिसे विवेक पूर्ण नहीं कह सकते हैं, परन्तु मानव समाज में बौद्धिकता, नैतिकता एवं आध्यात्मिकता अन्तर्निहित है, इसे भी अस्वीकार नहीं किया जा सकता है। मनुष्य में यदि क्रूरता है की वृत्ति है, तो दूसरी ओर दया, करुणा की वृत्ति भी हैं। यह विश्व सदासद् गुणों का मिश्रण है। असदगुणों के बीच ही सदगुणों का विकास देखा जाता है। श्रीकृष्ण अर्जुन को छल, कपट के सहारे राज्य प्राप्ति करने के लिये प्रोत्साहित नहीं करते हैं। युद्ध को टलने का हर संभव प्रयास करते हैं। शान्तिदूत के रूप में निष्पक्ष रूप से धर्मानुकूल निर्णय की अपेक्षा रखते हैं। एक समन्वय एवम् सामंजस्यता के उद्देश्य से वे संधि का प्रस्ताव भी रखते है। वे युद्ध के पक्ष में नहीं थे। जब शान्ति के सभी उपाय असफल हो गए, तब श्रीकृष्ण ने अर्जुन को धर्मयुक्त युद्ध करने के लिये कहा।

एक आदर्श समाज की परिकल्पना तभी सफल हो सकती है, जब प्रत्येक व्यक्ति जो समाज का एक अभिन्न अंग है, उसका सर्वांगीण विकास हो। यदि मानव का सर्वांगीण विकास होगा, तो समाज का विकास होगा। यदि आदर्श समाज की स्थापना होगी, तो देश समृद्ध बनेगा एवम् यदि कोई भी देश सभ्यता एवम् संस्कृति के क्षेत्र में उन्नत होगा, तो वह सम्पूर्ण विश्व को राह दिखायेगा एवम् अनुकरण करने के लिये बाध्य करेगा। यह बाध्यता शक्ति प्रदर्शन से कदापि नहीं, अपितु एक आध्यात्मिक दिव्य आकर्षण से संभव है, क्योंकि मानव का आधार आध्यात्मिक है।

श्रीकृष्ण अपने शिष्य अर्जुन का केवल मोह भंग नहीं करते हैं अपितु उनके व्यक्तित्त्व का सर्वांगीण विकास करते हैं, क्योंकि उनका केवल युद्ध में विजय प्राप्त करना ही ध्येय नहीं था, अपितु युद्ध के पश्चात् एक साम्राज्य को पुर्नगठित भी करना था। किसी भी समाज का गठन यदि ऐसे पुरुष के द्वारा किया जाए, जिसमें ज्ञान कर्म एवं भक्ति का समन्वय हो एवं लक्ष्य शान्ति प्रतिष्ठित करना हो और वह मोक्ष-गामी हो तो वह अपने धर्म में अडिग रह कर प्रत्येक कार्य कौशलपूर्ण ढंग से करेगा एवं फल की कामना का त्याग करेगा। कृष्ण, अर्जुन के अन्तर्मन में चल रहे द्वन्द्व को समाप्त करने के साथ ही सम्पूर्ण मानव को इस द्वन्द्व समाप्त करने की शिक्षा देते हैं। वे कहते है, मै सब भूतों के हृदय में स्थित सबका आत्मा हूँ, मेरे विस्तार का अन्त नहीं है।

वेदानां सामवेदोस्मि देवानामस्मि वासवः
इन्द्रियाणां मनश्चस्मि भूतानामस्मि चेतना। ।। 10-22 ।।

कृष्ण यह भी कहते हैं,

अनन्याश्चिन्तयान्ता मां ये जनाः पर्युपासते।
तेषां नित्यभियुक्तानां योग क्षेम वहाभ्यहम्।।

जो अनन्य भाव से मेरे में स्थित हैं, पूर्ण रूप से जो मुझे समर्पित होते है, ऐसे भक्तों का भार मैं स्वयं वहन करता हूँ। उनका योग क्षेम मुझे करना पड़ता है, इसलिए कृष्ण कहते हैं।

योगस्थः कुरू कर्मणि संग त्यक्त्वा धनंजय।
सिय सियोंः समोभूत्वा समत्वं योग उच्चते।। 2-48 ।।

धार्मिक चेतना कभी भी अधिक समय तक बन्धन में नहीं रह सकती है। सृष्टि के मूल में जो विराट् चैतन्य है, वह इसे नष्ट होने देता। अन्तर्मुखी चेतना नित्य उसे उसकी वास्तविक स्वरूप का बोध करवाता रहता है। श्रीकृष्ण कहते हैं, विश्व के समस्त मानव कल्याणार्थ किया गया कार्य आदर्श कार्य है। विश्व के समस्त मानव का आह्वन करते हुऐ उन्होंने कहा है,

सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्व पापेभ्यो मोक्षभिष्यामि मा शुचः।।

जहां ऐसा निर्भय आश्रय हो, वहां विनाश संभव नहीं है। यही कारण है कि एक आदर्श समाज के गठन के लिये, राष्ट्र निर्माण एवं विश्व शांति के लिये गीता के उपदेशों का आदर्श मानकर इसे महान् समाज सुधारकों ने जन मानस तक पहुंचाने का कार्य किया है। आज पुनः ऐसे युग पुरूष की आवश्यकता महसूस की जा रही है, जो समस्त संकीर्ण भावनाओं का त्याग कर मानव कल्याण के लिये सर्मपण भाव से कार्य करें एवम् आदर्श समाज संरचना में योगदान दें।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. श्रीमद्भगवदगीता
2. गीता रहस्य लोकमान्य तिलक, पृ. 1
3. यंग इंडिया-महात्मा गांधी।
4. The Religion of Man, Tagore, p.75

16

भगवद्गीता और गीतार्थसंग्रह

दुनियाभर के आध्यात्मिक ग्रंथों में भगवद्गीता का अप्रतिम स्थान है। गीता महाभारत महाकाव्य की एक उपकथा है, किन्तु महाभारत की सारी गरिमा, लोकप्रियता और उसका सौंदर्य आदि सभी कुछ इसी गीता के कारण है। महाभारत एक ऐतिहासिक ग्रंथ माना जाता है, पर मेरे विचार से उसे ऐतिहासिक के बजाय धर्मग्रन्थ मानना अधिक उचित होगा। यदि ऐतिहासिक ही कहना है, तो उसे आत्मा का इतिहास कहना चाहिए, जो हमें यह नहीं बताता कि हज़ारों वर्ष पहले क्या हुआ था, अपितु यह बताया है कि प्रत्येक मनुष्य-देह में क्या जारी है, इसमें कौरव और पाण्डव के माध्यम से अधर्म और धर्म, अन्याय और न्याय अथवा अनैतिक और नैतिक के बीच नित्य चलने वाली लड़ाई का वर्णन है।

वर्णन की अपनी अनोखी शैली के कारण भगवद्गीता लोकप्रियता के उच्च शिखर पर स्थापित है। गीता के दो अत्यन्त मोहक पात्र हैं-एक जिज्ञासु अर्जुन और दूसरे स्वंय नारायण या वासुदेव। इन्हीं दोनों के संवाद रूप में गीता का उपदेश व्यक्त हुआ है। गीता का उपदेश एक ऐसे नाज़ुक समय पर किया गया था, जब कि न केवल देश अपितु स्वयम् धर्म का ही अस्तित्त्व संकट ग्रस्त हो गया था। यद्यपि गीता का साक्षात् उद्देश्य किसी नीतिशास्त्र अथवा तत्त्वमीमांसीय सिद्धांत की स्थापना करना नहीं था, किन्तु अर्जुन जैसे जिज्ञासु भक्तवत्सल की समस्याओं का समाधान करने में स्वयं पुरुषोत्तम भगवान् कृष्ण जैसे सर्वज्ञ और सर्वशक्तिमान के मुखारविन्द से जो कुछ भी निःसृत हुआ, वह सम्पूर्ण अध्यात्मशास्त्र विशेषतया वेदान्तशास्त्र अथवा हिन्दू धर्म शास्त्र का निचोड़ साबित हुआ। गीता को उपनिषदों का सार मानते हुए गीता-ध्यान में अलंकार युक्त पर यथार्थ वर्णन इस प्रकार किया गया है।

सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपालनन्दनः।
पार्थोवत्सः सुधीर्भोक्ता दुग्धं गीतामृतम् महत्।।

इसलिए इसका पूरा नाम श्रीमद्भगवद्गीता-उपनिषद् है। गीता सर्वशास्त्रमयी, धर्ममयी और सर्वज्ञान-प्रयोजिका है-

तस्मसद्धर्ममयी गीता सर्वज्ञान प्रयोजिका।
सर्वशास्त्रमयी यस्मात् तस्माद्गीता विशिष्यते।।

वास्तव में पुराणों ने गीता का इतना प्रचार किया कि उसका महत्त्व उपनिषदों या श्रुतिप्रस्थान तथा ब्रह्मसूत्र या न्यायप्रस्थान से अधिक हो गया। वह वेदान्त का केवल स्मृति प्रस्थान नहीं रहा। उसने जितना वेदान्त का प्रचार किया, उतना किसी अन्य ग्रन्थ ने नहीं किया। यदि कोई जिज्ञासु हिन्दु धर्म का सार समझने हेतु किसी एक ग्रन्थ को चाहे, तो निर्विवाद रूप से ज्ञानीजन उसे श्रीमद्भगवद्गीता का ही नाम सुझाएँगे। बिना गीता पर भाष्य लिखे कोई वेदांत का प्रतिष्ठित आचार्य हो ही नहीं सकता है। वेदांत के आचार्यों के बीच जितना मतभेद ब्रह्मसूत्र के सूत्रों को लेकर है, उतना गीता को लेकर नहीं है। यही कारण है कि गीता पर बहुत अधिक भाष्य लिखे गए। जितने वेदान्त-संप्रदाय हैं, उतने ही गीता के भाष्य भी हो गए हैं।

भगवद्गीता पर सर्वाधिक टीकाएं अद्वैतवादियों की है। अद्वैतग्रन्थकोश[1] में कुल 39 व्याख्याओं का उल्लेख है, जिसमें से लगभग दो दर्जन तो अकेले शंकराचार्य के गीता भाष्य पर टीकाएं लिखी गई हैं। गीता की अद्वैतपरक टीकाएं निर्विशेषाद्वैतवाद को अंगीकार करते हुए इस निर्णय पर पहुँचती हैं, कि गीता शास्त्र ज्ञानमार्ग की शिक्षा देता है, यद्यपि उन्होंने भक्तिमार्ग को व्यर्थ नहीं बताया है। उनके मत से भक्तियोग का महत्त्व मुमुक्ष के जीवन में आदि से लेकर अन्त तक बना रहता है।

यावदायुस्त्वया वंद्यो वेदान्तोः गुरुरीश्वरः।
मनसा कर्मणा वाचा श्रुतिरेवैष निश्चयः।।

अर्थात् श्रुति का यह निश्चय है कि यावत् जीवन वेदान्त, गुरु तथा ईश्वर की वन्दना करनी चाहिए[2]।

अद्वैतवाद का केन्द्रीय सिद्धान्त "ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापर" है अर्थात् एकमात्र निर्विशेष ब्रह्म की ही सत्ता है, जगत् मिथ्या है और जीव अन्ततः ब्रह्म से अभिन्न है। निर्विशेष ब्रह्म के प्रति किसी भी प्रकार की धार्मिक भावना की अतृप्ति जगत का निषेध एवं जीवाद्वैतवाद की स्थापना ये तीन ऐसे विन्दु थे, जिनकी प्रतिक्रिया में एक ऐसे मत की स्थापना हुई जिसे विशिष्टता कहते हैं। जिसमें जगत् की सत्यतापूर्वक जीव की वास्तविकता पर बल देते हुए ईश्वर को परमतत्व के रूप में प्रतिपादित किया गया है। इसमें ईश्वर की पुरुषवादी धारणा को ब्रह्मवादी दर्शन से संयुक्त कर दिया गया है।

भगवद्गीता के विशिष्यद्वैतवादी भाष्यों में गीतार्थसंग्रह भाष्य यामुनाचार्य जी का ग्रन्थ है। जो रामानुज के पूर्ववर्ती थे। विशिष्यद्वैत-मत के संस्थापक आचार्यों में पहला नाम नाथमुनि का आता है, किन्तु दुर्भाग्य से आज उनका कोई भी ग्रन्थ

उपलब्ध नहीं है। नाथमुनि के बाद उनके पौत्र यामुनाचार्य, जिन्हे आलवन्दार भी कहा जाता था, को हम इस मत का व्यवस्थित रूप संस्थापक कह सकते हैं। गीतार्थ संग्रह अपने तरह का अनोखा गीता भाष्य है। इसमें मात्र बत्तीस श्लोक हैं, जो भगवद्गीता की संक्षिप्त टीका या तात्पर्य है। गीता के प्रत्येक अध्याय के प्रतिपाद्य को एक-एक श्लोक के माध्यम से यहाँ प्रस्तुत करने का अद्भुत उद्योग किया गया है। प्रारम्भ के चार श्लोकों में विषयोपस्थापन तथा अन्त के दस श्लोकों से गीतार्थ का उपसंहार करने का प्रयत्न किया गया है।

वेदांत के भिन्न-भिन्न संप्रदायों ने अपने-अपने अनुसार गीता के प्रतिपाद्य विषय की मीमांसा करते हुए मनुष्य के चरम लक्ष्य, उसका स्वरूप एवं उसकी प्राप्ति का उपाय बताया है। जहाँ तक चरम लक्ष्य की बात है, उसमें सभी एक मत से स्वीकार करते हैं कि आत्मा या जीव की अपने स्वरूप में अवस्थिति अर्थात् आत्म साक्षात्कार अथवा ब्रह्म साक्षात्कार अथवा मोक्ष ही मनुष्य का परम प्राप्तव्य है। रही बात परमतत्व के स्वरूप एवं उसकी प्राप्ति के उपाय की, तो उनमें कुछ भिन्नताएँ अवश्य हैं। जहाँ अद्वैतवादी परमतत्व को निर्गुण एवं निर्विशेष मानते हुए इसकी प्राप्ति ज्ञान से संभव मानते हैं, वहीं विशिष्यद्वैती इसे सगुण एवं सविशेष मानते हुए भक्ति को इसकी प्राप्ति के लिए आवश्यक बताते हैं।

भगवद्गीता के व्यावहारिक उपदेश का जहां तक प्रश्न है, वह बिलकुल स्पष्ट है। इसका कारण वह परिस्थिति है, जिसमें गीता का उपदेश किया गया था। प्रारम्भ में हम अर्जुन को विषण्ण और युद्ध से विमुख देखते हैं, किन्तु भगवान् कृष्ण के उपदेश के फलस्वरूप वह युद्ध के लिए कृत निश्चय हो जाता है। यदि यहां हम कर्म को गीता का सार न मानें, तो इस उपदेश की सार्थकता पर ही प्रश्न चिह्न लग जायेगा, किन्तु जब हम उपदेश का बारीक़ी से अध्ययन करते हैं, तो यह बात स्पष्ट होने लगती है कि इसका तात्पर्य कर्म तो है, किन्तु यह कर्म पूर्णरूपेण कामना या आसक्ति से रहित निष्काम कर्मयोग है। निष्काम कर्मयोग बिना ज्ञान और भक्ति के संपादित नहीं हो सकता है। गीता में अनेक स्थानों पर फलाकांक्षा का त्याग करके समत्वभाव से कर्म करने की बात कही गयी है[3]।

भगवद्गीता का मर्म भगवद्गीता में ही है। गीता का निहितार्थ भलीभांति समझने के लिए हमें श्रीकृष्ण को भगवान मानना अनिवार्य है। गीता के प्रत्येक अध्याय में श्रीं कृष्ण को भगवान् कहकर ही सम्बोधित किया गया है। यदि हम श्री कृष्ण को सामान्य ज्ञानवान व्यक्ति मानने की भूल करेंगे, तो गीता के अभिप्राय को जानने से वंचित रह जायेंगे। हमें अर्जुन को भी स्वयम् साक्षात् योगेश्वर भगवान्

कृष्ण का भक्त, शिष्य और सखा मानना होगा, न कि सांसारिक समस्याओं से घिरा हुआ सामान्य मनुष्य। गीता में अर्जुन के माध्यम से वे सारे प्रश्न उठाए गए हैं, जिनका सामना प्रत्येक संसारीजन को करना पड़ता है, अतएव अर्जुन को दिया गया उपदेश न केवल अर्जुन को, अपितु वह प्रत्येक मनुष्य, चाहे वह ज्ञानी हो अथवा अज्ञानी, सबको समान रूप से दिया गया है, अर्थात् गीता सर्वकल्याणकारी है। इसका संकेत हमें कृष्ण द्वारा दिए गए उपदेश जिसमें भगवान् ने कहा है कि-यह अविनाशी योग मैंने विवस्वान (सूर्य) को दिया। उन्होंने मनु का और और मनु ने इक्ष्वाकु को दिया। इस प्रकार परम्परा से प्राप्त, राजर्षियों द्वारा जाना हुआ वह योग जो अधिक काल के बल से नष्ट हो गया था, उसे मैं आज तुझे बता रहा हूँ, क्योंकि तू मेरा प्रिय भक्त, शिष्य और सखा है[4]।

पुनः भगवान का यह कहना कि मेरे और तेरे अनेक जन्म हो चुके हैं, यद्यपि इसे तू नहीं जानता, जब कि मैं जानता हूँ, कि उन्हें कैसे धर्म की रक्षा के लिए, सज्जनों की रक्षा के लिए एवं दुष्टों के संहार के लिए बार-बार जन्म लेना पड़ता है, जबकि वे अजन्मा, अविनाशी तथा समस्त भूत मात्र के ईश्वर हैं[5] और इतना ही नहीं, अपितु अर्जुन का उन्हें आदि देव, पुराण पुरुष विश्व के परम आधार, सभी कुछ जानने वाले और जानने योग्य, अनन्तरूप इस चराचर जगत् में व्याप्त मानना एक भक्त का भगवान् के प्रति परम विश्वास है। यहाँ स्वयं भगवान् का भक्त को आश्वासन और भक्त का भगवान् में पूरा भरोसा है, जिसकी अनिवार्य परिणति निःसंदेह रूप से भक्ति योग ही है। यामुनाचार्य ने गीतार्थसंग्रह के पहले ही श्लोक में गीता और उसके प्रतिपाद्य का स्वरूप स्पष्ट किया है। गीतार्थसंग्रह पर वेदान्त देशिका ने 'गीतार्थसंग्रह' रक्षा नाम की टीका लिखी है। इसमें देशिक ने यामुन के अभिप्राय को ही और अधिक स्पष्ट किया है।

स्वधर्मज्ञान वैराग्य साध्यभक्त्येक गोचरः।
नारायणः परब्रह्म गीताशास्त्रे समीरितः।। 1।।[7]

अर्थात् 'गीता' का परमतत्तव शंकर अद्वय, अनिर्वचनीय निर्विशेष पर ब्रह्म नहीं है, वरन् वह परमतत्व भगवान नारायण है। नारायण और श्रीकृष्ण अभिन्न हैं। उनकी प्राप्ति कर्मयोग या ज्ञानयोग से नहीं, अपितु एक मात्र भक्ति द्वारा हो सकती है। इसी श्लोक में यह भी कहा गया है कि गीता भक्तियोग का शास्त्र है। देशिक ने अपनी रक्षा में इसे और अधिक स्पष्ट करने का प्रयास किया है।

"स्वधर्माः-स्ववर्णाश्रमनियत शास्त्रार्थाः, स्वे स्वे कर्मण्यभिरत संसिद्धि लभते नरः।(गीता 18.45)"[8] अर्थात् शास्त्रों द्वारा नियत वर्ण और आश्रम धर्म के अनुरूप कर्त्तव्य करने वाला ही मोक्ष प्राप्त करता है। इसके समर्थन में उन्होंने गीता शास्त्र का उद्धरण भी दिया है। पुनः वैराग्य की व्याख्या करते हुए कहा है कि-"वैराग्यं-

परमात्मव्यतिरिक्तेषु सर्वेषु विरक्तिः, परमात्मनि यो रक्तो विरक्तोऽपरमात्मनि। (वर्ह०स्मृति) इति मुमुक्षो प्रतिपादनात्। तथा च दृष्यनुश्रविकविषयवितृष्णस्य वशीकार संज्ञा वैराग्यम् (1:15) इति।[9] अर्थात् परमात्मा से व्यतिरिक्त जो भी है, उन सबमें विरक्ति वैराग्य है। देशिक बृह०स्मृति से उद्धरण देते हुए कहते हैं कि परमात्मा में जो अनुरक्त है, वह परमात्मा से भिन्न सभी में विरक्त होता है। इस प्रकार अन्वय व व्यतिरेक रूप से वैराग्य को मोक्ष के लिए आवश्यक बताया है और इसके समर्थन में पातंजल योग को भी उद्धृत किया है। ऐसा वैराग्य परमात्मा में पूर्ण समर्पण के बिना हो ही नहीं सकता है। पुनः देशिक ने भक्तियोग को और अधिक स्थापित करते हुए कहा है "एतदुक्तं भक्त्येकगोचरः भक्तरेवंगोचरः न्यान्यस्येत्यर्थः। एतेनर कर्मसमुच्चय वाक्यार्थज्ञानादिपक्षा प्रतिक्षिप्ताः"[10] अर्थात् नारायण या श्री कृष्ण की प्राप्ति का एक मात्र उपाय भक्ति ही है, ऐसा कहकर यामुन के अभिप्रेत अर्थ को और अधिक सुस्पष्ट कर दिया है। इसी प्रकार परब्रह्म के रूप में अभिप्रेत नारायण (पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण) रूप आर्थ को स्पष्ट करते हुए देशिक ने "अज्ञान संशयविपर्यय प्रतिक्षेपेण परमाप्राप्यत्वप्रापकात्व, सर्वकारणत्व, सर्वरक्षकत्व सर्वसंहर्तत्व-सर्वाधिककत्व, सर्वधारत्व-सर्वनियन्तृत्व-सर्वशेषित्व, सर्ववेद-वेद्यत्व-सर्वहे-यरहितत्व-सर्वपापमोचकत्व-सर्वमाश्रयणीयत्वादिभिः स्वभावैः समस्तवस्त्वर-विलक्षणतया पुरूषोतत्त्मत्वेन प्रतिपादित इत्यर्थः"[11] अर्थात् अज्ञान संशय विपर्यय आदि से मुक्त परम प्राप्तव्य पुरुषोत्तम जो सभी के कर्ता, धर्ता एवं संहर्ता है, जो सर्वाधिक सर्वाधार, सर्वनियन्ता सर्वाशेष, सभी प्रकार से जानने योग्य सभी पापों को हरने वाले सबसे विलक्षण आदि प्रयुक्त विविध विशेषणों के द्वारा भगवान नारायण को पुरुषोत्तम के रूप में प्रतिष्ठापित किया है।

यामुनमुनि गीता का तात्पर्य कर्म ज्ञान से साध्य भक्तियोग मानते हैं। इसे वे सभी प्रकार के समुच्चय से भिन्न करते हैं, अतः एक मात्र भक्तियोग ही उनके मत से गीता का तात्पर्य सिद्ध होता है। पुनश्च, यामुन मुनि ने अपने गीतार्थ संग्रह के एक-एक श्लोक द्वारा गीता के प्रत्येक अध्याय के तात्पर्य को प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट किया है कि कर्म योग से ज्ञानयोग और ज्ञानयोग से भक्तियोग सिद्ध होता है। फलतः कर्मज्ञानानुग्रहीत भक्ति से ईश्वर के प्रति सर्वसमर्पण भाव स्फुट और दढ़ होता है। यामुनाचार्य ने स्पष्टतः कर्म योग और ज्ञानयोग से अनुग्रहीत "ज्ञान कर्मात्मिकेनिष्ठे योगलक्ष्ये सुसंस्कृते।"[12] भक्ति योग को गीता का प्रतिपाद्य माना है। यामुनाचार्य के अनुसार कर्मयोग है "कर्मयोगस्तपस्तीर्थदान यज्ञादिसेवनम"[13]। अर्थात् तपस्या तीर्थ, दान, यज्ञ आदि का फलोदयपूर्वक परिग्रह ही कर्मयोग है, पुनश्च उनके अनुसार ज्ञान योग है "ज्ञानयोगो जितस्वान्तौः परिशुद्धत्मनि स्थितिः"[14] अर्थात् निरंतर चिंतनरूप से

शुद्ध अन्त: करण वाले साधक की परिशुद्धि परमात्मा में चिंतानरूप स्थिति ज्ञान योग है और भक्ति योग है "परौकान्ताप्रत्याध्यानदिषु स्थिति:"[15] अर्थात् परब्रह्म या नारायण भगवान में एकान्तिक प्रीति के द्वारा उनके चरणकमलों में सर्वस्व समर्पण भावसे ध्यान, अर्चन आदि भक्तियोग है। इन तीनों योगों के बीच परस्पर कोई विरोध नहीं है। इनके बीच बाध्य बाधक भाव का अभाव है। तीनों योगो के बीच सामंजस्य है। जहाँ कर्मयोग ज्ञान का सहकारी है, वहीं कर्मयोग में ज्ञान और भक्ति का अनुवर्तन होता है। पुन: कर्म और ज्ञान भक्ति के सहकारी हैं, अत: इन तीनों योगों में परस्पर अविरोध है। बाद के विशिष्यद्वैतियों ने शरणागति अवस्था के लिए प्रपत्ति और न्यास जैसे शब्दों का प्रयोग किया है, जिसके बीज यामुनाचार्य के गीतार्थ संग्रह में विद्यमान हैं। "स्वयाथात्म्यं प्रकृत्याऽस्य तिरोधिश्शरणागति:[16]" अर्थात् अपने याथात्म्यस्वरूप परमात्मा में स्वाभाविक रूप से जीव का तिरोभाव शरणगति है। जब जीव अपने अहंभाव को छोड़कर स्वभाविक रूप से प्रियतम परमात्मा में अपने को तिरोहित कर देता है, तो वही शरणागति है। पूर्ण शरणागति ही प्रपत्ति है। यद्यपि प्रपत्ति का उल्लेख गीतार्थ संग्रह में नहीं मिलता है। प्रपत्ति शरणागति ही है, क्योंकि प्रपन्न कभी मुक्ति की चिन्ता नहीं करता, किसी विशेष प्रकार की मुक्ति प्राप्त होने पर भी उसकी उसमें रुचि नहीं होती। किसी भी प्रकार की कामना अथवा विशिष्ट स्थिति की चाह अहंकार है, जिससे प्रपत्ति अथवा शरणागति में बाधा पड़ती है। अहंकार के सूक्ष्मातिसूक्ष्म संस्कारों के पूर्ण परित्याग द्वारा ही प्रपत्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

अत: निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि गीता का तात्पर्य कर्म और ज्ञान से साध्य भक्तियोग है। कर्म, ज्ञान और भक्ति में परस्पर कोई विरोध नहीं है। ईश्वर प्राप्ति के लिए कर्मयोग प्रारंभिक कारण हैं, ज्ञान बीच की अवस्था है और भक्ति चरम अवस्था है। कर्मयोग शास्त्रसम्मत कर्म का अनुष्ठान रूप होने से जहां एक ओर सर्वसाधारण के लिए जीवन व्यापार की मौलिक आवश्यकता है, वहीं उस ममुक्षु के लिए जिसकी चित्तभूमि भक्ति रूप उच्चतम ज्ञान की प्राप्ति में समर्थ नहीं है, वह ज्ञान प्राप्ति का सोपान है। कर्म साक्षात् नहीं, अपितु ज्ञान द्वारा भक्ति का प्राप्त कराता है। केवल शुष्क ज्ञान भी ईश्वर की प्राप्ति में समर्थ नहीं हो सकता है, इसलिए ईश्वरार्पण भक्ति में पर्यवसित कर्मशोधित ज्ञान ही मोक्ष का साधन है। अस्तु, भक्ति को ही गीता का मुख्य प्रतिपाद्य कहा जा सकता है।

उद्धरण

1. अद्वैत ग्रंथकोष, कांचीपुरी मद्रास 1958 में प्रकाशित।

2. तत्त्वोपदेश, 86
3. गीता. 2.31, 38, 47, 56,57, 3.19, 22
4. वही. 4.1-3
5. वही, 4.4.-8
6. वही, 11. 38-41
7. गीतार्थसंग्रह. 1
8. गीतार्थ संग्रहरक्षा. पृ.1
9. वही. पृ० 1
10. गीतार्थसंग्रह-2
11. गीतार्थसंग्रहरक्षा.पृ०3
12. गीतार्थसंग्रह.2
13. गीतार्थसंग्रह.23
14. वही
15. गीतार्थसंग्रह.24
16. वही.11

संदर्भग्रंथ सूची

1. श्रीमद्भगवद्गीतारहस्य, बालगंगाधर तिलक, अनु०-माधवराव जी सप्रे, लो० तिलक मंदिर, पूना।
2. श्रीमद्भगवद्गीताय थारम्प, श्रीमद् ए०सी० भक्तिवेदांतेस्वामी प्रभुपाद, भक्ति वेदांत बुक ट्रस्ट, मुंबई।
3. अद्वैत और विशिष्यद्वैत वेदांत दीनानाथ सिंह, नार्दर्न बुक सेंटर, नई दिल्ली।
4. पातंजल योग दर्शन, श्रीमत् स्वामी हरिहरानंद-आरण्य, मोतीलाल बनारसदास, वाराणसी
5. स्टडीज इन रामानुजवेदांत, दिल्ली 1957
6. ए हिस्ट्री आफ इण्डियन फिलासफी, सुरेन्द्रनाथ दासगुप्त, गुप्त-भाग 3 कैम्ब्रिज, 1940
7. गांधी साहित्य-गीतामाता, महात्मागांधी, सस्ता साहित्य मंडल, नई दिल्ली।
8. श्रीमद्वेदांत देशिक ग्रंथमाला-(व्याख्यान विभाग द्वितीय संपुट) श्रीमद्गीतार्थ संग्रहरक्षा।
9. संस्कृत-वाङ्मय का बृहद् इतिहास दशम खण्ड, वेदांत, संपा० संगमलाल पाण्डेय उत्तरप्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ।
10. सिद्धित्रय, यामुनमुनि

17

गीता का समत्व योग

भारतीय संस्कृति में समत्व की साधना ही सम्पूर्ण मानव जीवन के आचार दर्शन का सार है। आचारगत सब विधि निषेध और प्रयास इसी के लिये है। जहां जीवन है, चेतना है, वहाँ-वहाँ समत्व बनाए रखने के प्रयास दृष्टि गोचर होते हैं। स्वस्वरूप का अज्ञान ही उसे समत्व के केन्द्र से च्युत करके वाह्य पदार्थों में आसक्त बना देता है। व्यक्ति शरीर परिवार तथा संसार के अन्य पदार्थों के प्रति ममत्वभाव रखता है। इसी रागात्मक सम्बन्ध के कारण वह बन्धन या दुःख को प्राप्त करता है 'पर' में आत्म बुद्धि से व्यक्ति में अंसख्य वासनाओं एवं कामनाओं के उद्वेगों का जन्म होता है। मनुष्य इन कामनाओं के वशीभूत होकर इनकी तृप्ति की पूर्ति के लिए सदैव आकुल बना रहता है, यही उसके दुःख का मूल कारण है। नैतिक साधना का कार्य इसी संघर्ष को समाप्त कर समतापूर्ण दृष्टि का अभ्युदय करना है, जिससे वह अपनी ऊर्जाओं को जोड़कर आत्मशक्ति को प्रकट कर सके। आत्मा की समत्व के केन्द्र से च्युति ही उसे 'स्व' और 'पर' के दो भागों में बांट देती है। नैतिक चिन्तन में हम इसे क्रमशः चिन्तन में हम इसे क्रमशः राग और द्वेष कहते हैं।

भारतीय चिन्तन में राग द्वेष से ऊपर उठना सम्यक जीवन की अनिवार्य शर्त मानी गई है। गीता का नैतिक आदर्श इस द्वन्द्वातीत साम्यावस्था की उपलब्धि है। गीता के अनुसार इच्छा राग, द्वेष से उत्पन्न द्वन्द्व ही अज्ञान है, मोह है, जो द्वन्द्व से ऊपर उठ जाता है, वही परम पद मोक्ष को प्राप्त हो जाता है।

जैन तथा बौद्ध दर्शनों में भी 'समत्व योग' को स्वीकार किया है। जैन दर्शन के नैतिक एवं आध्यात्मिक साधना के मार्ग को 'समत्व-योग' कह सकते हैं। इसे जैन पारिभाषिक शब्दावली में 'सामयिक' कहा जाता है। बौद्ध आचार दर्शन में साधना का जो अष्टंगिक मार्ग है, उसमें प्रत्येक साधना पक्ष का सम होना अनिवार्य है बुद्धि, दृष्टि और आचरण के साथ लगा हुआ 'सम' प्रत्यय बौद्ध दर्शन में 'समत्वयोग' का प्रतीक है, जो बुद्धि, दृष्टि और आचरण को सम बनाने का निर्देश देता है। गीता

के आचार दर्शन का मूल स्वर समत्वयोग की साधना है। गीता को योगशास्त्र कहा गया है। योग शब्द 'युजिर योगे', 'युज समाधौ' तथा युज संयमने आदि अनेक धातुओं से बना है, जिसका अर्थ है, जोड़ना, एकाग्रता (समाधि) तथा संयमन करना। डॉ० राधाकृष्णन् के शब्दों में योग का अर्थ है-अपनी आध्यात्मिक शक्तियों को एक स्थल पर संचित करना, सन्तुलित करना और बढ़ाना है पांतज्जल के अनुसार 'योग' वह अवस्था है, जिसमें मन की स्थिरता होती है। 'गीता' में योग शब्द का प्रयोग कही ज्ञान, कहीं भक्ति और कर्म और कहीं ध्यान अर्थ में किया गया है, अतः यह सामान्य वर्ग के लिये निश्चय कर पाना कठिन है कि गीता को योग का कौन सा रूप मान्य है? आचार्य शंकर गीता के योग को ज्ञानयोग तिलक कर्मयोग तथा रामानुजाचार्य निम्बार्क और वल्लाभाचार्य भक्ति योग कहते हैं। गांधी जी उसे अनासाक्तियोग कहकर कर्म और भक्ति का समन्वय करते हैं, तो राधाकृष्णन् उसमें प्रतिपादित ज्ञान, भक्ति और कर्मयोग को एक दूसरे का पूरक मानते हैं। समस्त गीता शास्त्र में योग की दो व्याख्याएं मिलती हैं।

1. समत्व योग उच्यते (2/48)।
2. योगः कर्मसु कौशलम् (2/50)।

गीता एक योगशास्त्र है। वह आदर्श और यथार्थ में सन्तुलन लाती है। हमारे भीतर यह असन्तुलन दो स्तरों पर है। एक चेतना के शुभ और अशुभ पक्ष में। दूसरे हमारे बहिर्मुखी स्व और वाह्य वातावरण के मध्य। गीता योग की इन दो व्याख्याओं द्वारा इन दोनो संघर्षों में विजयश्री प्राप्त करने का सन्देश देती है। संघर्ष के उस रूप को जो हमारी चेतना के शुभ और अशुभ पक्ष में आत्मा के मध्य चल रहा है। उसकी पूर्णतः समाप्ति के लिये मानसिक समत्व की आवश्यकता है। यही समत्व योग है। इस स्तर पर कर्म की कोई आवश्यकता नहीं है। यहां योग का लक्ष्य हमारे अपने ही अन्दर है।

युज्यते एतदिति योगः, युज्यते अनेन इति योगः, युज्यते तस्मिन, इतियोगः लिखकर 'पातञ्जल योग' ये योग को धर्म प्रकार से परिभाषित किया है। किन्तु आत्मिक संघर्ष की सामप्ति के लिये व्यक्ति जो वाह्य प्रयत्न करता है, वहां कर्मयोग की आवश्यकता होती है। यहाँ योग की व्याख्या होगी 'योग' कर्मसु कौशलम्। यही गीता का कर्मयोग है। तिलक ने में योग शब्द का अर्थ, युक्ति उपाय, और साधन किया है, अतः गीता में योग शब्द का अर्थ साधन और साध्य उभय पक्ष में प्रयुक्त हुआ है। एक ही कर्म करने के अनेक साधन और उपाय हो सकते हैं, परन्तु उसमें जो सर्वोतम उपाय है उसे योग कहते हैं। गीता में योग की दूसरी व्याख्या 'समत्वं योग

उच्यते' यहां योग साधन नहीं, साध्य है। इस प्रकार गीता योग की दो व्याख्या प्रस्तुत करती है, साधन योग तथा साध्य योग।

ज्ञान कर्म, भक्ति और ध्यान सभी समत्व के लिये होते हैं, लेकिन गीता यह बताती है कि बिना समत्व के ज्ञान यथार्थज्ञान नहीं बनता, जो समत्वदृष्टि रखता है, वही ज्ञानी है। इसी प्रकार कर्म और भक्ति क्षेत्र में भी समझना चाहिये। 'समत्व' वह सार है, जिसकी उपस्थिति में ही ज्ञान कर्म और भक्ति का कोई मूल्य या अर्थ है। वस्तुतः ज्ञान, कर्म और भक्ति जब तक समत्व से युक्त नहीं होते, तब तक ज्ञान मात्र ज्ञान रहता है, वह ज्ञान योग योग नहीं बनता, कर्म मात्र कर्म रहता है, कर्म योग नहीं बनता, भक्ति मात्र भक्ति रहती है, भक्ति योग नहीं होता। समत्व ही वह शक्ति है, जिसमें ज्ञान, ज्ञानयोग के रूप में, कर्म, कर्मयोग के रूप में और भक्ति भक्तियोग के रूप में बदल जाता है।

इस प्रकार गीता का यथार्थयोग 'समत्वयोग' है, 'गीता के छठे अध्याय में श्रीकृष्ण कहते हैं कि हे अर्जुन! तपस्वी, ज्ञानी और कर्मकाण्डी सभी से योगी अधिक श्रेष्ठ है, अतः तू योगी हो जा। यह और अधिक स्पष्ट हो जाता है कि गीता सार का उद्देश्य ज्ञान, कर्म भक्ति अथवा तप की साधना का उपदेश मात्र नहीं, अन्यथा अर्जुन को ज्ञानी, तपस्वी, कर्मयोगी बनने का उपदेश दिया जाता, न कि योगी बनने का। गीता में अनेक स्थलों पर समत्व की शिक्षा दी गयी है। इस प्रकार समत्वयोग का तात्पर्य चेतना का संघर्ष या द्वन्द से ऊपर उठ जाना है, वह निराकुल निर्द्वन्द्व दशा का सूचक है।

सन्दर्भ

1. गीता 15/5
2. गीता 7/27, 28
3. योगसूत्र 1/2
4. गीता (शाकरभाष्य)2/11
5. भगवद्गीता (रामा०)पृ० 55
6. गीता रहस्य-पृ० 60
7. गीता 5/18, 6/46, 2/48, 4/23, 6/48, 6/7, 6/32, 2/49, 2/53, 12/4, 12/7

18

'कर्म, ज्ञान और भक्ति ही गीता का सार है गीतार्थसंग्रहः'

विक्रमीय सम्वत् 1010 में जन्में वैष्णव आचार्य आलबन्दार यामुन मुनि ने श्रीमद्भगवद्गीता पर 'गीतार्थ संग्रह' नाम से एक अति लघु कारिकाग्रन्थ लिखा, जिसमें मात्र 32 कारिकाएं हैं। इन 32 कारिकाओं में यामुनाचार्य ने गीता का सार प्रस्तुत किया है। आचार्य वेदान्तदेशिक ने इन 32 कारिकाओं पर एक टीका की रचना की है, जिसका नाम है-गीतार्थ संग्रह रक्षा।

श्री यामुनाचार्य विशिष्यद्वैत मत के प्रतिष्ठापक आचार्य थे। गीतार्थ संग्रह के अनुसार गीता कर्मयोग, ज्ञानयोग एवं भक्तियोग का समन्वयक ग्रन्थ है। ये तीनों ही प्रकार के योग विशिष्यद्वैतवाद को पुष्ट करते हैं। विशिष्यद्वैतवाद के अनुसार यामुनाचार्य ने भगवान् वासुदेव को पुरुषोत्तम स्वीकार किया। जीव अंश है और ईश्वर अंशी है। जीव अपने समस्त कर्मों के लिये ईश्वर पर आश्रित रहता है। जीव और ईश्वर यद्यपि नित्य पृथक् तत्त्व हैं, फिर भी ईश्वर के बिना जीव अकिंचित्कर हैं

यामुनाचार्य ने बताया कि यह दृश्यमान निखिल जगत् ब्रह्म का परिणाम है। ब्रह्म ही जगत् के रूप में परिणत हो गया है। जगत् और जीव दोनों ब्रह्म के शरीर हैं। आत्मा और शरीर दोनों अभिन्न हैं, इसलिये आत्मा को गीता में देही कहा गया है। ईश्वर सविशेष, सगुण, कल्याणगुणनिधि, सर्वनियन्ता, सर्वान्तर्यामी और सर्वव्यापक है। जीव उसका दास है। कर्म, ज्ञान और भक्ति जीव का स्वधर्म है।

गीतार्थ संग्रह में यामुनाचार्य ने कर्मयोग, ज्ञानयोग तथा भक्ति योग का संक्षिप्त विवेचन प्रस्तुत किया है। कर्म, ज्ञान और भक्ति के साथ जो योग जुड़ा हुआ है उसका अर्थ है आसक्ति और फलाकांक्षा को छोड़कर कर्म, ज्ञान और भक्ति का अर्जन करना। योग के बिना ये तीनों कर्म, ज्ञान और भक्ति साधारण पुरुषों के धर्म बन जाते हैं।

कर्मयोग

कर्मयोग की व्याख्या यामुनाचार्य करते हैं-

कर्मयोस्तपस्तीर्थदानयज्ञादि सेवनम्।

-गीतार्थसंग्रहः, कारिका 23

अर्थात् तप, तीर्थ, दान, यज्ञ आदि का सेवन करना ही कर्मयोग है। द्वन्द्वों को सहन करने का नाम तप है। शारीरिक, वाचिक और मानस के भेद से तप तीन प्रकार का है। सात्त्विक, राजस और तामस के भेद से यह तप पुनः तीन प्रकार का हो जाता है। परम पद की प्राप्ति के लिये केवल सात्त्विक तप ही अनुष्ठेय है। राजस् और तामस तप योगियों के लिये वर्जनीय है।

गुरु, माता, पिता, ऋषि और सिद्ध पुरुषों की सेवा करना ही तीव्र सेवन कहा जाता है। अन्न-वस्त्र और विद्या दूसरों को प्रदान करना दान है। सात्त्विक, राजस और तामस् के भेद से यह भी तीन प्रकार का हो जाता है। स्वार्थपरित्याग पूर्वक कर्मानुष्ठान यज्ञ कहलाता है। यह यज्ञ द्रव्ययज्ञ, ज्ञानयज्ञ, तपयज्ञ आदि के भेद से अनेक प्रकार का हो जाता है। इस प्रकार तप तीर्थ दान यज्ञदि का सेवन कर्मयोग कहलाता है। सेवन का अर्थ वेदान्तदेशिक करते हैं-

आफलोदयं सादरं निरन्तरपरिग्रहोऽत्र सेवनम्।

-गीतार्थसंग्रहः रक्षा 23

अर्थात् जब तक परमपुरूषर्थरूप फल की प्राप्ति न हो जाए, तब तक आदर पूर्वक निरन्तर इनका पालन करना ही सेवन है।

ज्ञानयोग

ज्ञानयोग की परिभाषा यामुनाचार्य ने इस प्रकार की है-

ज्ञानयोगो जितस्वान्तैः परिशुद्धात्मनि स्थितिः।

-गीतार्थसंग्रह, कारिका 23

जब साधक अपने अन्तःकरण पर विजय प्राप्त करके विशुद्ध आत्मस्वरूप में स्थित हो जाता है, तो यह अवस्था ज्ञानयोग कहलाती है। अन्तःकरण पर विजय तभी प्राप्त हो सकती है, जब लौकिक और दिव्यं सभी विषयों की नश्वरता को जानकर उनसे नितान्त वैराग्य प्राप्त कर लिया जाए। सांसारिक और दिव्य विषयों में एक सम्मोहन होता है। यह सम्मोहन अज्ञानी पुरुषों को ही अपनी ओर आकृष्ट करता है। तत्त्वज्ञानी इनके रहस्य को जानता है। इनको घातक कुटिल गति को पहचानता है। इसलिये इनके जाल में नहीं फँसता। स्मृति में कहा गया है-

न केचन जगद्भावास्तत्त्वज्ञं रंजयन्त्यमी।
नागरं नागरीकान्तं कुग्रामललना यथा।।

अर्थात् संसार के भोग्य पदार्थ तत्त्वज्ञानी का रंजन नहीं करते जिस प्रकार नागरी अंगनाओं का रसिक पुरुष ग्राम की ललनाओं में आसक्त नहीं होता।

इस प्रकार तत्त्वज्ञान प्राप्त करके साधक चित्त की वृत्तियों का निरोध करके उस पर विजय प्राप्त कर लेता है और चैतन्यरूप परिशुद्ध आत्मा में अवस्थित हो जाता है। यही ज्ञानयोग कहलाता है।

भक्तियोग

भक्तियोग का स्वरूप है–

भक्तियोगः परैकान्तप्रीत्या ध्यानादिषु स्थितिः।

–गीतार्थसंग्रहः 24

अर्थात् परब्रह्म में प्रगाढ़ प्रीति के साथ ध्यान में स्थित होना ही भक्तियोग कहलाता है। इसकी व्याख्या वेदान्तदेशिक करते हैं–

स्नेहपूर्वमनुध्यानं भक्तिरित्यभिधीयते।

अर्थात् स्नेहपूर्वक परब्रह्म का ध्यान ही भक्ति है।

शंका

यहीं पर शंका की जाती है कि अपने आराध्य के प्रति प्रीति तो कर्मयोग में भी होती है, ज्ञानयोग में भी अन्तः करण की शुद्धि के लिये नियत कर्म का अनुष्ठान बताया गया है। उसमें भी ईश्वर भक्ति का अनुप्रवेश है। भक्तियोग में भी उसकी अनुवृत्ति हो रही है। फिर इन तीनों में विभाजक रेखा क्या होगी?

समाधान

इसका उत्तर वेदान्तदेशिक देते हैं कि तीनों में अन्तर तो एकदम स्पष्ट है। कर्मयोग में क्रिया की प्रधानता है, ज्ञानयोग में अन्तःकरण की विजय की विशेषता है तथा भक्तियोग में ध्यान की प्रधानता है। हाँ, क्षीरशर्करा न्याय के अनुसार गुण के माध्यम से एक में दूसरे का अनुप्रवेश हो सकता है। यह अनुप्रवेश विभाजन का अवरोधक नहीं है अर्थात् जैसे क्षीर में शर्करा मिला देने पर भी दोनों मिलकर एक नहीं हो जाते। क्षीर तब भी क्षीर ही रहती है और शर्करा भी शर्करा ही रहती है। इसी प्रकार कर्मयोग, ज्ञानयोग और भाक्तियोग में प्रीति का मिश्रण होने पर भी तीनों की पृथक्ता बनी रहती है।

इस प्रकार कर्म, ज्ञान और भक्ति जब आत्मालोचन का साधन होकर योग बन जाते हैं, तब ये परम पुरुषार्थ के साधक बन जाते हैं-

नित्यनैमित्तिकानां च पराराधनरूपिणाम्।
आत्मदृष्टेस्त्रयोऽप्येते योगद्वारेण साधकाः।।

-गीतार्थसंग्रहः 25

उक्त तीनों योगों में कर्मयोगों और ज्ञानयोग परस्पर आत्मसाक्षात्कार के हेतु हैं। केवल परा भक्ति ही परमपद की प्राप्ति का साक्षात् साधन है। यही बात गीता में कही गई है-

समः सर्वेषु भूतेषु मद्भक्तिं लभते पराम्।।
भक्तया मामभिजानाति यावान्यश्चास्मि तत्त्वतः।
ततो मां तत्त्वतो ज्ञात्वां विशते तदनन्तरम्।।

-गीता 18/54-55

यही बात यामुनाचार्य कह रहे हैं-

प्रतिलभ्य परां भक्तिं तयैवाप्नोति तत्पदम्।

-गीतार्थ संग्रह 26

अर्थात् पराभक्ति को प्राप्त करके ही साधक कैवल्य पद को प्राप्त कर सकता है। पराभक्ति कैवल्य का ही साधन नहीं है, अपितु समग्र ऐश्वर्य की प्राप्ति भी इससे हो सकती है। काम और मोक्ष दोनों की प्राप्ति का साधन भक्तियोग है। ऐश्वर्यार्थी ऐश्वर्य प्राप्त करता है और आत्मार्थी कैवल्य प्राप्त करता है-

भक्तियोगस्तदर्थी चेत् समग्रैश्वर्यसाधकः।
आत्मार्थी चेत् त्रयोऽप्येते तत्कैवल्यस्य साधकाः।।

-गीतार्थसंग्रह 27

19

श्रीमद्भगवद्गीता की आज के जीवन में उपयोगिता

'सर्वशास्त्रमयी' व 'उपनिषत्-सार-सर्वस्व' गीता भारतीय मनीषा का सर्वाधिक अनमोल रत्न है। आध्यात्मिक उन्नयन हेतु इसकी महिमा असंदिग्ध है। स्वयं वेदव्यास 'महाभारत' में इसकी उन्मुक्त कण्ठ से प्रशंसा करते हुए कह उठते हैं-

'गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यैः शास्त्रविस्तरैः।
या स्वयं पद्मनाभस्य मुखपद्माद्विनिः सृता।'

गीता जीवन जीने की एक कला है। आज के आपाधापी, उलझन व तनाव भरे जीवन में मनुष्य मात्र को एक स्वस्थ सोच, सम्यक् दृष्टि और आशावादी संदेश प्रदत्त करती हुई आदि गुरु शंकराचार्य जी के 'भगवद्गीता किञ्चित् धीता' के उद्घोष को अक्षरशः चरितार्थ करती है।

मृत्यु प्रत्येक जीवन का अनिवार्य सत्य है और जीवन की राह अत्यन्त जटिल। 'मृत्यु' के सच को बिना किसी घबराहट, अवसाद और निराशा के स्वीकार करते हुए जटिल जीवन को सरलता, निर्लिप्तता, कर्मठता, सजगता, जिजीविषा व समस्त उत्तरदायित्वों को धैर्यपूर्वक वहन करते हुए किस सपर्पण व सादगी के साथ जीना है-यह कला सिखाती है गीता। गीता हमें सिखाती है-तन से, मन से, स्वस्थ, सबल व सन्तुलित होकर जीने का तरीका। क्या यह आज के मानव की सबसे बड़ी आवश्यकता नहीं है?

गीता भक्ति, ज्ञान कर्म का अद्भुत समन्वय है। मनुष्य सद् व विवेकपूर्ण चिन्तन के द्वारा उत्कृष्ट कर्म करता हुआ समाज के लिए कितना उपयोगी हो सकता है-इसके सूत्र हमें 'गीता' में सहजता से मिल जाते हैं।

सर्वप्रथम मैं 'स्वस्थ शरीर' पर विचार करूँगी क्योंकि 'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्'। स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ मन का आधार है और स्वस्थ व्यक्ति ही सकारात्मक ऊर्जा के माध्यम से सशक्त समाज का निर्माण कर सकता है। गीता में

'शरीर संशुद्धि' के सर्वप्रमुख कारण 'आहार-नियमन' पर सूक्ष्मता से विचार हुआ है। आहार का मन पर प्रभाव असंदिग्ध है। अशुद्ध आहार 'मन' की शान्त तरंगों में विक्षोभ उत्पन्न करता है। गीता के 17 वें अध्याय में कतिपय अंश इसके प्रमाण स्वरूप उद्धृत किये जा सकते हैं-

आयुः सत्त्वबलारोग्यसुख प्रीति विवर्धनाः।
रस्याः स्निग्धाः स्थिरा हृद्या आहाराः सात्त्विकप्रियाः।
कट्वम्ललवणात्युष्ण तीक्ष्णरुक्ष विदाहिनः।
आहारा राजसस्येष्टा दुःखशोका भय प्रदाः।।
यातयामं गतरसं पूति पर्युषितं च यत्।
उच्छिष्टमपि चामेध्यं भोजनं तामसप्रियम्।[1]

(आयु, बुद्धि, बल, आरोग्य, सुख, प्रीति बढ़ाने वाले, रसयुक्त, चिकने, स्थिर रहने वाले, मन को प्रिय लगने वाले भोज्य पदार्थ सात्विक पुरुष को प्रिय होते हैं। कड़ुवे, खट्टे, लवण, युक्त, अति गर्म, तीक्ष्ण, रुखे, दाहकारक, भोज्य पदार्थ राजस पुरुष को प्रिय होते हैं, जो दुःख चिन्ता और रोगों को उत्पन्न करने वाले हैं। अधपका, रसरहित, दुर्गन्ध, युक्त बासी उच्छिष्ठ, अपवित्र, भोजन तामस पुरुष को प्रिय होते हैं।)

स्पष्टतः 'सात्त्विक पुरुष' को प्रिय लगने वाले भोजन में उन सभी भोज्य पदार्थों की गणना की गई है, जो मनुष्य को दीर्घायु, बुद्धि, आरोग्य व उत्साह प्रदान करते हैं, जिन्हें रसयुक्त, चिकने (दुग्ध-घृतादि) भोजन की संज्ञा से अभिहित किया गया है। यहां इसका भी स्पष्ट उल्लेख है कि राजसी आहार में कड़ुवे तीखे, चटपटे भोज्य-पदार्थ आते हैं जो नाना प्रकार के रोगों, दुखों व भय को आमन्त्रण देने वाले हैं। 'तामसिक आहार' के अन्तर्गत उन सभी त्याज्य भोज्य पदार्थों का वर्णन है, जो निश्चित रूप से शरीर-हानि करने वाले हैं। सड़ा-गला, बासी, दुर्गन्धयुक्त, अपवित्र (संदूषित) भोजन कदापि ग्रहण करने योग्य नहीं है।

ये विविध प्रकार के भोजन 'जैसा खाए अन्न, वैसा बने मन' की उक्ति को चरितार्थ करते हुए भिन्न-भिन्न परिणामों को जंन्म देने वाले हैं। 'सात्विक आहार' सतोगुण को बढ़ाता है और सतोगुण मन को निर्मल, ज्ञानी और सुखी बनाता है।[2] 'राजसी आहार' रजोगुण की अभिवृद्धि करता है, जो मन को चंचल बनाता हुआ नाना प्रकार की कामनाएं उत्पन्न करता हुआ उनकी प्रतिपूर्ति में मनुष्य को संलग्न करता है[3]। 'तामसिक आहार' 'तमोगुण' को बढ़ाता है और वह मनुष्य को अज्ञानी, आलसी, प्रमादी व निद्रालु ही बनाता है।[4] इसमें दो राय नहीं कि एक आलसी,

प्रमादी व्यक्ति समाज के लिए अनुपयुक्त तो है ही–संघर्ष, हिंसा, कलहकारी परिस्थितयों को जन्म देने वाला भी है।

स्वस्थ शरीर के सूत्र पकड़ा देने के पश्चात् गीता 'सूक्ष्म शरीर' व 'मन' को शान्त व निर्विकार बनाने के लिए 'प्राणायाम' की शिक्षा भी देती है। 'प्राणायाम' की विधि इस प्रकार वर्णित है–

अपाने जुह्वति प्राणं प्राणेऽपानं तथापरे।

ik.kkikuxrh#n?okik.kk;ke ijk;.kk%[5]

अपान वायु में प्राण वायु का हवन, प्राण वायु में अपान वायु का हवन या प्राण और अपान की गति का निरोध ही प्राणायाम है। आहार के संयमन के साथ प्राणों में प्राण का हवन भी प्राणायाम है।[6]

ध्यान (meditation) एक मनः कायिक, साधना–प्रणाली है, जिसका मानव मन पर अत्यन्त सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। 'ध्यान' कैसे किया जाए–इसकी प्रणाली (technique) को भी गीता बताती है–

सर्वद्वाराणि संयम्य मनो हृदि निरुध्य च।
मूर्ध्न्याधायात्मनः प्राणमास्थितो योगधारणाम्।
ओमत्येकाक्षराधाप्पनः ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन्।
यः प्रयाति त्यजन्देहं स याति परमां गतिम्।[7]

सब इन्द्रियों को संयमित कर मन को हृदय में स्थिर कर, प्राणों को सहस्रार में पहुँचाकर ऊँकार का उच्चारण ही ध्यान की सम्यक् विधि है। प्रणव शब्द का अनवरत उच्चारण व मन का उस शब्द में तादात्म्यीकरण मनुष्य को अद्‌भुत शान्ति व सुख के साम्राज्य में ले जा सकता है। आज यह तो सर्वविदित ही है कि 'ध्यान' से मनुष्य में अद्‌भुत ऊर्जा का संचरण होता है, उसकी क्षमताओं का पुनर्नवीनीकरण होता है और कार्य–क्षमता का वर्धन होता है। गीता उस ध्यान से हमें परिचित कराती है।

गीता हमें मानवता का पावन पाठ भी पढ़ाती है। आज समूचे विश्व में जाति व सम्प्रदायगत वैमनस्य का ज़हर व्याप्त है। सर्वत्र घृणा, अहंकार, नफरत, स्वार्थपरता का ताण्डव है, ऐसे में 'गीता' का यह उद्‌घोष मानव–मन को सचेत कर देता है–

विद्या विनय सम्पन्ने ब्राह्मणे गविहस्तिनि।
शुनि चैव श्वपाकै च पण्डिताः समदर्शिनः।[8]

प्रबोधित, प्रचेतस मानस से सबसे पहली अपेक्षा तो यहाँ की जाती है कि वह विनम्र हो, अहंकारी नहीं। साथ ही वह ब्राह्मण, गाय, हाथी, कुत्ते, चाण्डाल–आशय

यह कि सर्वदा सब प्राणियों में समान भाव रखे। जिसे कबीर 'कीरि कुञ्जर में रह्या समाई' कहकर, तुलसी 'सीय राम मय सब जग जानी, करउँ प्रनाम जोरि जुग पानी,' कहकर व बाद के कवि 'हर देश में तू, हर वेष में तू, तेरे नाम अनेक तू एक ही है' कहकर युग की माँग के अनुकूल साम्प्रदायिक सद्भाव का अलख जगाने का सत्प्रयास कर रहे थे, उस उदात्त भाव का निरूपण 'गीता' में बहुत पहले हो चुका था। वह तो सब प्राणियों में अपने समान भाव रखने का सदुपेदश देती है-

'सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।
ईक्षते योग युक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः।।
यो मां पश्यति सर्वत्र सर्व च मयि पश्यति।
तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति।
सर्वभूतस्थितं यो मां भजत्येकत्व मास्थितः।
सर्वथा वर्तमानोऽपि स योगीमयि वर्तते।।'

(जो योगी सबमें समभाव रखता हुआ अपनी आत्मा को ही सम्पूर्ण प्राणियों की आत्मा में देखता है, जो सम्पूर्ण भूतों में सबके आत्म रूप ईश्वर को देखता है और समस्त प्राणियों को ईश्वर मय देखता है वह मेरे लिए अदृश्य नहीं है।)

एक अच्छा नागरिक कैसे बना जा सकता है? कैसे विश्व बन्धुत्व की परिकल्पना साकार हो सकती है? कैसे मुदिता, प्रेम, करुणा के भाव प्रसारित हो सकते हैं?–एक 'सद्भक्त' के लक्षण बताते हुए 'गीता' इन्हीं प्रश्नों का निराकरण करती प्रतीत हो रही है-

अद्वेष्टा सर्वभूतानां मैत्रः करुण एव च।
निर्ममो निरहंकारः सम दुःख सुःख क्षमी।[10]

अर्थात् मनुष्य को सभी प्राणियों के प्रति मित्रता, करुणा, दया का भाव रखते हुए, क्षमावान्, अहंकार रहित व द्वेषभाव न रखने वाला होना चाहिए। उपर्युक्त सद्भक्त के लक्षण ही वस्तुतः एक अच्छे सामाजिक के लक्षण हैं। इसी प्रकार सोलहवें अध्याय में वर्णित दैवी सम्पदा युक्त गुणों के वर्णन में योग्य, सम्मानीय व सुसंस्कारित नागरिक के ही लक्षण अन्वेषित किए जा सकते हैं[11]। इसमें संदेह नहीं कि यदि समाज के अधिकांश नागरिकों में धीरता, सहनशीलता, मधुरता, दयालुता, कोमलता, सत्यनिष्ठा व अन्तःकरण की सरलता का समावेश हो जाये, उनका जीवन द्वेष भाव से विनिर्मुक्त व सादगी से भरा हो जाए तो 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की कल्पना असंभव सी नहीं लगती।

सन्तोष शान्ति का प्रथम सोपान है। सभी परिस्थितियों में अनुकूलन की क्षमता

व्यक्ति को अशान्त नहीं होने देती। गीता के चौदहवें अध्याय में 'गुणातीत' पुरुष के लक्षणों के ब्याज से इसी अनुकूलन की आधारभूत अपेक्षाओं को संकेतित किया गया है।[12]

गीताकार नाना प्रकार की इच्छाओं व उसकी प्रतिपूर्ति में 'कोल्हू का बैल' ही बन जाने की दयनीय अवस्था का वर्णन करते हुए उससे व्यक्ति को दूर रहने की सलाह भी देते हैं।[13]

शरीर को मनमाने ढंग से कृश करते हुए धर्म का पाखण्ड करने वालों पर भी गीता चोट करती है।[14, 15] धर्म हमें नाना प्रकार की कामनाओं, मिथ्या दम्भ, अहंकार से दूर ले जाता है न कि उसमें लिप्त करता है[16], अतः अहंकार व दर्प बढ़ाने वाली धार्मिक क्रियाओं को 'गीता' में आसुरी क्रिया की संज्ञा दी गई है।[17]

प्रसन्नतापूर्वक जीवन-यापन की संजीवनी का पान करना है, तो गीता का आश्रय ग्रहण कीजिये, जहां कर्त्तव्य-भाव की तो अपेक्षा है, लेकिन फलप्राप्ति की आकांक्षा ही नहीं।[18] जहां प्रत्युपकार की आशा ही नहीं रहेगी, वहीं मनुष्य सुखी, स्वस्थ व प्रसन्न रह सकेगा। अध्याय 17 के दान-प्रसंग में इसी भाव की चर्चा है।

आत्मा के अमरत्व का शंखनाद करती गीता मृत्यु से भयभीत प्राणी को राहत देती है। मृत्यु तो जीवन-नाटक की यावानिका मात्र है, जो दृश्य-परिवर्त्तन के लिए अनिवार्य है-

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय,
नवानि गृह्यणाति नरोऽपराणि
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा
न्यन्यानि संयानि नवानि देही।[19]

मृत्यु तो नूतन उत्साह, नवल स्फूर्ति व नवीन ऊर्जा से ईश्वर-प्रदत्त नाटक को पूरा करने के लिए नये वस्त्रों की व्यवस्था है।

गीता एक सद्गृहस्थ अर्जुन को दिया उपदेश है, जहां मृत्यु की भयावहता से कर्म क्षेत्र से पलायन करने की संस्तुति नहीं है। वहां तो निःसंग भाव से पूर्ण श्रद्धा, पूर्ण मनोयोग, पूर्ण शक्ति से उत्कृष्ट कर्म करने की शिक्षा दी गई है। गीता में सर्वत्र उल्लास है, उत्साह है, कर्त्तव्यनिष्ठा है, जीवन का सुमधुर संगीत है। यह एक योग्य शिक्षक द्वारा योग्य शिष्य को प्रदत्त जीवन जीने की अनूठी शैली है, जो आज भी उतनी ही उपयुक्त व अनुकरणीय है। अन्ततः हम कह सकते हैं-

यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः।
तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम।।[20]

यह विजय उत्कृष्ट जीवन जीने की कला की ही है।

संदर्भ संकेत

1. श्रीमद्भगवद्गीता, (पदच्छेद-अन्वय और साधारण भाषाटीका सहित) अध्याय 17, श्लोक 8-10, गीताप्रेस गोरखपुर, सं० 2011, एकादश संस्करण, पृ० 394-395

2. तत्र सत्त्वं निर्मलत्वात्प्रकाशकमनायम्।
सुखसंगेन बध्नाति ज्ञानसंगेन चानघ। - श्रीमद्भगवदगीता, अध्याय 14, श्लोक 6, पृ० 346

3. रजो रागात्मकं विद्धि तृष्णासंगसमुद्भवम्।
तन्निबध्नाति कौन्तेय कर्मसंगेन देहिनम्। - अध्याय 14, श्लोक 7, पृ० 346

4. तमस्वज्ञानजं विद्धि मोहनं सर्वदेहिनाम्।
प्रमादालस्यनिद्राभिस्तन्निबध्नाति भारत। - अध्याय 14, श्लोक 8, पृ० 347

5. श्रीमद्भगवद्गीता, अध्याय 4, श्लोक 29, पृ० 126

6. अपरे नियताहाराः प्राणान्प्राणेषु जुह्वति। - अध्याय 4, श्लोक 30, पृ० 126

7. अध्याय 8, श्लोक 12, 13, पृ० 207-208

8. श्रीमद्भगवद्गीता, अध्याय 5, श्लोक 18, पृ० 145

9. श्रीमद्भगवद्गीता, अध्याय 6, श्लोक 29-31, पृ०169-171

10. श्रीमद्भगवद्गीता, अध्याय 12, श्लोक 13, पृ० 315

11. अभयं सत्त्वसंशुद्धिर्ज्ञानयोगव्यवस्थितिः।
दानं दमश्च यज्ञश्च स्वाध्यायस्तप आर्जवम्।
अहिंसा सत्यमक्रोधस्त्यागः शन्तिपैशुनम्।
दया भूतेष्वलोलुप्त्वं मार्दवं हीरचापलम्।
तेजः क्षमा घृतिः शौचमद्रोहो नातिमानिता।
भवन्ति संपदं दैवीमभिजातस्य भारत।
श्रीमद्भगवद्गीता, अध्याय 16, श्लोक 1, 2, 3, पृ० 375-377

12. समदुःखसुखः स्वस्थः समलोष्यश्मकाञ्चनः।
तुल्यप्रियाप्रियो धीरस्तुल्यनिन्दात्म संस्तुतिः।
मानापमानयोस्तुल्स्तुल्यो मित्रारिपक्षयोः।
सर्वारम्भ परित्यागी गुणातीतः स उच्यते।
अध्याय 14, श्लोक 24, 25, पृ० 356-357

13. (अ) इदमद्य मयालब्धमिमं प्राप्स्ये मनोरथम्।
इदमस्तीदमपि मे भविष्यति पुनर्धनम्।
अध्याय 16, श्लोक 13, पृ० 383

13. (ब) अनेक चित्र विभ्रान्ता मोहजाल समावृताः।

प्रसक्ता कामभोगेषु पतन्ति नरकेऽशुचौ।।
अध्याय 16, श्लोक 16, पृ० 384

14. मूढग्राहेणात्मनो यत्पीडया क्रियते तपः।
परस्योत्सादनार्थं वा तत्तामसमुदाहृतम्।
अध्याय 17, श्लोक 19, पृ० 400

15. कर्शयन्तः शरीरस्थं भूतग्राम चेतसः।
मां चैवान्त शरीरस्थं तान्विद्धयासुरनिश्यनान्।।
अध्याय 17, श्लोक 6, पृ० 393

16. अशास्त्र विहितं धोरं तप्यन्ते ये तपो जनाः।
दम्भाहंकार संयुक्ता कामरागबलान्विताः।।
अध्याय 17, श्लोक 5, पृ० 392

17. श्रीमद्भगवद्गीता, अध्याय 17, श्लोक 6, पृ० 393

18. कर्मण्यवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्म फलहेतुर्भूर्मा ते संगोस्त्वकर्मणि।
अध्याय 2, श्लोक 47, पृ० 67

19. अध्याय 2, श्लोक 22, पृ०51

20. अध्याय 18, श्लोक 78, पृ० 453

20

गीता में 'कर्म' योग साधना

सृष्टि में प्रत्येक प्राणी कोई न कोई कार्य अवश्य कर रहा है अर्थात् कर्म करना प्राणिमात्र का स्वभाव है, मनुष्यजाति तो कर्म किए बिना रह ही नहीं सकती है, क्योंकि प्रकृति के गुणों से उत्पन्न मनुष्य परवश होकर कर्म करने को बाध्य है, यह कर्म अज्ञानियों के लिए है, ज्ञानियों के लिए नहीं। क्योंकि जो गुणों द्वारा विचलित नहीं किए जा सकते, उन ज्ञानियों में स्वत: क्रिया का अभाव होने से उनके लिए कर्मयोग सम्भव नहीं है।

'कर्म योग' दो शब्दों से मिलकर बना है। कर्म+योग=कर्मयोग। कर्म से इच्छा प्रेरणा और संकल्प आदि का भाव स्पष्ट होता है और योग से इसकी दिशा तय होती है अर्थात् इसकी दिशा परमात्मा से मिलने के लिए होनी चाहिए। विवेकानन्द के अनुसार "कर्म योग नीतिविषयक तथा धर्मशास्त्रीय एक निश्चित व्यवस्था है। इस व्यवस्था में मूलत: दो प्रकार की अनुशंसा है, एक तो कुछ विशेष प्रकार की कर्म की अनुशंसा, जिन कर्मों को शुभ समझा जाता है तथा दूसरी अनुशंसा है "स्वार्थ से ऊपर उठने की।" इस मार्ग की विशेषता यह है कि यह किसी तात्त्विक सिद्धान्त पर बल नहीं देता[1]" भगवान् श्री कृष्ण अर्जुन को गीता में समत्व बुद्धि योग के लिए ही चेष्य करने का आदेश देते हुए कहते हैं-"हे अर्जुन! जो पुरूष मन से इन्द्रियों को वश में करके अनासक्त हुआ कमेंद्रियों से कर्मयोग का आचरण करता है, वह श्रेष्ठ है।"[2]

कर्म का अर्थ- कर्म शब्द संस्कृत के 'कृ' धातु से निकला है। कृ का अर्थ है करना। जो कुछ किया जाता है, वही कर्म है। मनुष्य प्रतिक्षण कर्म करता रहता है हमारा बातचीत करना, देखना, सुनना, सोचना, साँस लेना, चलना आदि भी कर्म के अन्तर्गत आते हैं जो कुछ भी हम करते हैं वह शारीरिक हो अथवा मानसिक सब कर्म ही है। बिना कर्म के मनुष्य एक क्षण के लिए भी जीवित नहीं रह सकता। हम कभी निष्क्रिय नहीं रह सकते हैं। या यों कहा जाय कि-"जो अकर्मण्य होता है, वह जीवित होते हुए भी मृतक के समान है। कर्म से भागने का अर्थ है, जीवन से भागना और अपने आपको मृत्यु के मुख में धकेल देना है।[3]"

वास्तव में बिना अर्थ के मनुष्य का कोई अस्तित्व ही नहीं है-"जो कर्म किए बिना जीता है, वह अपने अस्तित्त्व को खो बैठता है। जो कर्म की अवमानना करता है, वह मानो जीवन देवता का अपमान करता है"[4] विवेकानन्द ने कहा है-"यदि हम शान्त होकर स्वयं का अध्ययन करें तो प्रतीत होगा कि हमारा हँसना, रोना, सुखः दुख, हर्ष-विषाद, हमारी शुभकामनाएँ एवं शाप, स्तुति और निन्दा ये सब हमारे मन के ऊपर बहिर्जगत् के अनेक घात प्रतिघात के फल स्वरूप उत्पन्न हुए है और हमारा वर्तमान चरित इसी का फल है ये सब घात-प्रतिघात मिलकर 'कर्म' कहलाते हैं"[2] "आत्मा की आन्तरिक अग्नि तथा उसकी अपनी शक्ति एवं ज्ञान को बाहर प्रकट करने के लिए जो मानसिक अथवा भौतिक घात उस पर पहुँचाए जाते हैं वे ही कर्म हैं।"[3]

मनुष्य नाना प्रकार के हेतु लेकर कार्य किया करता है, क्यों कि बिना हेतु के कार्य हो ही नहीं सकता। कुछ लोग यश चाहते हैं और वे यश के लिए काम करते हैं। कुछ पैसा चाहते हैं और वे पैसों के लिए काम करते हैं। मनुष्य के कार्य में बहुत से उद्देश्य रहते हैं। यह आवश्यक है कि प्रत्येक मनुष्य को उच्चतर ध्येयों की ओर बढ़ने तथा उन्हें समझने का प्रबल यत्न करते रहना चाहिए, क्योंकि कर्म फल प्राप्ति पर हमारा कोई अधिकार नहीं है। भगवान श्री कृष्ण ने कहा है-कर्मण्ये वाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन मा कर्मफल हेतुर्भूभाते संगोऽस्त्वकर्मणि।।[4]

गीता का कथन है "कर्म योग का अर्थ है कुशलता से अर्थात् वैज्ञानिक प्रणाली से कर्म करना।[5] भगवान श्री कृष्ण ने गीता में 'कर्मयोग' की परिभाषा इस प्रकार दी है-"हे धनञ्जय! आसक्ति रहित होकर कर्म का पालन करो। कर्म करने में सफलता मिले या असफलता। दोनों में समता की जो मनोवृत्ति है उसे ही कर्म योग कहते है।"[6] इसीलिए शास्त्र की आज्ञा मानकर उसी के अनुसार कर्म करना चाहिए।[7]

कर्म के भेद-मनुष्य के सामान्य कर्म उसकी अभिरुचि आदत व जन्म-जन्मान्तर की प्रवृत्तियों द्वारा प्रेरित होते हैं। जिनके मूल में उसके स्वार्थ व अहं की सत्ता ही प्रमुख होती है, यदि कर्म की दिशा अच्छाई की ओर है, तो वे पुण्य कर्म बनते हैं। यदि दिशा बुराई की ओर है, तो ये पाप कर्म बनते हैं। इन कर्मों के अनुरूप स्वर्ग-नरक के सुख एवं कष्टों का भोग मनुष्य करता है, किन्तु मनुष्य शाश्वत सुख एवं चिर शान्ति उस लक्ष्य को नहीं प्राप्त कर पाता जो कि उसका ध्येय है क्योंकि पाप और पुण्य दोनों ही कर्म उसे बाँधते हैं। अन्तर इतना है कि एक लोहे की जंजीर है, तो दूसरी सोने की। पुण्य कर्म करने से मनुष्य पुण्यशाली होता है और पाप कर्म करने से मनुष्य पापी होता है-

"पुण्यो वै पुण्येन कर्मणा भवति पापा पापेनेति"[1]

हिन्दू धर्म में कर्म फल के विषय में दो बातें विशेष ध्यान देने योग्य हैं-(1) कृतप्रणाश (2) अकृतभ्युपगम्

(1) कृतप्रणाश-किये गये कर्मों का कभी नाश नहीं होता है। उसका फल अवश्य मिलता है।

(2) अकृतभ्युपगम्-जो कार्य नहीं किए गए हैं, उनका फल नहीं मिलता है।

कर्म के दो भेद हैं–

(1) सकाम कर्म (2) निष्काम कर्म

(क) सकाम कर्म-सकाम कर्म वह है जिसमें फल पाने की इच्छा हो। कामना से युक्त कर्म सकाम कर्म है। यह राग द्वेष तथा मोह से संचालित होता है। सकाम कर्म किसी न किसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए किये जाते हैं। उदाहरण स्वरूप स्वास्थ्य, सम्पत्ति, प्रभुत्ता आदि कि प्राप्ति के लिए किये गया कर्म सकाम कर्म है। सकाम कर्म के मुख्यत: तीन रूप है-

(1) निषिद्ध कर्म (2) नित्य कर्म (3) नैमित्तिक कर्म।

(1) निषिद्ध कर्म-जिन कर्मे को वर्जित किया गया हो, वे निषिद्ध कर्म कहलाते हैं।

(2) नित्यकर्म-जो कर्म हमें नियमित रूप से करना चाहिए और शास्त्र इन्हें नित्य करने को कहते हैं वे नित्य कर्म कहलाते है। जैसे-स्नान, ध्यान, संध्यावन्दन आदि।

(3) नैमित्तिक कर्म-किसी निमित्त से किया गया कर्म नैमितिक कर्म होता है। जैसे-स्वर्ग प्राप्ति की कामना से दिया गया दान आदि।

(क) सकाम कर्म : –सकाम कर्म में फल देने की शाक्त होती है। फल सुखद भी हो सकता है और दुखद भी। इस दृष्टि से कर्म के विविध रूप हैं-

(1) संचित कर्म (2) संचीयमान कर्म (3) प्रारब्ध कर्म।

(1) संचित कर्म-संचित कर्म वह है जिसे हम कर चुके है, पर उसका अभी कोई फल नहीं प्राप्त नहीं हुआ।

(2) संचीयमान कर्म-फल मिलने के दृष्टिकोण से जो कर्म, हम आज कर रहे हैं, वे संचीयमान कर्म कहलाते हैं।

(3) प्रारब्ध कर्म-जो कर्म हम कर चुके और जिसका फल हम भोग रहे हैं। वह प्रारब्ध कर्म कहलाते हैं।

शुभ कर्मों का फल शुभ तथा अशुभ कर्मों का फल अशुभ होता है। शुभ कर्मों

से स्वर्ग तथा अशुभ कर्मों से नरक की प्राप्ति होती है, परन्तु यह कर्म फल की इच्छा से किए जाते हैं, अतः इनसे मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती।

(ख) निष्काम कर्म-जो कर्म राग-द्वेष एवं मोह से रहित होकर किया जाता है। इस प्रकार के कर्म को निष्काम कर्म कहते हैं। कर्मयोग के द्वारा जिस कर्म को सम्पादित करने का आदेश दिया गया है, वह निष्काम कर्म है। मनुष्य को कर्म के प्रति प्रयत्नशील रहना चाहिए, परन्तु उसे कर्मफल की चिन्ता नहीं करनी चाहिए। ऐसे कर्म में कामनाओं का सर्वथा अभाव रहता है। ऐसे कर्म से बन्धन नहीं होता है। निष्काम कर्म तृष्णा रहित कर्म है। निष्काम कर्म को ही गीता में कर्म योग कहा गया है। अर्जुन के माध्यम से जो श्री कृष्ण संसार, को उपदेश दे रहे हैं कि मनुष्य कर्म करने में स्वतन्त्र है फल भोगने में नहीं। फल को निश्चित करना ईश्वर के अधीन है। निष्काम कर्म द्वारा मनुष्य परमात्मा तक पहुँच सकता है।

निष्काम कर्म से संसार का बंधन कट जाता है। मनुष्य जन्म और मरण के चक्र को पार करके परमात्मा में मिल जाता है। निष्काम कर्म का आचरण स्वकर्म है, स्वकर्म ही स्वधर्म है। इस स्वकर्म या स्वधर्म के आचरण से सिद्धि की प्राप्ति होती है।

"स्वे-स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धि लभते नरः।"[1]

पूज्यवर के शब्दों में "कार्य कुशल वही हो सकता है, जिसे उचित अनुचित कर्मों के बीच स्पष्ट अन्तर का बोध हो। कुशल शब्द के अन्तर्गत सत्यं, शिवं सुन्दरं का भाव समाहित है इसलिए कार्य कुशल में अशुभ कर्मों के लिए कोई गुंजाईश नहीं है। कर्म योग की साधना का वास्तविक अर्थ यही है कि किसी भी काम को पूरी कुशलता के साथ कर्तापन का अभिमान छोड़कर किया जाए और उसके फल के प्रति निर्लिप्त निस्पृह रहा जाए। कर्म योग के इस तत्त्वदर्शन को हृदयंगम करता हुआ साधक जीवन के सामान्य दायित्वों का निर्वाह करते हुए भी स्वर्ग युक्तिका उच्चस्तरीय आनन्द प्राप्त कर सकता है।[2]"

यदि मनुष्य सतत् स्वार्थ रहित कर्म करता रहे, यदि अभ्यास से 'निष्काम' उसका सहजभाव बन जाय, तो इसका अर्थ है कि वह 'स्व' के बन्धन से ऊपर उठ गया है। इसी ऊपर उठने की चरम व्यापकता में उसे सबकुछ के एकरूप होने की अनुभूति होती रहेगी, वह 'स्व' और अन्य के भेद से ऊपर उठ जायेगा और यही अमरता की प्राप्ति है।[3] स्वामी विवेकानन्द कहते हैं कि कर्म (सकाम) जब तक क्षय नहीं हुआ हो, तब तक संन्यास किसी काम का नहीं[4]। आद्य शंकराचार्य के अनुसार-"निष्काम कर्म काम करते हुए जब हम आगे बढ़ते हैं, तो हमारे कुसंस्कार

ऐसे झड़ते चले जाते हैं कि पता भी नहीं चलता है निष्काम कर्म बिना आसक्ति के किया गया कर्म ही सबसे बड़ा तप है, योग है।[5]"

शास्त्रों में निष्काम कर्म-निष्काम कर्म का भारतीय ग्रन्थों में, वाङमय में यत्र तत्र विभिन्न रूपों में प्रयोग हुआ है। यजुर्वेद और ईशावास्योपनिषद में यह आदेश दिया गया है कि-कर्मयोगी को कर्म करते हुए सौ वर्ष तक जीवित रहना चाहिए। जो पुरुष सम्पूर्ण संसार के कारणभूत परब्रह्म और विनाशी शरीर इन दोनों के यथार्थ तत्त्व को सम्यक् जान लेता है और शरीर से भिन्न में अविद्योपाधि से स्वकर्मवशत्: शरीर के समान हूँ यह विचार कर आत्मसाक्षात्कार के प्रधान कारण ज्ञान प्राप्ति के हेतु उपासना एवं निष्काम कर्म करता है वह कर्मयोगी विनाशी शरीर से अन्तः शुद्धि कर आत्मज्ञान प्राप्त कर मुक्ति का पात्र हो जााता है।[1] निष्काम भाव से कर्म करने से ही कर्म-बन्धन शिथिल होता है, इसी विचार से विभिन्न उपनिषद्द में कर्म करने का उपदेश दिया गया है। यमराज नचिकेता से कहते हैं कि-"ऋक्, साम, यजुर्वेद, तीनों तत्त्व रहस्य में निष्णात् होकर निष्काम भाव से यज्ञ, दान और तप तीनों कर्मों को करने वाला मनुष्य जन्म मृत्यु से तर जाता है।[2] ईशावास्पोपनिषद् के अनुसार- त्याग भाव से किये जाने वाले कर्म मनुष्य में लिप्त नहीं होगे कर्माचरण ही कर्मों में लिप्त तन होने का एक मात्र मार्ग है।[3] विष्णु पुराण के अनुसार-"कर्म वही है, जो बन्धन का कारण न हो और विद्या भी वही है, जो मुक्ति का साक्षात् साधन हो, इसके अतिरिक्त अन्य कर्म श्रम और अन्य विद्याएं कला कौशल ही है।[4]" अन्यत्र "कर्म योग ज्ञान का तभी साधन बन सकता है, जब उसमें सकाम भाव एवं फलानुसंधान न हो। फलानुसंधान और कामासक्ति से अन्तः शुद्धि सम्भव नहीं। वे बन्धन के कारण होते है।[5]" श्वेताश्वतरोपनिषद् के अनुसार-जो कर्मयोगी सत्व रज और तम इन तीनों गुणों से व्याप्त वर्णाश्रम विहित कर्त्तव्य कर्मो को अहंता, ममता और आसक्ति से रहित होकर ईश्वरार्पण बुद्धि से करता है, उसका कर्मों के साथ सम्बन्ध न रहने के कारण वे उसे फल नहीं देते।[6]

निष्काम-निष्काम कर्मयोग का वर्णन गीता में गीताकार ने किया है। सम्पूर्ण गीता में कर्म के प्रति अहंता, ममता और आसक्ति का विरोध किया गया है। कर्म करना व्यक्ति का अधिकार है और कर्त्तव्य भी। उसे कर्म करना ही चाहिए लेकिन-"मा कर्मफल हेतुर्भू" अर्थात् फलार्थी मत बनो, कर्मफल की वासना से युक्त मत रहो। इसका कारण यह है कि-"फलासक्त: निवध्यते।" फलासक्ति से कर्मबन्धन दृढ़ होता है।[1] इसलिए गीता में फलेच्छा से रहित होकर कर्म करने की शिक्षा दी गई है क्यों कि "कृपणा: फलहेतव: फल की इच्छा रखने वाले कृपण (दीन, दया के पात्र) होते है।[2]"

गीता का सन्देश बड़ा स्पष्ट है-"कभी भी कर्म किए बिना न रहो समाज सेवा करो, राष्ट्र का गौरव बढ़ाओ मानव मात्र के कष्टें की निवृत्ति हेतु तपो। यही वस्तुत: जीवन है। जीवन समर में सभी प्रकार की उथल-पुथल का सामना करते हुए जीना, सक्रिय हो उद्यमी बने रहना ही मनुष्य को शोभा देता है। कर्म करो, सक्रिय होकर जियो एवं निर्भय होकर रहो। परिश्रम से मत डरो। निराशाओं का सामना करने से हिचकिचाओ मत। जब तक जीवित हो, वास्तव में जीवन का एक-एक पल जियो। कर्मों द्वारा ऊँचा उठो, कर्मों द्वारा ही उन्नति करो, कर्मों से ही अपना विस्तार करने, गीताकार का मनुष्य के लिए कलाकार की तरह जीने का हसती खिलखिलाती मस्ती भरी जिन्दगी जीने का सन्देश स्वयं में एक प्रमाण है।

गीता में कर्म योग अनुशासित जीवन के अर्थ में है गीता में कर्म से मोक्ष बतलाया गया है। अच्छे बुरे कर्म बाँधते हैं इसलिए कर्म चुने हुए बीज़ की तरह होना चाहिए। ज्ञान के द्वारा वस्तुओं से सम्पर्क हटाया जा सकता है। गीता में ज्ञान कर्म व अभक्ति का गुणों के आधार पर समन्वय है। एक प्रकार से मोक्ष तो गीता में महायोगी की स्थिति है" "सर्वधर्माणि परिप्यज्य मामेकं शरणं व्रज"-मेरी शरण में मोक्ष गीता में कर्म शक्ति है।

कर्मयोगसाधना-कर्मयोग साधनों में तप स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान की प्रधानता है। अनासक्त भाव से हठयोग व राजयोग का अभ्यास भी कर्मयोग ही है। प्रत्येक मनुष्य अपने कर्म में निपुण होता है अत: सामान्यत: जो जिसका कर्त्तव्य होता है उसे वह ही करना चाहिए। कर्मयोग की साधना का क्रम निम्नलिखित है-

प्रथमचरण-में साधक कर्मों के फल की इच्छा से रहित होकर करता है अर्थात् कर्मो को कर्त्तव्य भावना से किया जाता है उदाहरणार्थ सेवा के समस्त कार्य ही निष्काम कर्म है। लेकिन सेवा कार्यों में भी आसक्ति होने से साधक कर्मों के बन्धन में बंधता है और कार्य की सफलता पर प्रसन्नता व कार्य की विफलता तथा बाधा पड़ती व बाधा पड़ने पर उसे कष्ट पहुँचाता है। सब कार्य ईश्वर के हैं अत: निश्चय भाव से कर्म का फल भी ईश्वर को ही है मेरा कुछ नहीं ऐसी भावना वाला योगी ज्ञान के माध्यम से परम शान्ति को प्राप्त कर मोक्ष को प्राप्त करता है।[1] कामना रहित मन कामना शून्य हो जाता है और भौतिकता से आसक्ति का नाश होता है। ऐसे निष्काम साधन में धृति और उत्साह की प्रचुरता होने के कारण वह धर्म भावना से कर्म करता रहता है।

साधना के दूसरे चरण में साधक निष्काम कर्म के साथ-साथ भक्ति भाव से भी ओतप्रोत हो जाता है। वह अपने समस्त कर्मों को भगवान् को अर्पण करता चला जाता है अत: उसके काम में श्रद्धा भी सम्मिलित हो जाती है।

साधना के तृतीय चरण में साधक अपने को कर्ता भी नहीं मानता, वह अनुभव करता है कि मेरे द्वारा संपादित समस्त कर्म ईश्वर ही कर रहा है। मैं कर्मों का कर्ता नहीं हूँ अतः साधक कर्तापन की भावना से भी विमुख हो जाता है और कर्म बन्धन से मुक्त हो जाता है। इस प्रकार सच्चिदानंद में मन पूरी तरह तल्लीन होने के बाद कर्म की भावना ही नहीं रहती।

निष्कर्ष-कर्मयोग साधना लौकिक और पारलौकिक दोनो पक्षों का उत्थान करती है, अतः यह साधना सांसारिक पुरूषों के लिए एक उचित और स्वाभाविक मार्ग है।इस प्रकार कर्म जहां बंधन का कारण है, वहीं मुक्ति का द्वार भी है, जब कर्म फल इदन्न मम् त्याग भाव के साथ अर्पित होते हैं तब वे निस्वार्थ एवं निष्काम कर्म बन जाते हैं ऐसे में ये कर्म चित्त शुद्धि के महान प्रयोजना को सिद्ध करते हैं इस के साथ पाप-पुण्य दोनों तरह के कार्य बन्धनों का रूप होने लगता है, जीवात्मा अपने मूल स्वरूप की प्राप्ति की ओर अग्रसर होती है। उसमें भाव परिष्कार होने लगता है, जो कर्म मनुष्य पहले स्वार्थ भाव से करता या वह अब परमार्थ भाव से करने लगता है। पहले जहां परमात्मा का विचार गौण रहता था, वहीं अब ब्रह्मार्पण बुद्धि से कार्य होने लगता है। इस तरह कर्मयोग साधक कर्मकुशलता की स्थिति को प्राप्त होना है, जिसे श्री कृष्ण ने गीता में कहा है-"योगः कर्मसु कौशलम्" समत्व बुद्धियोग ही कर्मों में चंतुरता है अर्थात् कर्म बन्धन से छूटने का उपाय है। अन्त में गीता कार के शब्दों में हम कह सकते हैं कि-

"योगयुक्तः ब्रह्म नचिरेण अधि गच्छति"

सन्दर्भ

1. समकालीन भारतीय दर्शन कर्म मार्ग पृष्ठ-43
2. गीता पृष्ठ-3/9
3. पं० श्री राम शर्मा आचार्य-वाङ्गमय-भाग-2
4. गीता भाग 1-ब्रह्मवर्चस
5. स्वामी विवेकानंद कर्मयोग पृष्ठ-3
6. वही।
7. गीता 2/47।
8. विवेकानन्द-कर्मयोग।
9. गीता-2/98।
10. गीता-3/8।

11. वृहदारण्यक उपनिषद्-3/2/13
12. विवेकचूड़ामणि
13. युगगीता भाग-1 ब्रह्मवर्चस
14. स्वामी विवेकानन्द-"बसन्तकुमार लाल", समकालीन भारतीय दर्शन-पृष्ठ सं०-45।
15. श्रीमद्भगवद्गीता 18/45।
16. परम पूज्य गुरुदेव पं० श्रीराम शर्मा आचार्य वाङ्मय-भाग-2
17. भक्तयर्जुवेद-40/11
18. कठोपनिषदृ- 1/1/17
19. ईशावास्योपनिषद्-2
20. विष्णु पुराण-1/19/41
21. वही-6/7/28
22. श्वेताश्वतरोपनिषद्-6/4
23. गीता-5/1ए
24. गीता-2/49
25. युगगीता-भाग-1 "ब्रह्मवर्चस"।
26. गीता-5/12।

21

श्रीमद्भगवद्गीता में 'योग' का स्वरूप

भारतीय साहित्य में गीता का महत्त्वपूर्ण स्थान है।[1] यह कोई अलग स्वतन्त्र ग्रन्थ न होकर एक विशेष प्रकार के विचारों से सम्बन्धित चिन्तन सामग्री का संकलन मात्र है, जिनका सम्बन्ध मनुष्य की आत्मोन्नति एवं मुक्ति से है।[2] जब मनुष्य संसार-सांसारिकता और उसके आकर्षणों से विमुख होकर आत्मा, परमात्मा, बन्धन तथा मुक्ति जैसे विषयों की ओर चिन्तन के लिये उन्मुख होता है। तब उसे मार्ग दर्शन कारी शिक्षा एवं विचारों की आवश्यकता होती है। इस•आवश्यकता की पूर्ति हेतु प्राचीन संस्कृत साहित्य में ऐसे अनेक प्रेरक स्थल मिलते हैं-जिनका आत्मपिपासुजन स्वाध्याय एवं चिन्तन मनन के लिये प्रयोग करते हैं। उन्हें ही "गीता" के नाम से जाना जाता है यथा-राम गीता, निष्ठुर गीता, उद्धवगीता, ब्रह्मगीता, ईश्वर गीता और भीष्म गीता इत्यादि।

वस्तुतः 'गीता-साहित्य' की महत्ता इसकी विशालता के साथ-साथ इसकी विषय वस्तु एवं प्रेरणाकारक चिन्तन के कारण ही अधिक है। यह गागर में सागर भरने वाली लोकोक्ति जैसी ही बात है। अन्ततोगत्वा, सांसारिक-आकर्षण कब तक मनुष्य को अपने मोहपाश में बांधे रखेंगे? वह जब भी उनसे बाहर झांकने का प्रयत्न करेगा-'गीता-साहित्य' उसके 'मार्ग-दर्शन' के लिये सदैव प्रेरक मार्ग दर्शक के रूप में उपस्थित रहेगा।

किन्तु गीता साहित्य में भी श्रीमद्भगवद् गीता का स्थान सर्वोपरि माना जाता है। स्वयं वेदव्यास का यह कहना भी है कि "गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यैः शास्त्रविस्तरैः[3] अर्थात् गीता सुगीता करने योग्य है, तब अन्य शास्त्रों के विस्तार का क्या प्रयोजन है। इसे श्रीकृष्ण ने उपनिषद् का सार कहा है जैसे बछड़ों द्वारा गायों का दुग्धपान उसका जीवन अमृत है वैसा ही यह गीता अमृत श्रीकृष्ण ने उपनिषद् से सार सर्वस्व के रूप में दुहा है,[4] इसलिये गीता को सर्वशास्त्रमयी गीता के रूप में स्वीकार किया गया है।

भगवद्गीता के मुख्य प्रतिपाद्य के विषय में विद्वानों में गंभीर मतभेद हैं।

आचार्य शंकर गीता को ज्ञानमार्ग का प्रमुख ग्रन्थ मानते हैं, जबकि रामानुजाचार्य के अनुसार गीता का मुख्य विषय श्रीकृष्ण अर्जुन संवाद के माध्यम से भक्ति मार्ग का प्रतिपादन है। किन्तु लोकमान्यतिलक की दृष्टि में गीता कर्मयोग का प्रधान ग्रन्थ है।[5] सभी विद्वानों के अपने अपने तर्क एवं प्रमाण है, जिन्हे वे अपने दृष्टिकोण की पुष्टि में प्रस्तुत भी करते है, किन्तु इससे यह तथ्य भली भांति स्पष्ट हो जाता है कि श्रीमद्भगवदगीता का मुख्य प्रतिपाद्य अध्यात्म/योग विद्या है। भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग के किसी न किसी स्वरूप का विवेचन करते है। जैसा कि उसकी विषय सूची पर दृष्टिपात करने से विदित होता है। यथा-क्रमशः अर्जुन विषाद्योग, सांख्ययोग, कर्म योग ब्रह्मपर्ण योग (ज्ञान, कर्म, सन्यास योग) कर्म संन्यास योग, आत्म संयम योग, ज्ञान विज्ञान योग, अक्षर ब्रह्मयोग, राज विद्या राजगुहा योग, विभूति योग, विश्व रूप दर्शन योग, भक्ति योग, क्षेत्र योग, श्रद्धा त्रय विभाग-योग, मोक्ष संन्यास योग।

किन्तु इन उपर्युक्त 18 प्रकार के 'योग' का वह अर्थ नहीं है, जो महर्षि पंतजलि द्वारा स्वीकृत एवं स्थापित किया गया है। महर्षि की दृष्टि में चित्त वृत्तियों के विरोध की अवस्था का नाम योग है।[6] इसी को भाष्यकार व्यास ने "युज समाधौ" कहकर अधिक स्पष्ट करने का प्रयास किया है[7] गीता कार की दृष्टि से योग-'युजिर योगे' के रूप में वैयाकरणों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। योग का यही अर्थ लोक में अधिक प्रचलित है। जुड़ना, मिलना संयोग मूलक भावों को गीताकार ने योग शब्द के रूप में स्वीकार किया है।[8] योग विद्या के परिप्रेक्ष्य में यदि इसे देखें, तो इसे योग विद्या की सिद्धि के साधन के रूप में भी स्वीकार किया जा सकता है। 'उदाहरणतः अर्जुन का विषाद् के साथ योग होने पर वही विषाद उसे ऐतिहासिक कर्तव्यबोध और परमार्थ तत्व चिंतन की ओर प्रेरित एवं अग्रसर करता है। इस दृष्टि से विषाद का अर्जुन के साथ संयोग भी योग विद्या की ओर उन्मुख होने का साधन बन जाता है।

यदि इस विषय पर तनिक अधिक गहराई से विचार किया जाए, तो योग अध्यात्म विद्या के रूप में मानव मुक्ति की अवस्था भी है और उस अवस्था की सिद्धि का साधन भी है। भगवद्गीता में यथा प्रसंग प्रयुक्त सांख्य योग।[9] भक्तियोग[10], कर्म योग[11], अक्षर ब्रह्म योग[12], इत्यादि पदों का इस सन्दर्भ में उल्लेख किया जा सकता है। किन्तु इस साधन मूलक योग के साथ-साथ योग एक विश्व दृष्टि भी है, जो वेद उपनिषद्द के साथ-साथ भगवद्गीता में भी स्पष्टतः दृष्टि गोचर होती है।

वास्तव में , यह वही विश्व दृष्टि है, जो इस सम्पूर्ण जड़ चेतन जगत के मूल में भी तथा विस्तार में भी खोजने पर दिखलाई पड़ती है। इस विश्व दृष्टि के अनुसार ईश्वर सर्वव्यापक प्रभु चेतन सत्ता है, जो अपने ज्ञान आनन्द, प्रेम, करुणा, न्याय

सत्य जैसे दैवीय गुणों में परिपूर्ण है। यजुर्वेद 40/6 का मन्त्र कहता है कि जब मनुष्य सम्पूर्ण प्राणियों में परमात्मा को देखता है, वह कभी किसी से घृणा या द्वेष नहीं करता। यह द्वन्द्वात्मक मनोभावों के प्रति समता मूलक उच्च भूमि है। जिसे सिद्ध करने के लिये तपस्वी तप करता है। साधक अनवरत जपानुष्ठान में लीन रहता है, तथा ज्ञान मार्गी तत्व-चिन्तन के माध्यम से स्वयं को जगत-उसके राग से स्वयं को पृथक् कर "दृष्यभाव" की भूमि में स्थित कर लेता है। भगवद्गीता में भी यही विश्व दृष्टि अभिव्यक्त हुई है-

आत्मैपम्येन सर्वत्र समं पश्यतियोऽर्जुन।
सुखं वा यदि वा दुःखं स योगी परमोमतः।। 6-32
सवीभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।
ईक्षते योग युक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः।।

जो साधक इस विश्व दृष्टि को ठीक से खोज लेता है और उस पर श्रद्धा पूर्वक आरुढ़ होकर अपनी जीवन-यात्रा सम्पन्न करता है। वह स्वयं को इस आकर्षक भवसागर से पार ले जाता है। श्रीमद्भवद्गीता में इस विश्व दृष्टि के चारों ओर ही अध्यात्म, धर्म समाज तथा संस्कृति मूलक चिन्तन का ताना बना हुआ स्पष्टतः दृष्टि गोचर होता है। इसी विश्व दृष्टि के आधार पर गीता में योग के स्वरूप को परिभाषित एवं व्याख्यायित किया गया है। गीता में वर्णित योग बहुआयामी है। उसका एक आयाम व्यक्ति से सम्बन्धित है जो स्वरुचि एवं गुरु-उपदेश के अनुरूप किसी एक विशिष्ट योग मार्ग का अवलम्बन करता है उदाहरणतः यदि कोई साख्यं योगी है, तो वह सम्पूर्ण पदार्थों तथा उनसे जनित भोगों को प्राकृतिक गुणों से उत्पन्न हुआ जानता है, इसीलिए शरीर, इन्द्रिय तथा मन द्वारा होने वाली सभी क्रियाओं में कर्तव्य के भाव से रहित होकर स्वयं को सर्वव्यापी सच्चिदानंद परमात्मा में एकीभाव से स्थित रहने का सततः अभ्यास करता है।[13] किन्तु ऐसा वह अभ्यासी सामाजिक जीवन में मान-अपमान, लाभ-हानि, जन्म-मृत्यु जैसे द्वन्द्वों में समान भाव से आचरण करने का अभ्यास करता है। यह उसके जीवन का दूसरा महत्त्वपूर्ण सामाजिक/समष्टि मूलक आयाम है।[14]

इसी तरह, यदि कोई कर्म योगी है, तो वह 'गीताकार' के अनुसार सब कुछ भगवान् का समझ कर तथा सिद्धि असिद्धि को प्रभु पर छोड़कर उसकी आज्ञानुसार सब कर्मों का आचरण करता है। वह जल में कमल की भांति पाप से निर्लिप्त रहता है। ऐसा कर्म योगी कर्म करता हुआ भी कर्तापन के अभिमान से रहित होकर समर्पण बुद्धि से स्वयं को कर्म चक्र से मुक्त कर लेता है, क्योंकि ऐसी अवस्था को प्राप्त हुये

पुरुष के कर्म भी अकर्म हो जाते हैं अर्थात् फल उत्पन्न नहीं कर सकते यही, वह उच्च निष्कामता की स्थिति है जिस पर आरूढ़ होकर योगीराज श्रीकृष्ण स्वयं मुक्त होते हुए भी कर्म क्षेत्र में अहर्निश समर्पित दृष्टिगोचर होते हैं।[15]

चाहे ज्ञानमार्ग से, चाहे भक्ति मार्ग से, चाहे कर्म मार्ग से साधक अपने साध्य की सिद्धि के लिये आगे बढ़ता है, परन्तु गीताकार की दृष्टि में सबका गन्तव्य/प्राप्तव्य तो एक ही है। वह है समता की उच्च भाव भूमि को प्राप्त कर लेना। इसके लिए किसी मार्ग का उतना महत्व नहीं है, जितना लक्ष्य को प्राप्त करना। भगवद्गीता 6/23 में इस अवस्था को प्राप्त करने की कसौटी भी दी गई है। गीताकार के शब्दों में-

संविद्याददुःख संयोग योगसंज्ञितम।
स निश्चयेन योक्तव्यो योगोऽनिर्विण्ण चेतसा।।

अर्थात् जो दुःख विद्यमान होने पर उनसे स्वयं को संयुक्त नहीं करता अर्थात् दुःखों के प्रति वियुक्त अभोक्ता भाव को प्राप्त कर लेता है। वह योग की अवस्था है। और यदि जरा सा दुःख आ जाए और व्यक्ति उससे विचलित हो उठे तो वह योग की नहीं भोग एवं बन्धन की मनोदशा है। कोई व्यक्ति योग पर वास्तव में आरूढ़ है अथवा नहीं इसे जानने के लिये गीताकार की इस महत्वपूर्ण कसौटी को लगाना चाहिए। वेदोद्धारक योगीराज स्वामी दयानन्द सरस्वती ने भी योग की ऐसी ही कसौटी बतलाई है।[16]

किन्तु यह योग विषयक मूल्यांकन की व्यक्तिगत कसौटी ही अधिक है यदि कोई अधिक सावधान निपुण व्यक्ति है, तो वह अपने मनोदशा के छिपा भी सकता है, सामाजिक प्रतिष्ठा के दृष्टिगत प्रायः ऐसा किया जाना स्वाभाविक भी है, इसलिए योग विषयक मूल्यांकन की एक अन्य कसौटी भी प्रयुक्त की जा सकती है जो व्यक्तिगत की अपेक्षा अधिक है। इस कसौटी के अनुसार 'योग कर्म सुकौशलम्'[17] अर्थात् योग कर्म में कुशलता है। यदि किसी साधक के कर्मों में कुशलता तत्त्व का क्रमशः विकास हो रहा हो और वह प्रत्येक कर्म को उसकी सम्पूर्णता में करने का प्रयत्न करता है, तो यह अनुमान किया जा सकता है कि उसकी योग विषयक यात्रा प्रगति की दिशा में अग्रसर है। इसका मूल्यांकन अन्य लोग भी कर सकते हैं, किन्तु योग साधक में समता सामंजस्य का विकास स्वाभाविक है, इसलिये भगवद् गीताकार ने समत्व योग उच्यते के रूप में इसे संज्ञा दी है।

स्थित प्रज्ञ/ज्ञानी जन गाय हाथी कुत्ते और चाण्डाल में भी उसी एक प्रभु को देखता है, यहां यह विचारणीय प्रश्न है कि जो वेदांतचार्य स्त्री और शूद्र को वेदाध्ययन से वंचित करता है, उन्हें नरक का द्वार जैसे विशेषणोंसे सम्बोधित करता है। क्या वह

वास्तविक योगी विवेकी स्थित प्रज्ञ है? वास्तव में दु:खों के आने पर भी जो दु:खित नहीं होता और सुखों की प्राप्ति में भी निस्पृस्ह बना रहता है। वह सब भोग कर्म जनित है, यह जानते हुए राग, भय एवं क्रोध से सर्वथा मुक्त हो जाता है जैसे कछुआ सब ओर से अपने अंग समेट लेता है और वैसे ही स्थित प्रज्ञ अपनी इन्द्रियों को विषय विकारों से हटा लेता है और स्वयं को ईश्वरार्पण कर देता है।[19]

'गीताकार' के 'योग' की तुलना महर्षि पतञ्जलि के योग से की जा सकती है। उनके अनुसार 'चित्तवृतियों के निरोध' का नाम 'योग' है। निरुद्ध अवस्था में दृष्य आत्मा और परमात्मा के स्वरूप का साक्षात कर लेता है।[20] चित को निरुद्ध करने के लिये योग सूत्रकार ने कई विधियों का उल्लेख किया है यथाअष्टांग योग[21] क्रिया योग[22] अभ्यास एवं वैराग्य[23] तथा ईश्वर प्रणिधान[24] ये सभी एकान्त साधना मूलक है। जिनका सामाजिक सन्दर्भ में उपयोग अधिक सार्थक नहीं है। केवल ईश्वर प्रणिधान इसका अपवाद है। किन्तु गीता का योग सन्देश युद्ध क्षेत्र में आरूढ़ अर्जुन के लिये है-जो एक विशेष मनोदशा से मुक्ति पाने के लिये श्रीकृष्ण से मार्ग दर्शन की प्रार्थना किए जाने पर प्रारम्भ होता है।[25] वह मनोदशा किंकर्तव्य मूढ़ता और उससे बाहर निकल आने की खोज पर आधारित है। वस्तुत: हर कोई अपने जीवन में ऐसी किंकर्तव्य मूढ़ता से ग्रसित होता है, इसलिये गीता का योग कर्म क्षेत्र में आरूढ़ हर व्यक्ति के लिये मार्गदर्शन कारी हो जाता है। यही गीता का सनातन तत्व है। जिसे पाकर अर्जुन योग साधना के लिये शान्त, एकान्त बीहड़ में नहीं चला गया, अपितु क्षत्रियोचित अपने कर्तव्य के निर्वाह हेतु युद्ध के लिये तैयार हो जाता है।

किन्तु इसका यह अभिप्राय नहीं है कि गीता में एकान्त योग साधना का उल्लेख न हुआ हो। भगवद् गीता कार ने योग विषयक अन्य साधनों का उल्लेख करते हुए ध्यान योग का भी विस्तार से उल्लेख किया है, जो अध्याय 6 के अन्तर्गत श्लोक 10 से 32 पर्यन्त वर्णित भी है, किन्तु गीता के उपदेश का न तो यह निहितार्थ है और न ध्यान योग उसका मुख्य प्रतिपाद्य है। गीताकार का उद्देशयतत्व चिन्तन के नाना हेतुओं के ज़रिए कर्तव्य विमुख अर्जुन को कर्तव्य की समुचित पहचान कराकर उसकी ओर अभिमुख करना है। जबकि महर्षि पंतजलि का उद्देश्य है-चितवृत्तियों के निरोध के जरिये साधक को समाधि की सिद्धि की ओर प्रेरित एवं उन्मुख करना है। जो आन्तरकि विकास यात्रा है और ऐसी यात्रा को एक अनिवार्य शर्त है-'संसार तथा उसके विभिन्न विषयों के प्रति अन्त: करण में रागात्मक संस्कारों का शमन एवं उन्मूलनकारी, जबकि गीता का योग सांसारिक वैराग्य की अपेक्षा कर्तव्यबोध एवं ईश्वरार्पण बुद्धि की महत्ता को अधिक प्रखरता से प्रस्तुत एवं व्याख्यायित करता है।'

भगवद्गीता में वर्णित योग की यह एक ऐसी प्रमुख विशेषता है, जो कर्म क्षेत्र में समर्पित व्यक्ति को भी बरबस अपनी ओर आकर्षित करती है। पातञ्जल योग की भांति इसके साधक को कर्म क्षेत्र से विरत होने की आवश्यकता नहीं है, अपितु वह योग सिद्धि की ऐसी दिशा तथा विधि की ओर प्रेरित करती हुई दृष्टिगोचर होती है, जो संसार एवं सांसारिक कर्तव्यों का समुचित निर्वहन करने में विशेष रूप से सहायक भी है, इसलिए अभ्युदय और निःश्रेयस की गहरी खाई को गीता में वर्णित योग द्वारा पाट्य जा सकता है। जिसकी वर्तमान द्वन्द्वात्मक दौर में नितान्त आवश्यकता भी है। फिर चाहे वह ज्ञान योग हो, भक्ति योग हो अथवा कर्मयोग हो-सभी मार्ग योगेश्वर कृष्ण की अनुभूतियों में विकसित होकर यह विराट उद्देश्य पूरा करने में समर्थ हो जाता है।

किन्तु श्रीमद्भगवद्गीता में वर्णित योग की व्यापकता और गहराई के साथ उसका स्वरूप विवेचन करना एक विस्तृत अनुसंधान मूलक ग्रन्थ के अन्तर्गत सम्भव है। हाँ! एक बोध आलेख के अन्तर्गत तो उसके प्रमुख आधारों की ओर संकेत किया जा सकता है और उन कसौटियों को निर्धारित किया जा सकता है, जिनके प्रामाणीकरण द्वारा गीता में वर्णित योग के स्वरूप का तत्वतः निर्धारण किया जा सके। प्रस्तुत आलेख में इन बिन्दुओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। तब भी यह इतना सरल कार्य नहीं है कि 18 अध्यायों के अन्तर्गत और 703 श्लोकों तक विस्तारित गीता में वर्णित योग को एक आलेख के अन्तर्गत समुचित रूप से समाहित किया जा सके। इसलिये इसे भावी विशुद्ध अनुसंधान मूलक कार्य की प्रस्तावना के रूप में देखा जाना उचित प्रतीत होता है।

टिप्पणियाँ

1. गीता की महत्ता का बोध इसकी साहित्यिक विशालता से भी होता है यथा-पाराशर गीता, भीष्मगीता, युधिष्ठिर गीता, मनु गीता, जापक गीता, ब्रह्म गीता, हंस गीता कौशिक गीता, विदुरगीता, जाजलि गीता, मंकिगीता, महेश्वर गीता, याज्ञवल्क्यगीता वशिष्ठ गीता, मार्कण्डेय गीता, भृगु गीता, कपिल गीता, ब्रह्म गीता बृहस्पतिगीता उतथ्य गीता, पंचशिक्षा गीता, सावित्री गीता, ईश्वर गीता और व्यास गीता।
2. गीता शब्द-'गै' धातु से निष्ठा अर्थ क्त् प्रत्यय के योग से स्त्रीलिंग में टाप प्रत्यय लगाकर निष्फल होता है। दृष्टव्य वृहद अनुवाद चन्द्रिका-चक्रधर नौटियाल। जो शब्द क्त् प्रत्ययान्त होते हैं वे सब विशेषण कहे जाते हैं क्योंकि विशेषण वही होता है जो विशेष्य का बोध कराता है। गीता का विशेष्य अर्थ उस ग्राह्य अध्यात्म विद्या से लिया

जाता है, जिससे आत्मिक विकास होकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। द्रष्टव्य शिवराम आप्टेकृत संस्कृत हिन्दी कोश।

3. श्रीमद्भगवद्गीता-गीताप्रेस, गोरखपुर-पृ०4।
4. एस० राधाकृष्णन्: भारतीय दर्शन प्रथम भाग (अनु. नन्द किशोर विभि) राजपाल एण्ड संस, जनवरी 2004, पृ०430।
5. डॉ० एच एन मिश्र एवं डॉ० जमुना प्रसाद अवस्थी: नीतिशास्त्र की भूमिका हरियाणा साहित्य अकादमी प्रकाशन द्रष्टव्य सं० 1988, पृ०402
6. योग सूत्र1-2
7. योग सूत्र व्यासभाष्य 1-1
8. 'ब्रह्म विधानां योग शास्त्रे'-यह भगवद्गीता के प्रत्येक अध्याय का उपसंहारक कथन है।
9. भगवद्गीता 13-24
10. उपर्युक्त 14-26
11. उपर्युक्त 2-48
12. उपर्युक्त 8-13
13. उपर्युक्त 5 से 10 एवं 4-34 एवं 35
14. उपर्युक्त 5-171
15. उपर्युक्त 3-21 से 24
16. स्वामी दयानन्द सरस्वती: सत्यार्थप्रकाश आर्य साहित्य प्रचार ट्रस्ट, 2058 वि पृष्ठ । 24।
17. भगवद्गीता 2-50
18. भगवद्गीता 2-48
19. उपर्युक्त 2-58-591
20. पातञ्जल योग 1-3 पर व्यासभाष्य।
21. पातञ्जल योग सूत्र 2-29
22. उपर्युक्त 2-1
23. उपर्युक्त 1-12
24. उपर्युक्त 1-23
25. गीता की मुख्य समस्या कर्तव्य एवं अकर्तव्य की-मिश्र एवं अवस्थी-नीतिशास्त्र की भूमिका, पृ० 403।

22

भारतीय विचारधारा में गीता का महत्त्व

भगवद्गीता जो महाभारत के भीष्मपर्व का एक भाग है, संस्कृत-साहित्य का एक अत्यंत लोकप्रिय धार्मिक काव्य है। यह एक ऐसा ग्रंथ है, जिसमें दर्शन, धर्म अौ नीतिशास्त्र का समन्वय हुआ है। गीता भारतीय विचारधारा में सबसे अधिक प्रभ।वशाली है ग्रंथ है। गीता एक ऐसी विधि बतलाती है। जो सबकी पहुंच कें अंदर है और वह है भक्ति अर्थात् ईश्वर में श्रद्धा का भाव। गीता के पहले अध्याय में वर्णित निराशा, जिसमें अर्जुन डूबा हुआ है, ऐसी है जिसे योगी लोग आत्मा की अंधकरापूर्ण रात्रि कहते हैं। दूसरे अध्याय से लेकर आगे तक हमें दार्शनिक विश्लेषण मिलता है। प्रारम्भिक अध्याय में कृष्ण के मानवीय हृदय के अंतर्निरीक्षण की महत्ता का पता चलात है, जिसमें उन्हेंने बताया है, कि किस प्रकार हृदय के अंदर प्रेरक भावों का अंतर्द्वन्द्व चलता है, कहां तक र्स्वाथता प्रबल रहती है और पाप की भावना किस प्रकार मुनष्य को पथभ्रष्ट होने की प्रेरणा देती है। ज्यों-ज्यों संवाद आगे बढ़ता है, नाटकीय रूप विलुप्त हो जाता है। युद्ध का रथ जैसे ध्यान के लिए एकांत कोष्ठ बन जाता है और युद्धक्षेत्र का एक कोना, जहां कि संसार की ध्वनियां बंद हो चुकी होती हैं, सर्वोपरि सत्ता के विषय में विचार करने के लिए उपयुक्त स्थान बन जाता है।

गीता के संदेश का क्षेत्र सार्वभौम है। यह प्रचलित हिंदूधर्म का दार्शनिक आधार है। इसका रचयिता गहरी संस्कृति वाला है, समालोचक, न होकर सर्वग्राही है। वह किसी धार्मिक आंदोलन का नेता नहीं है, उसका उपदेश किसी संप्रदाय-विशेष के लिए नहीं है, उसने अपना कोई संप्रदाय स्थापित नहीं किया, किन्तु मनुष्य-मात्र के लिए उसका निर्दिष्ट मार्ग खुला है। सब प्रकार की उपासना-पद्धतियों के साथ उसकी सहानुभुति है और इसलिए हिंदूधर्म की भावना की व्याख्या के कार्य के लिए सर्वथा उपयुक्त है, क्योंकि हिंदूधर्म अपनी संस्कृति को भिन्न-भिन्न विभागों में विभक्त करने की इच्छा नहीं रखता और न ही अन्य विचारों की विधियों के प्रति खंडनात्मक भाव रखना चाहता है। गीता केवल अपने विचार की प्रबलता तथा दूरदर्शिता की भव्यता के ही कारण नहीं, अपितु भक्ति के प्रति गीता ने धार्मिक भावना की मधुरता

के कारण भी हमारे ऊपर अपना असर रखती है। यद्यपि गीता ने धार्मिक पूजा को विकसित करने और अमानुषिक प्रक्रियाओं का मूलोच्छेदन करने के लिए बहुत कुछ किया, तो भी अपनी खंडन-विरोधी प्रवृत्ति के कारण इसने पूजा की मिथ्याविधियों को सर्वथा नष्ट नहीं किया।

गीता तथा उपनिषद् का भाव प्राय: समान है, अंतर केवल यह है कि गीता में धार्मिक पक्ष पर अधिक बल दिया गया। उपनिषद् के सूक्ष्म अमूर्तभाव मनुष्य की आत्मा की जो नानाविध आवश्यकताएं हैं, उनकी पूर्ति नहीं कर सकते थे। जीवन के रहस्यों का समाधान करने के लिए किए गए अन्य प्रयत्न अपनी रचना में अधिकतर ईश्वरज्ञानपरक थे।

गीता के रचनाकाल में परमसत्ता की यथार्थता तथा मनुष्य की नियति के विषय में नाना प्रकार के मत फैले हुए थे। एक ओर उपनिषद् की परम्परा थी, जिसका आधार आत्मा की अंतर्दृष्टि था, दूसरी और सांख्य का सिद्धांत था जिसके अनुसार प्रकृति के साथ संबंध-विच्छेद करके मोक्ष प्राप्त किया जा सकता था। कर्ममीमांसा का मत था कि हम अपने कर्त्तव्यों का पालन करके पूर्णता को प्राप्त कर सकते हैं, भक्तिवाद भी था, जिसके अनुसार हृदय की उन्नति के द्वारा की मोक्ष आनंद प्राप्त किया जा सकता है, जबकि जीवात्मा का शांत जीवन संसार के नानाविध प्रकाश का स्थान ले लेता है। सर्वोपरि आत्मा को या तो अशरीरी परमसत्ता और शरीरधारी भगवान् समझा गया है। गीता का प्रयास यह है कि परस्पर-विरोधी एवं विषमांग तत्त्वों का संश्लेषणात्मक समन्वय करके उनका एक पूर्णरूप में एकत्रीकरण किया जाए। यही कारण है कि हमें इसके अंदर प्रकटरूप में मोक्ष के उद्देश्य तथा उसकी साधना के उपायों के विषय पर परस्पर-विरोधी मत मिलते हैं।

भारतीय परम्परा ने तो सदा ही ऐसा अनुभव किया है कि विरोधी तत्त्व भी इसके अंदर आकर एकरूप हुए हैं, किन्तु पश्चिमी विद्वानों का आग्रहपूर्वक कहना है कि उज्जवल अंशों ने गीता के ग्रंथकार के जैसे कुशल हाथों में पड़कर भी उसके अंदर एकीभूत हो जाने से इन्कार कर दिया।

गीता पर भारतीय लेखकों की अनेक टीकाएं मिलती हैं, जिनमें से मुख्य वे हैं जो वृत्तिकार शंकर, रामानुज, माध्व, वल्लभ, निम्बार्क और ज्ञानेश्वर ने लिखी हैं। आनंदगिरि कहते हैं कि वृत्तिकार बोधायन ने जिसने वेदांतसूत्रों पर वृहदाकार टीका लिखी, गीता पर भी वृत्ति (टीका) लिखी है (देखिए भगवत् गीता के भाष्य पर आनन्दगिरि, 2:10)। उनके अनुसार गीता ज्ञान और करण के संयुक्त मार्ग के अनुसरण का उपदेश करती है। उक्त दोनों में से कोई भी अकेला मोक्ष की ओर नहीं

ले जा सकता। शंकर का विश्वास है कि ज्ञान ही पूर्णता की प्राप्ति का उच्चतम् साधन है। साथ ही, उनका कहना है। संसार में अनेकता मनुष्य की अपूर्णता के कारण है। समस्त कर्म बंधन का कारण है क्योंकि यह द्वैत के मिथ्याभाव के ऊपर निर्भर करता है। जब सत्य ज्ञान हमारे द्वैतपरक विचारों को दूर कर देता है, तो जीवात्मा को त्राण मिल जाता है और उसके अंतर कर्म की कोई आवश्यकता नहीं रहती। अन्य सब मार्ग अर्थात् कर्म, भक्ति तथा योग केवल ज्ञान की ओर ही ले जाते हैं।

रामानुज जीव अर्थात् चित, संसार अर्थात् अचित् और ईश्वर इन तीन भिन्न-भिन्न सत्ताओं को मानते हैं और पहले दोनों को ईश्वर के शरीर के निर्माणकर्ता मानते हैं। अध्यात्म शास्त्र में वे इस प्रकार से परिवर्तित रूप में एकेश्वरवाद और क्रियात्मक रूप में भक्ति मार्ग पर आग्रह करते हैं। संकेत द्वारा वे सुझाव देते हैं कि वर्ण धर्मों का हमेशा पालन करना आवश्यक है। शंकर और रामानुज दोनों ही कर्म को कम महत्त्व देते है। यद्यपि उनके प्रेरणा हेतु भिन्न-भिन्न है। मध्याचार्य माया की कल्पना खण्डन करते हैं और परब्रह्म तथा जीवात्माओं के अन्दर परस्पर पारमर्थिक भेद को स्वीकार करते हैं। उनके मत में भी ईश्वर की भक्ति ही आनन्द प्राप्ति के लिए सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। यद्यपि वल्लभाचार्य घोषणा करते हैं कि ब्रह्म और पवित्र आत्मा एक है, तो भी उनके मत में जीव ब्रह्म का अंश मात्र है। माया रूपी जगत् मिथ्या नहीं है, क्योंकि माया ईश्वर की ही शक्ति है। जो उसकी इच्छा से उससे पृथक् होती है। ईश्वर की अनुकम्पा ही एक मात्र उपाय है, जिसके द्वारा जीवात्मा मोक्ष लाभ कर सकती है। निम्बार्क के अनुसार जगत्-जगत् और आत्माएं ईश्वर के ऊपर निर्भर है, जिसके अन्दर वे अवस्थित हैं यद्यपि सूक्ष्म अवस्था में उनकी कल्पना को द्वैतवादपरक अद्वैत नाम दिया गया है। ज्ञानेश्वर के मत में पतंजलि का योग ही गीता के उपदेश का लक्ष्य है। इससे कोई इंकार नहीं कर सकता कि गीता आत्मिक जीवन का पोषण करती है। जब तक हमारे अंदर धार्मिक भावना रहती है और हम रूढ़िपरक विचारधारा पर निर्भर रहते हैं, तबतक भावुकतापूर्ण एक अपूर्ण ज्ञान अथवा बोध की अवस्था ऐसी है, जो कल्पना का विषय बनती है और हमारी प्रकृति को ऊपर उठाती है, किन्तु समालोचनात्मक बुद्धि का उस ऊपर सावधानी के साथ कार्य करना होता है। इससे पूर्व कि वह उसमें से कोई संगतिपूर्ण पद्धति का विकास कर सके।

जब मनुष्य को इस बात का अनुभव हो जाता है कि नानाविध सत्ताओं का एक ही मूल है और सब उसी से निकली हैं, तब वह सर्वोपरि सत्ता के साथ ऐक्यभाव का अनुभव करता है। जब पदार्थ के साथ मिश्रण-संबंधी भ्रांति का अंत हो जाता है, तो विषयी सबमें एक समान दिखाई देने लगता है। कृष्ण ने जो अर्जुन को बलपूर्वक यह

कहा कि मरे हुओं के लिए शोक मत करो तो उसका आशय यह था कि मृत्यु एकदम विलोप का नाम नहीं है। व्यक्तिगत रूप बदल सकता है, किन्तु सारभूत तत्व का नाश नहीं होता। जब तक पूर्णता प्राप्त नहीं हो जाती, व्यक्तित्व का भाव विद्यमान रहता हैयह मरणधर्मा शरीर का ढाँचा भले ही बार-बार नष्ट हो जाए, आभ्यंतर व्यक्तित्त्व अपने अस्तित्व को सुरक्षित रखता है और एक नया रूप धारण कर लेता है। इस विश्वास से जीवन की प्रेरणा प्राप्त करके मनुष्य को आत्मज्ञान के लिए कार्य करना चाहिए। हमारी अविनश्वरता निश्चित है या तो अनंतता द्वारा अथवा पूर्णता की प्राप्ति द्वारा। हमारी उपलक्षित असीमता का यह केवल प्रकटरूप में आ जाना ही है। आत्मा के अस्तित्त्व के इस प्रतिपादन के आधार पर और उपनषिद् की अंतर्दृष्टि के इस समर्थन के द्वारा कि आत्मा अथवा निर्मल ज्ञाता हमारे शरीर के मिट्टी में मिल जाने पर भी अछूता अथवा अप्रभावित बचा रहता है, इस प्रकार श्रीकृष्ण ने अर्जुन के मन की बेचैनी को दूर किया था।

> **"आत्मा का जन्म कभी नहीं हुआ, न यह आत्मा कभी नष्ट होगी,**
> **ऐसा कोई समय नहीं था जबकि यह न रही हो, अंत और आदि केवल स्वप्नरूप है,**
> **उत्पत्तिरहित और मृत्युरहित यह आत्मा परिवर्तनरहित सदा एक समान रहती है,**
> **मृत्यु इसका बाल भी बांका नहीं कर सकती, यद्यपि इसका आवास स्थान मृत दिखाई देता है।"**

उपनिषद् की ही भावना के अनुकूल गीता भी आत्मा और ब्रह्म की एकता का प्रतिपादन करती है। गीता दर्शन के क्षेत्र में अद्वैत अर्थात् जीव और ब्रह्म की एकता के सिद्धांत को सत्य बताती है। सर्वोपरि ब्रह्म एक निर्विकार स्वतंत्र सत्ता है, "जिसके विषय में वेदांती वर्णन करते हैं, जिसे तपस्वी लोग प्राप्त करते हैं।" यह सबसे ऊंचा स्तर है और आत्मा के कालक्रम से गति करने का सर्वोपरि लक्ष्य है, यद्यपि अपने-आपमें यह गति नहीं है, अपितु एक स्तर है जो मौलिक है, सनातन है और सर्वोपरि है। गीता उपनिषद् के आदर्शवाद को मनुष्य-जाति के दैनिक जीवन के अनुकूल बनाने के लिए उत्सुक है और इसके लिए वह उक्त यथार्थ परमसत् की दैवीय क्रिया तथा प्रकृति के कार्यों में भाग लेने के विचार का समर्थन करते है।

परमपद की प्राप्ति से पूर्व पुनर्जन्म होता रहता है, यह गीता का मत है। अपूर्णता के कारण उत्पन्न जन्म का मृत्यु में जन्म में परिणत होना आवश्यक है। जन्म और मृत्यु का चक्र वैसा ही है जैसा कि शैशवकाल, युवावस्था और उसके पश्चात् वृद्धावस्था मनुष्य के शरीर में आते हैं।

"जैसे मनुष्य पुराने कपड़ों को बदलकर नये कपड़े धारण करता है, वैसे ही जीर्ण शरीरों को धारण कर लेता है। मृत्यु तो केवल एक घटना है, जो घटनास्थिति को बदल देनेमात्र कार्य करती है, अन्य कुछ नहीं।"

मनुष्यों की परस्पर-विभिन्नता, उनकी सांतता और उनका व्यक्तित्व, यह सब केवल आनुषंगिक है और यह वस्तुरूप में सत्य नहीं है। कोई भी मनुष्य शांति के रहस्य को, जो एकमात्र स्थायी और निरापद है, प्राप्त नहीं कर सकता, जब तक कि वह भासमान आत्मनिर्भरता अथवा पृथकत्व के बंधन को नहीं तोड़ देता। यथार्थ मोक्ष से तात्पर्य है आत्मा का ऊपर उठना अथवा उच्च श्रेणी की सत्ता के साथ संयुक्त होना, चाहे वह तर्क द्वारा या कि प्रेम अथवा जीवन द्वारा सिद्ध हो, जिस लक्ष्य पर पहुंचने के लिए हम पुरुषार्थ करते हैं वह ब्रह्ममत्व की प्राप्ति है अथवा ब्रह्म के साथ सम्पर्क है, ब्रह्मसंस्पर्शम्। यही एकमात्र परम उत्कर्ष है।

यह सब मनुष्यों के सामर्थ्य में है कि वे पाप का नाश कर सकें, शारीरिक भ्रष्यचार को दूर कर सके, निम्न श्रेणी की प्रकृति का त्याग कर सके तथा वासना की दासता से इन्द्रियों की रक्षा कर सकें। संघर्ष में प्रवृत्त प्रत्येक मनुष्य को चहिए कि वह अपनी स्वतंत्र दृष्टि से सत्य का साक्षात्कार करने, अपनी स्वतंत्र बुद्धि से सत्य का निर्णय करने और अपने सच्चे हृदय से सत्य को प्रेम करने के लिए निरंतर प्रयत्न करता रहे। स्वयं प्राप्त सत्य का अन्यों भी अयों के द्वारा प्राप्त पूर्ण सत्य से कहीं अधिक मूल्यवान होता है।

मनुष्य बुद्धि, इच्छा और भावना इन सबका सम्मिश्रण है, और इस प्रकार अपनी आत्मा के सत्य प्रकाश का साक्षात्कार इन्हीं सबके द्वारा प्राप्त करने की चेष्य करता है। वह सर्वोपरि यर्थाथसत्ता के ज्ञान द्वारा, अथवा किसी पहुँचे हुए महात्मा पुरुष के प्रति प्रेम व भक्ति के द्वारा अथवा अपनी इच्छा को किसी दैवीय प्रयोजन के अधीन करके लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उसके अपने अंदर एक प्रकार की प्रेरणा है, जो उसे बाध्य करती है, वह उक्त भिन्न-भिन्न दिशाओं में इस अल्पज्ञ आत्मा से ऊपर उठ सके। हम चाहे जिस दृष्टिकोण को भी अंगीकार करे, लक्ष्य सबका एक ही है। यह हमारे नाना पक्षों की एक समान क्षमता है, जिससे सत्य की प्राप्ति होती है, सौंदर्य का निर्माण होता है और हमारा आचरण निर्दोष होता है। गीता इस विषय पर विशेष बल देती है कि चेतनामय जीवन के किसी भी दृष्टिकोण या पक्ष एक अविकल एवं अखंड दैवीय जीवन में जाकर पूर्णता को प्राप्त होते हैं। ईश्वर स्वयं सत् चित् और आनंद हैं, यथार्थ सत्य एवं आनंद रूवरूप है। वह परब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति के लिए पुरुषार्थ करने वालों के लिए अपनी अभिव्यक्ति एक शाश्वत प्रकाश

के रूप में करता है, जो निर्मल, स्वच्छ है, और दोपहर के सूर्य की भांति पूर्ण ज्योतिर्मय है, जिसमें अंधकार का लेशमात्र नहीं है, उन व्यक्तियों के लिए जो पुण्य-अर्जनकरने के लिए पुरुषार्थ कर रहे हैं, वह शाश्वत, न्यायपरायण, दृढ़ एवं निष्पक्ष रूप में प्रकट होता है, और इसी प्रकार ऐसे व्यक्तियों के लिए जो भावना प्रधान है, वह शाश्वत प्रेम और पवित्रता सबको समाविष्ट रखता है, उसी प्रकार ईश्वर अपने अंदर ज्ञान, साधुता और पवित्रता सबको समाविष्ट रखता है, उसी प्रकार मनुष्यों का उद्देश्य भी आत्मा की पूर्णता प्राप्त करने का होना चाहिए। जब हम अपने गंतव्य लक्ष्य तक पहुंच जाते हैं, तो मार्ग में रुकावटें फिर अपना कार्य करना छोड़ देती है। यह सत्य है कि मनुष्य के इस सात जीवन में चिन्तन और कर्म में एक प्रकार का विरोध प्रतीत होता है, किन्तु यह केवल हमारी अपूर्णता का लक्षण है। जब कृष्ण से पूछा गया कि हम कौन से विशेष मार्ग का आवलम्बन करें तो वे स्पष्टरूप में कहते हैं कि इसके लिए हमें परेशान होने की जरूरत नहीं, क्योंकि भिन्न-भिन्न मार्ग अंत में जाकर भिन्न नहीं रहते, अपितु एक ही सामान्य लक्ष्य की ओर हमें ले जाते हैं और अंत में एक ही प्रतीत होते हैं, भले ही वे बीच में एक दूसरे को काटते हुए प्रतीत होते हो। मनुष्य खंडरूप में कार्य नहीं करता। उन्नति परस्पर सम्बद्ध और असम्बद्ध विकास की अवस्था है। ज्ञान, मनोभाव और इच्छा आत्मा की एकमात्र और समान गति के भिन्न-भिन्न रूप है।

गीता ने अपने समय के प्रचलित विभिन्न आदर्शों में समाजस्य स्थापित करके उनके अंदर जहां कहीं सीमा का उल्लंघन हुआ, उसे सुधारने का प्रयत्न किया। बौद्धिक जिज्ञासा, श्रमसाध्य आत्मत्याग, उत्कट भावनामयी भक्ति, कर्मकांड का अनुष्ठान तथा यौगिक प्रक्रियाओं के बारे में यह समझा जाता था कि ये दैवीय शक्ति के पास पहुंचाते हैं। गीता इन सबका समन्वय करती है और इनमें से प्रत्येक का कौन-सा उचित स्थान है तथा क्या महत्व है इसे दर्शाती है। इसके मत में संयुक्त मोर्चे का प्रभाव सदा ही होता है, ऐसे समन्वयकारक आदर्श से, जो उक्त सब विधानों का लक्ष्य है, विश्व के साथ मनुष्य की घनिष्ठता बढ़ती जाती है, जिसका अधिष्ठाता पुरुषोत्तम है।

मधुसूधन सरस्वती के विचार में गीता उपनिषद् में वर्णित तीन विद्याएँ, अर्थात् कर्म, उपासना और ज्ञान को स्वीकार करती है, और क्रमशः प्रत्येक के ऊपर 6 अध्यायों में प्रतिपादन किया गया है। इसमें सत्य का अंश भले ही जो कुछ हो, किन्तु यह चेतनामय जीवन के तीन बड़े विभागों पर बल देती है। गीता इस विचार को प्रश्रय देती है कि भिन्न-भिन्न श्रेणी के मनुष्यों के लिए भिन्न-भिन्न श्रेणी के मनुष्यों के

लिए भिन्न-भिन्न मार्ग आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए विहित हो सकते हैं, जैसे कुछेक नैतिक जीवन की उलझनों के मार्ग से, दूसरे बुद्धि से उत्पन्न संशयों के द्वारा और तीसरे पूर्णता की प्राप्ति के लिए जो भावनामयी मांग मनुष्य के अंदर उत्पन्न होती है, उसके कारण, आध्यात्मिक ज्ञान की और प्रवृत्त होते हैं।

गीता दो प्रकार के ज्ञान का प्रतिपादन करती है-एक वह जो बुद्धि के द्वारा वाह्य जगत के अस्तित्व को समझने का प्रयत्न करता है, और दूसरा वह जो अन्तरदृष्टि के बल से इन भासामान घटनाओं की शृंखला की पृष्ठभूमि में जो परम तत्व हैं उसे ग्रहण करता है। मनुष्य की आत्मा जब तार्किक बुद्धि के अधीन रहती है तो, अपने को प्रकृति के अन्दर खो बैठने के प्रति प्रवृत्त होती है और उसी की गतिविधि के साथ अपना तादात्म्य समझने लगती है। इस जीवन के तथ्य को अर्थात् इसके उद्भव एवं यथार्थता के ज्ञान को ग्रहण करने के लिए इसे मिथ्या ज्ञान के पाश से अपने को मुक्त करना आवश्यक है। जीवन के विवरणों को बुद्धि के द्वारा जानने का नाम विज्ञान है और साधारण ज्ञान से भिन्न है अथवा समस्त जीवन के सामान्य आधार का संपूर्ण ज्ञान है। ये दोनों एक ही पुरुषार्थ के दो भिन्न पक्ष है। समस्त ज्ञान ईश्वर का ज्ञान है। विज्ञान और दर्शन दोनों ही अनादि-अनन्त आत्मा के अन्दर वस्तुओं के एकत्व रूपी सत्य को पहचानने का प्रयत्न करते हैं। कहा जाता है कि विज्ञान-विषयक ज्ञान रजोगुण प्रधान है एंवं अध्यात्मिक ज्ञान सर्वगुण प्रधान है। यदि हम भौतिक विज्ञान के आंशिक तथ्यों को भूल से आत्मा संबंधी पूर्ण तथ्य समझ लें, तो हमें निम्न श्रेणी का ज्ञान प्राप्त होता है। जिसमें निम्नतम श्रेणी के तमों गुण का प्राधान्य रहता है। जब तक हम भौतिक ज्ञान के स्तर पर रहते हैं, आत्म विषयक तथ्य केवल कल्पना मात्र रहता है। अन्तरहित परिणाम सत्वस्वरूप को आवृत्त कर लेता है। विज्ञान उस अंधकार को दूर कर लेता है, जो मन के ऊपर एक प्रकार का बोझ है और अपने भौतिक जगत की अपूर्णता को प्रदर्शित कर देता है, और अपने से सूदूर जो सत्ता है, उसे प्राप्त करने के लिए तैयार करता है। यह हमारे अन्दर नम्रता को भी अनुप्राणित करता है, क्योंकि इसके द्वारा हम सबकुछ नहीं जान सकते। हम अतीत की विस्मृति और भविष्य की अनिश्चितता के मध्य फंसे हुए हैं। विज्ञान इस बात को स्वीकार करता है कि पदार्थों के आदि कारणों से परिचित होने की काल्पनिक इच्छा करना और मनुष्य जाति का अन्त क्या है इस विषय पर कल्पना करना एक निरर्थक प्रयास है। यदि हमें परमसत्य तक पहुँचना है, तो विज्ञान के स्थान में दूसरी ही साधना का आश्रय लेना होगा। गीता की सम्मति में परिप्रश्न अथवा अनुसंधान के साथ-साथ सेवा का भी मेल होना आवश्यक है। अन्त्रर्दृष्टि की शक्ति के विकास के लिए हमें

मन को दूसरी दिशा में घूमाने की आवश्यकता है अर्थात् आत्मा के दृष्टिकोण में परिवर्त्तन होना आवश्यक है।

गीता हमारे सामने कुछ ऐसे सामान्य सिद्धांत प्रस्तुत करती है, जिन्हें सब श्रेणी के विचारक स्वीकार कर सकते हैं। हमें श्रद्धा रखने एवं विध्वंसात्मक मनोवृत्तियों का दमन करने का आदेश दिया गया है और ईश्वर के विचार को दृढ़ता के साथ धारण करने का आदेश है। आध्यात्मिक दर्शन के लिए मौन एवं शान्ति का वातावरण आवश्यक है। मौन अवस्था में जो मन को वश में करने से ही संभव है, हम आत्मा के शब्द को सुन सकते हैं। यथार्थ योग है, जो हमें आध्यात्मिक निष्पक्षता अर्थात् समत्व प्राप्त करा सके।

मधुसूदन सरस्वती ने एक श्लोक वशिष्ठ से उद्धत किया है। "मन के अहंकार आदि का दमन करने के लिए योग और ज्ञान दो ही साधन है। योग चित की वृत्तियों के निरोध का और ज्ञान सम्यक् अन्वेक्षण का नाम है। कुछ श्रेणी के व्यक्तियों के लिए योग साधन संभव नहीं है और इसी प्रकार कुछ श्रेणी के व्यक्तियों के लिए ज्ञान संभव नहीं है।" आध्यात्मिक अन्तर्दृष्टि में कर्म और उपासना भी सहायक हो सकते हैं।

आध्यात्मिक अन्तर्दृष्टि जो स्वरूप में साक्षात्कार कराने में अधिक सामर्थ है, ऐसा निश्चयात्मक ज्ञान नहीं देती, जिसकी समालोचना न हो सकें। इसे वैज्ञानिक निर्णय का समर्थन प्राप्त है। यह ज्ञान का कठोर तपस्या और रजोवृत्ति के साथ संयोग है और यह ऐसा पूर्ण अनुभव है जो हमें प्राप्त होना संभव हो सका है, जिसमें मन को किसी प्रकार की दुविधा न रहकर आत्मा की सच्ची शान्ति तथा विश्रान्ति का अनुभव प्राप्त हो सकता है।

जहां एक बार ज्ञान संबंधी अनुभव प्राप्त हो गया, तो चेतना के इतर पक्ष भी, यथाभावना और इच्छा, अपने आप को प्रकट करने लगते हैं। ईश्वर का दर्शन आध्यात्मिक प्रकाश में तथा सुख के वातावरण में प्राप्त होता है। संपूर्ण जीवन की महत्त्वाकांक्षा एक प्रकार से अन्नत की निरन्तर अराधना बन जाती है। ज्ञाता भी एक भक्त है और सबमें सर्वश्रेष्ठ है। जो मुझे जानता है मेरी पूजा करता है। सत्य का ज्ञान अपने हृदय में सर्वोपरि ब्रह्म के प्रति ऊँचा उठाना उसे स्पर्श करना और उसकी अर्चना करना है। एक क्रियात्मक प्रभाव भी है। जितने ही अधिक प्रगाढ़रूप में हमें अपने स्वरूप का ज्ञान होगा उतने ही अधिक गहराई के साथ हम औरों की यथार्थ की आवश्यकताओं को जान सकेंगे। हमारे सामने बुद्ध का उदाहरण है जो सबसे बड़ा ज्ञानी और धर्मात्मा था। मनुष्य मात्र के प्रति उसके प्रेम ने उसे निरन्तर चालीस वर्षों तक मनुष्य मात्र का शासक बनाकर रखा।

कभी-कभी ऐसा तर्क उपस्थित किया जाता है कि ज्ञान तथा बुद्धि का नैतिकता के प्रति उपेक्षा का भाव रहता है। यह कहा जाता है कि बुद्धि चरित्र का अनिवार्य अंश नहीं है। बुद्धि के द्वारा हम निर्णय-संबंधी भूलें ही करते हैं, जो दृष्टि से अनुचित कहलाएंगी। बुद्धि स्वयं में न अच्छी हैं, न बुरी है, क्योंकि इसका प्रयोग सदाचारमय जीवन की उन्नति तथा विनाश दोनों ही कार्यों में किया जा सकता है। ज्ञान अर्थात् गीता का हमें एकपक्षीय मतो एवं संकुचित दृष्टिकोणों से हटाकर सर्वग्राही सत्य की ओर ले जाता है। जहां हमें यह अनुभव होता है कि मनुष्यों के अन्दर परस्पर के मतभेद परमरूप में कोई अस्तित्त्व नहीं रखते और ऐसा कोई भी आचरण, जिसका आधार मिथ्याभेदों के ऊपर है, धार्मिक कहा जा सकता है। मनुष्यों के जीवन कामूल एक ही है और एक स्वयं सिद्ध अनादि अनन्त आत्मा सब मनुष्यों के जीवन में जीवित रूप में समान शक्ति के साथ कार्य कर रही है। इस सत्य का साक्षात्कार हो जाने पर इंद्रियां एवं जीवात्मा दोनों ही अपनी शक्ति से वंचित हो जाती है।

मुक्त व्यक्ति समस्त पुण्य पाप से परे हैं। पुण्य भी पूर्णता के रूप में परिणत हो जाता है। मुक्त पुरुष जीवन के केवल नैतिक नियम से ऊपर उठ कर प्रकाश, महत्ता और आध्यात्मिक जीवन की शक्ति को पहुँचाता है, यदि उसने ऐसे कोई बुरे कर्म भी किए होंगे जो कि साधारण परस्थिति में इस पृथ्वी पर दूसरे जन्म की आवश्यकता का कारण बन सके, तो ही इसकी आवश्यकता नहीं रहती है। सामान्य नियमों तथा विधि-विधानों से वे मुक्त है। जहां तक लक्ष्य का संबंध है, गीता के मत में परम व्यक्तिवाद की महत्ता है। यदि यह मुक्त पुरुष नीत्शे के अतिमानव का अनुकरण करें, तो यह एक भयावह सिद्धांत होगा, जिसका दुर्बल तथा अयोग्य तथा अपांग एवं अपराधी व्यक्तियों के कोई नाता नहीं। यद्यपि सामाजिक कर्त्तव्यों से वे मुक्त है, तो भी गीता मुक्तात्मा समाज के ऐसे व्यक्तियों को भी कभी नहीं भूलती। मुक्त व्यक्ति अपने-आपमें कभी उद्धिग्नता का भाव नहीं आने देते और न दूसरों को कभी उद्धिग्न करते हैं। जगत् के कल्याण के लिए कार्य करना उनका स्वभाव बन जाता है। ये श्रेष्ठ व्यक्ति एक समान मन से इस लोक के सब पदार्थों के साथ व्यवहार करते हैं। वे गतिशील और रचनात्मक धार्मिक जीवन के प्रतीक हैं और इस बात का ध्यान रखते हैं कि सामाजिक नियम मनुष्य के जीवन के धार्मिक पक्ष को पुष्ट करने में पूर्णतया सहायक सिद्ध हों। वे अपने नियत कर्म को करते है, जिसका आदेश उनके अन्दर अवस्थित दैवी शक्ति करती है।

जहां एक ओर गीता सामाजिक कर्तव्यों पर बल देती है, यह सामाजिक स्थिति से ऊपर भी एक अवस्था मानती है। मनुष्य समाज से पृथक् भी मनुष्य की एक अनन्त नियति है। संन्यासी सब नियमों, वर्णों और समाज से भी ऊपर है। यह मनुष्य

के अनन्त गौरवपूर्ण पद का प्रतीक है, जो अपने को समस्त वाह्य पदार्थों से पृथक् कर सकता है, यहां तक कि स्त्री तथा बच्चों से पृथक् और आत्म निर्भर होकर यह स्थल के एकान्त में जाकर बैठ सकता है, यदि उसका ईश्वर उसके साथ है। संन्यासी जिस आदर्श को अंगीकार करता है, वह त्याग और तपस्या का नहीं है। वह समाज से अलग रहकर भी मनुष्य मात्र के प्रति करुणा का भाव रखता है। महादेव ने हिमालय के बर्फीले शिखरों पर बैठकर मनुष्य जाति की रक्षा के लिए विषपान किया था।

संदर्भ-ग्रंथ सूची

1. भगवद्गीता, डॉ० एस गोपाल प्रकाशक: हिंद पाकेट बुक प्राइवेट लि०2001
2. भारतीय दर्शन, डॉ० राधाकृष्णन् 1998
3. उपनिषद्-मञ्जरी, डॉ० प्रभुनारायण शर्मा सहृदय शास्त्री 1995
4. श्री राघवेन्द्रयति कृत गीतार्थ संग्रह (गीता विवृत्ति)

23

आधुनिक समाज में भगवद्गीता के निष्काम कर्म सिद्धान्त की प्रासंगिकता

भगवद्गीता एक सम्पूर्ण जीवन-दर्शन है। दर्शन का उद्देश्य मानव मात्र को दुःख निवृत्ति की ओर प्रवृत्त करना है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु समय-समय पर अनेक महापुरुषों ने कई उत्कृष्ट मार्गों की प्रतिस्थापना की। भगवान् कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए मानव समाज के लिए गीता में भक्ति, ज्ञान तथा कर्म योग के द्वारा मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। यदि आवश्यकता है, तो नित्य प्रति के व्यावहारिक जीवन में उचित रूप से इन मार्गों में से किसी भी मार्ग का अनुसरण करने की। ज्ञान तथा भक्ति योग, तो पूर्ण वैराग्य तथा दुर्लभता युक्त है। साथ ही, जनसामान्य के लिए व्यावहारिक रूप से कठिन भी है, इसलिए दोनों के बीच का तथा वैयक्तिक व सामाजिक रूप से कर्मयोग ही जनसामान्य के लिए श्रेष्ठ मार्ग है। निष्काम कर्मयोग लौकिक व अलौकिक दोनों प्रकार की उन्नति हेतु सामञ्जस्य पूर्ण मार्ग है। निष्काम कर्म सिद्धान्त गीता का अत्याधिक महत्वपूर्ण पक्ष है। जो तत्कालीन समाज के समान आज भी प्रासंगिक है, किन्तु इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को इस सिद्धान्त का आत्मारोपण करते हुए सर्वप्रथम अपनी जीवन शैली का नीति निर्देशक तत्त्व बनाना आवश्यक है। इसके लिए इस सिद्धान्त को गहन विवेचन के साथ समझना चाहिए। इसे समझकर अपनाते हुए ही मानव समाज सर्वोच्च भौतिक लक्ष्यों के साथ निःश्रेयस् के उच्चतम् उद्देश्य को प्राप्त करने में सक्षम होगा। इसके लिए गीता में निष्काम कर्म का स्थान व सामाजिक परिप्रेक्ष्य में इसकी उचित व्याख्या आवश्यक है।

इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु यह शोध पत्र एक विनम्र प्रयास है। शोध पत्र को हम तीन भागों में विभाजित करके निष्काम कर्म की महत्ता को विवेचित करने व आधुनिक समाज में इसकी प्रासंगिकता को सिद्ध करने का प्रयास करेंगे। प्रथम भाग में-कर्म का अर्थ, प्रकारदि के साथ निष्काम कर्म की उपयोगिता व सकाम कर्म के नकारात्मक बिन्दुओं को स्पष्ट करेंगे। द्वितीय भाग में, गीता के निष्काम कर्म की अवधारणा को स्पष्ट करेंगे। तृतीय भाग में इसकी समीक्षा। निष्कर्ष के द्वारा आधुनिक समाज में निष्काम कर्म की प्रासंगिकता को सिद्ध करने का प्रयास करेंगे।

प्रथम भाग

सर्वप्रथम कर्म शब्द के अर्थ कर्म सिद्धान्त की उत्पत्ति, कर्म के प्रकार, निष्काम कर्म का उचित विवेचन, उपयोगिता व सकाम कर्म की कमियों का अध्ययन करेंगे।

संस्कृत की 'कृ' धातु से निर्मित कर्म शब्द का अर्थ है-सामान्यतः मनुष्य द्वारा की जाने वाली शारीरिक व मानसिक ऐसी क्रिया जो वाह्य या आन्तरिक जगत् में कोई परिवर्त्तन करती है। कर्म सिद्धान्त का प्रतिपादन प्राचिन वैदिक काल से ही कर दिया गया था।

प्रो० एम० एल० गुप्ता के अनुसार-"कर्म सिद्धान्त का प्रतिपादन वैदिक काल के अन्तिम वर्षों में (लगभग ईसा से 700 वर्ष पूर्व) किया गया। 'ऋत्' अवधारणा के महान ब्रह्मण्डीय नियम में समस्त देवी देवता व प्राणी कर्म फलानुसार बंधे हुए हैं। इसलिए सद्कर्म जरूरी है। कर्म का तात्पर्य जागरूक क्रिया व पुरुषार्थों को पूर्ण करना है। इसके पश्चात् कर्म सिद्धान्त को वेज्ञानिक आधार पर व्यापक जीवन-दर्शन के रूप में प्रस्तुत किया गया है। उपनिषद् पर आधारित होते हुए भी यह अधिक प्रगतिशील व प्रेरणा दायक है।[1]"

कर्म दो प्रकार के होते हैं-अनैच्छिक व ऐच्छिक। अनैच्छिक कर्म हमारे नियन्त्रण इच्छा शक्ति से बाहर होते हैं। जैसे साँसे चलना व हृदय का धड़कना। ये कर्म जैविक रूप से महत्वपूर्ण हैं, किन्तु सामाजिक व नैतिक रूप से इनका कोई महत्व नहीं। दूसरे प्रकार के कर्म-ऐच्छिक-हमारे नियन्त्रण में व इच्छा से प्रभावित, सामाजिक व नैतिक रूप से महत्वपूर्ण है। समाज की वास्तविक स्थिति का निर्धारण यही कर्म करते हैं। कर्म सिद्धांत में कर्म शब्द का अर्थ इन्हीं कार्यों से लिया जाता है। इन्हीं से शुभ-अशुभ, सुखद-दुःखद फल उत्पन्न होते हैं।

फल की दृष्टि से ऐच्छिक कार्य के दो प्रकार हैं-

सकाम व निष्काम। यों तो सामान्यतः सकाम का अर्थ-कामना सहित अर्थ फल की प्राप्ति की कामना व निष्काम का अर्थ बिना फल की इच्छा के कार्य करने से है, किन्तु दोनों ही कर्मों में फल तो प्रेरक का कार्य करता ही है। यही कर्ता को कर्म के लिए प्रेरित करके उसमें इच्छा व संकल्प जगाता है तथा कर्म के पश्चात् फल तो स्वाभाविक है। फल तो निर्धारित होता है कर्म करें या ना करें, ऐसा भाव व्यक्ति का नियतिवाद की ओर ले जाता है जो कर्मवाद के विपरीत है। कर्म तो मनुष्य के प्राकृतिक गुणों के कारण उसकी बाध्यता है अर्थात् कर्म तो करना ही है। अब यह व्यक्ति के कर्म में निहित भाव पर निर्भर है कि सफल होता है अथवा निष्फल।

निष्काम कर्म को दो अर्थों, फल की इच्छा न करना व फल निर्धारित है, इसलिए कार्य करना या न करना बराबर है, में सामान्यतः लिया जाता है। पहले बिन्दु में फल को केवल प्रेरणा स्रोत मानकर कर्म करना समझना चाहिए अर्थात् कर्म निरूद्देश्य ना हो लेकिन उसे फल को केन्द्र बिन्दु बनाकर नहीं करना चाहिए। अपने कर्म पक्ष को हम इतना सबल व शक्तिशाली बना देंगे कि फल स्वाभाविक रूप से सकारात्मक ही आएगा। यदि किसी कारणवश फल हमारे अनुकूल न हो तो हमें अपने कर्म में कमियां खोजनी चाहिए। निराश तो हम तब भी नहीं होंगे क्योंकि हमने फल को केवल प्रेरक माना उसे अपने कर्मों से ऊपर नहीं रखा। दूसरा अर्थ ग़लत है कि जब फल मिलना निश्चित है, तो कर्म करने या न करने का कोई महत्व नहीं। यह अर्थ स्वीकार्य नहीं है क्योंकि ऐसा गलत अर्थ व्यक्ति को नैतिक सिद्धान्त व स्वत्रन्ता की समाप्ति की ओर ले जाता है।

इसलिए निष्काम कर्म का अर्थ हमें इतना जानना चाहिए कि कर्म पर पूर्ण ध्यान एकाग्र हो फल केवल प्रेरक हो केंद्र बिंदु नहीं। जबकि सकाम कर्म में व्यक्ति का पूर्ण ध्यान फल प्राप्ति पर एकाग्र रहता है, जिससे कर्म पक्ष सशक्त नहीं होता तथा फल भी उसके कारण अनुकूल नहीं मिलता। निष्काम कर्म में फल व कर्म सफलता व विफलता दोनों ही संतुलित अवस्था में रहते हैं। जबकि सकाम कर्म में ये असंतुलित रहते हैं। निष्काम कर्म में व्यक्ति संतुष्ट रहता है कि कर्म पूरा किया व सफलता विफलता में समभाव रहता है। निराशा नहीं होती अर्थात् कार्य की गुणवत्ता सकाम या निष्काम भाव पर निर्भर है। निष्काम भाव में उच्च गुणवत्ता व सकाम में निम्न रह्नी है, इसलिए अपेक्षित फल के अधिकांश अवसर निष्काम भाव द्वारा ही प्राप् होते हैं।

आधुनिक समाज में कर्मों की अधिकता है, जिसके अत्याधिक घातक परिणाम हैं। जैसे–

1. नकारात्मक फल के भय से अकर्मण्यता की ओर अग्रसर होना।
2. पूर्ण एकाग्रता फल पर रखने के कारण कर्मों की गुणवत्ता का ह्रास होना।
3. कर्मों में अव्यवस्था, अदूरदर्शिता, श्रम से विमुखरता, अनिवार्य या गलत निर्णय, अनुभवहीनता, नितान्त भौतिकवादि दृष्टिकोण होने से अनुकूल फल न मिलना।
4. कार्यदक्षता, रचनात्मकता, दीर्घकालिकता, मूल्यांकन क्षमता, बुद्धिलब्धि नैतिक मूल्यों व कार्य की गुणवत्ता का स्तर गिरना।

5. यदि कुछ भौतिक, वैयक्तिक, उन्नति हो भी जाए, तब भी लोकसंग्रह (सामाजिक हितभाव) के न होने से समाज की अवनति स्वत: ही हो जाएगी।

इन सभी तथ्यों से सिद्ध होता है कि सकाम कर्म निम्नतम श्रेणी का है। अब हम निष्काम कर्म को भी इसी कसौटी पर सिद्ध करने का प्रयास करेंगे। निष्काम कर्म उच्च गुणयुक्त एक पूर्ण मनोवैज्ञानिक पद्धति है। इसमें कर्म की गुणवत्ता उच्च व फल की इच्छा के केन्द्र में न होने के कारण फल स्वाभाविक ही सकारात्मक होते हैं। यदि किसी परिस्थिति वश ऐसा नहीं हो पाया, तब भी दृष्टिकोण सकारात्मक होने के कारण निराशा उत्पन्न नहीं होती व अगली बार कर्मपक्ष को और अधिक सशक्त बनाने पर ध्यान दिया जाता है इससे कुछ इस प्रकार के परिणाम हो सकते हैं–

1. व्यक्तियों में आशावादिता, श्रमशीलता, दूरदर्शिता, उचित निर्णय क्षमता, अनुभव, चतुरता, रचनात्मकता, बौद्धिकता, मूल्यांकन क्षमता, नैतिकता, व आध्यात्मिकता व सकारात्मक दृष्टिकोण आदि का विकास होगा।
2. भौतिक साधनों की लोलुपता का अभाव होने से व्यक्ति केवल फल विचार में संलग्न नहीं होगा व आध्यात्मिक उच्चता को प्राप्त करेगा। वैयक्तिक व सामाजिक विकास की संभावनाएं बढ़ जाएँगीं।

उपर्युक्त से यह स्पष्ट होता है कि "फलासक्ति से रहित होकर किये गये कर्म अर्थात् केवल स्वयं के लाभ की इच्छा से नहीं बल्कि सामाजिक लाभ को भी दृष्टिगत रखते हुए कर्म करना ही निष्काम कर्म है। इस प्रकार इन कर्मों का एकमात्र उद्देश्य लोकसंग्रह या सामाजिक कत्तव्य का निर्वहन है। इस प्रकार के कर्म के मूल में मनुष्य के मन में केवल स्वयं के लिए कुछ प्राप्त करने की इच्छा नहीं रहती। यही कर्म मनुष्य के लिए श्रेयस्कर है।[2]" क्योंकि इस प्रकार के कर्मों में व्यक्ति फल को केवल प्रेरक मानेगा उसे कर्म पक्ष की प्रबलता से स्वाभाविकता से प्राप्त करेगा।

इस प्रकार मनुष्य कर्म द्वारा भाग्य निर्माण हेतु स्वतन्त्र है। यह नियतिवाद का खंडन करता है अत: निष्काम कर्म व्यक्ति के मुक्ति मार्ग व लोकसंग्रह के रूप में महत्वपूर्ण है। यह तीनों में सामञ्जस्य प्रस्तुत करता है। साथ ही, व्यक्ति के लिए मोक्ष हेतु भक्तियोग व ज्ञान योग के विकल्प के रूप में मध्यम मार्ग का कार्य करता है। अब शोध पत्र के द्वितीय भाग में भगवद्गीता की निष्काम कर्म अवधारणा को स्पष्ट करने का प्रयत्न करेंगे।

द्वितीय भाग

यदि गीता में प्रतीकात्मकता पर ध्यान दिया जाए, तो यह तथ्य सामने उपस्थित होता है, कि ऐतिहासिक अर्जुन नैतिक मन व ऐतिहासिक कृष्ण विवेक के समान है तथा ऐतिहासिक कुरूक्षेत्र हमारा व्यक्तित्व है। वास्तव में गीता का आरम्भ मानसिक विषाद य संशय से होता है। मन कई विकल्पों पर दौड़ता है, प्रत्येक की मीमांसा की जाती है। तदुपरांत निश्चय करके ही दृढ़ संकल्प करता है। आधुनिक काल में प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक दिन इसी कुरूक्षेत्र जैसी मानसिक अवस्था से गुजरता है। उस समय आवश्यकता होती है, ऐसे सिद्धान्त की जो हमारा उचित मार्गदर्शन करते हुए हमारे व्यावहारिक, नैतिक तथा अध्यात्मिक पक्ष को भी उन्नत बनाये। ऐसा सिद्धांत निष्काम कर्म मार्ग है। इसी पर गीता में विशेष बल दिया गया है व सभी प्रकार के योग में से निष्काम कर्म योग को श्रेष्ठतय बताया गया है। यह वैयक्तिक व सामाजिक दोनों ही दृष्टियों से उन्नत है जबकि भक्ति व ज्ञान का लक्ष्य वैयक्तिक अधिक व लोक संग्रह या सामाजिक कम ही है।

भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय से ही भगवान कृष्ण निष्काम कर्म को स्पष्ट करने लगते हैं, 42वें व 44वें श्लोक में वे अर्जुन से कहते हैं कि जो पुरुष भोगों में तन्मय कर्मफल के प्रशंसक वेदवाक्यों में प्रीति रखते हुए भी स्वर्ग को सुख प्राप्ति का सबसे बड़ा माध्यम मानते हैं। ऐसा प्रत्येक व्यक्ति दिखाऊ सुन्दर वाणी व अविवेकी होता है तथा कर्मफल के रूप में अगला जन्म भोगने योग्य है। जो भोग व ऐश्वर्य में अत्यन्त आसक्त है। उस पुरूष की परमात्मा में निश्चयात्मक बुद्धि नहीं होती[3]।

इस प्रकार के उपदेश से श्रीकृष्ण स्पष्ट कर रहे हैं कि सकाम कर्म अर्थात् फल में आसक्ति रखना धार्मिक होते हुए भी व्यक्ति को भौतिक भोगों, अविवेक, व प्रत्येक ढंग से अवर्नात की ओर ले जाता है। जबकि निष्काम कर्म विवेक आध्यात्मिकता व उन्नति की ओर ले जाता है। कर्म का उद्देश्य मोक्ष होना चाहिए ना कि उससे भटकने वाला। भौतिक सम्पन्नता पूर्णता की घोतक नहीं है। आगे इसी अध्याय के 47वें व 49वें श्लोक में श्रीकृष्ण, योग की विशेषता बताते हुए उसमें कर्मयोग को ही उत्कृष्ट बताते हैं। वे अर्जुन से फल आसक्ति त्यागने, सफलता या असफलता में समान भाव से योग में स्थिर होकर कर्त्तव्य कर्म करने का योग की संज्ञा के रूप में परिभाषित करते हैं। कर्मयोग सांसारिक व आध्यात्मिक दोनों लक्ष्यों की पूर्ति करने में सहायक बताते हैं साथ ही यह भी स्पष्ट कर देते हैं कि व्यक्ति का अधिकार क्षेत्र केवल कार्य है कर्मफल नहीं, इसलिए कर्मपक्ष को सुव्यवस्थित व सशक्त बनाना

चाहिए। फल तो स्वाभाविक है व उन्नत कार्यों के पश्चात् फल उन्नत ही होगा। यदि किसी कारणवश ऐसा न भी हुआ तब भी व्यक्ति समभाव के कारण दुःखी नहीं होता। जबकि फल की ही चिन्ता करते रहने से कर्म ही प्रभावी नहीं होंगे, तो फिर फल कैसे अनुकूल हो सकता है।

समत्व बुद्धि युक्त कर्म योग की तुलना में सकाम कर्म (फल इच्छा के प्रभाव युक्त) अत्यन्त घातक व निम्नतर है, इसके बाद वे अर्जुन को इसी समबुद्धि युक्त कर्मयोग का अनुसरण करने का स्पष्ट परामर्श देते हैं, क्योंकि सकाम कर्म वाले व्यक्तियों को वे अत्यन्त दीन हीन बताते हैं।[4]

इसके पश्चात् अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कल्याण का उत्कृष्ट साधन व क़र्म बाध्यता दोनों को एक साथ स्पष्ट करके परिभाषित करने की प्रार्थना की तो उसे कृष्ण ने निष्काम कर्मयोग को सामञ्जस्य पूर्ण (सांसारिक व आध्यात्मिक) मार्ग के रूप में बताया जिसमें कर्म की बाध्यता व मोक्ष एक साथ पूर्ण होते हैं। अध्याय 3के 7वें, 20 वें श्लोक में वे निष्काम कर्म योग साध्ना की उत्कृष्टता को उदाहरण सहित स्पष्ट करते हैं। इसमें वे कहते है, कि जो पुरुष मन से इन्द्रियों को वश में करके अनासक्त हुआ समस्त इन्द्रियों द्वारा निष्काम कर्म योग का आचरण करे वही श्रेष्ठ है। तत्पश्चात् वे जनक जैसे महायोगी का उदाहरण देकर समझाते हैं, कि उनके इतने ज्ञानी होते हुए भी उन्होंने परमसिद्धि हेतु निष्काम कर्म का मार्ग अपनाया तथा लोकसंग्रह (सामाजिक हित) के साथ ही मोक्ष भी प्राप्त किया, इसलिए वे अर्जुन को भी निष्काम कर्म का मार्ग अपनाने का परामर्श देते हैं।[5]

उपर्युक्त से स्पष्ट होता है कि व्यक्ति को भौतिक तथा व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर, संकीर्ण दृष्टिकोण को त्यागकर, आसक्तिविहीन लोकसंग्रह हेतु कर्म करने से ही लौकिक व अलौकिक प्रगति प्राप्त होती है।

आगे अध्याय 6 के प्रथम श्लोक में निष्काम कर्म को ज्ञान व संन्यास से श्रेष्ठ बताते हैं। वे कहते हैं कि जो पुरुष कर्मफल का आश्रय न लेकर करने योग्य कर्म करते हैं, वे संन्यासी व योगी दोनों ही हैं। साधारणः केवल कर्मों का त्यागी व संन्यासी योगी नहीं होता, बल्कि निष्काम कर्म ही सच्चे अर्थों में योग है।[6]

भगवद्गीता के निष्काम कर्म सिद्धांत से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि इसमें–

1. मनुष्य अकर्म की ओर प्रेरित नहीं होता।
2. कर्मफल के नकारात्मक पक्ष में नहीं बंधता।
3. कर्मों की गुणवत्ता में वृद्धि, सामाजिक, वैयक्तिक लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ मोक्ष जैसा आत्यान्तिक लक्ष्य भी प्राप्त होता है।

4. मुख्य सामाजिक समस्याओं जैसे नितान्त भौतिकवादी दृष्टिकोण अनैतिकता व संकीर्णता का अन्त सम्भव है, लेकिन इसके लिए आवश्यकता है, निष्काम कर्म को अपनाने की व नित्य प्रति की आधुनिकता जीवन शैली में उपयोग करने की।

अब हम शोध पत्र के तृतीय व अन्तिम भाग में निष्काम कर्म को आधुनिक सामज में प्रासंगिकता की कसौटी पर लाभदायक सिद्ध करने का प्रयास करेंगे।

तृतीय भाग

आधुनिक समाज की सर्वप्रमुख समस्या अतिभौतिकवाद का पोषण है। इसी से समस्त सामाजिक समस्याओं की उत्पत्ति होती है। अनन्त भौतिक इच्छाओं के मोहपाश में उलझने के कारण ही मनुष्य सहज ही निम्न प्रवृत्तियों के प्रवाह में बह जाता है। आज न तो मनुष्य अपने वास्तविक उद्देश्य को जानने हेतु जागरूक है, ना ही उसे समय है ना वह इसकी आवश्यकता समझात है। जबकि शुभ की ओर बढ़ना उसका कर्त्तव्य व नैतिक दायित्व है। यदि वह ऐसा करे, तो सामाजिक समस्याएं स्वत: ही धीरे-धीरे समाप्त हो जाएँगी।

निष्काम कर्म अवधारणा आत्मआरोपित है, इसलिए इसका अनुसरण मात्र यान्त्रिक नहीं बल्कि तार्किक भी है। यह व्यक्ति को सुविकसित चरित्र प्रदान करता है। सुविकसित चरित्र को चाहे कितनी ही विकट परिस्थितियों में रख दिया जाए उसे अपना आचरण का मार्ग खोजने में विलम्ब नहीं होगा ना ही वह निष्कर्मता में भटकेगा। शुभ प्राप्ति का यही साधन है। जिसे शुभ प्राप्ति की जिज्ञासा हो। उसका कर्म अपने आप ही सुनिर्देशित हो जाता है। परामात्मा का एक अंश आत्मा प्रत्येक व्यक्ति में विद्यमान है, यही उसे उचित-अनुचित हेतु मार्गदर्शन करता है। मात्र आवश्यकता उसके अनुसार अपने को ढालने की।

यदि निष्काम कर्म क़ो प्रत्येक व्यक्ति आधुनिक समाज में अपनाए तो वह अपने अस्तित्व को बचाने व व्यक्तित्व को विकसित करने का पूर्ण अवसर प्राप्त करेगा। इच्छा, कर्म व परिणाम में सामञ्जस्य होकर उन्नत चरित्र व नैतिकता का विकास होगा। धीर-धीरे वह समाज के लिए उदाहरण बन जायेगा तथा अन्य व्यक्ति भी उसके समान ही बनने का प्रयत्न करेंगे।

सेम पित्रौजा जो राष्ट्रीय ज्ञान आयोग के अध्यक्ष हैं, उन्होंने ज्ञान के रूप में समाज की वास्तविक स्थिति को पाँच बिन्दुओं के अर्न्तगत आँका है-

1. सूचना की उपलब्धता 2. प्रयोग 3.रचनात्मकता 4. उपयोगिता या व्यावहारिकता 5. सेवा (लोकसंग्रह-समाज धर्म)

इसमें से तीसरे से लेकर पाँचवे उद्देश्य तक की पूर्ति के केवल निष्काम कर्म से ही सम्भव है। रचनात्मकता अपनाने से उपयोगिता व तत्पश्चात् सेवा (लोकसंग्रह) की भावना स्वतः ही विकसित होगी।

यद्यपि व्यक्ति का कार्य क्षेत्र जो भी हो वह आज धन-संपन्नता को ही व्यक्तित्व की उच्चता का मापदण्ड मानता है। इसी प्रतिस्पर्धा के कारण मानव समाज आज नैतिक व चारित्रिक रूप से पतित हो चुका है। सभी समस्याओं के मूल में यही तथ्य कार्य कर रहा है, अतः यदि निष्काम कर्म द्वारा नैतिकता, चारित्रिकता का उत्थान हो तो समाज उन्नति व सौहार्दता की ओर बढ़ेगा।

इसीलिए हमें निष्काम कर्म को अपनाते हुए अपने व्यक्तिगत, नैतिक व सामाजिक कर्त्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। यही उन्नत समाज निर्माण में हमारी उपयोगी भूमिका होगी।

कर्म की उच्च गुणवत्ता युक्तता व निष्काम भाव का अनुसरण करके ही मानव मूल्यों के नये उच्च प्रतिमान स्थापित हो सकेंगे व हम अपने नैतिक दायित्व का निर्वहन भी कर पाएँगे।

सन्दर्भ

1. भारतीय समाज व सामाजिक संस्थाएं- प्रो० एम०एल०गुप्ता, डॉ०डी०डी० शर्मा, 31-32 साहित्य भवन पब्लिकेशन्स आगरा 1996
2. धर्म दर्शन की समस्याएं-वेद प्रकाशवर्मा-350 हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय दिल्ली विभाग 1991
3. भगवद्गीता अध्याय 2, श्लोक-42,43,44
   यामिमां पुष्पितां वाचं प्रवदन्त्य विपश्चितः।
   वेदवादरताः पार्थ नान्यदस्तीति वादिनः।। 42
   कामात्मनः स्वर्गपरा जन्मकर्म फल प्रदाम्।
   क्रिया विशेष बहुलां भोगैश्वयगतिं प्रति।। 43
   भोगैश्ववर्यप्रसक्तानां तयापहृत चेतसाम्।
   व्यवसायात्मिका बुद्धिः समाधौ न विधीयते।। 44
4. भगवत्गीता अध्याय 2 श्लोक 47, 48, 49
   कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
   मा कर्म फल हेतु र्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि।। 47
   योगस्थः कुरू कर्माणि संग व्यक्त्वा धनंजय।
   सिद्धयोसिद्धौः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।। 48

दूरेण हयवरं कर्म बुद्धियोगद धनंजय।
बुद्धौ शरणमन्विच्छ कृपणाः फलहेतवः।। 49

5. भगवत्गीता अध्याय-3 श्लोक 7, 20
यास्त्विन्द्रियाणि मनसा नियम्यारभतेऽर्जुन।
कर्मेन्द्रियैः कर्मयोगमसक्तः स विशिष्यते।। 7
कर्मणै व हि संसिद्धि मास्थिता जनकादयः।
लोकसंग्रहमेवापि सम्पश्यन्कर्तुमर्हसि।। 20

6. भगवत्गीता अध्याय 6 श्लोक 1
अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोतियः।
स संन्यासी च योगी च न निरग्निर्न चाक्रियः।।

24

यामुनाचार्य का दर्शन

वैष्णवमत के प्रतिष्ठापक बोधायन माने गये हैं परन्तु इनकी ब्रह्मसूत्र पर टीका अब उपलब्ध नहीं है, इसलिए उत्तरकाल के वैष्णव दार्शनिकों में यामुनाचार्य (10वीं-11वीं शती) को सर्वप्रथम माना जा सकता है, जो आलवन्दार नाम से प्रसिद्ध हैं तथा नाथमुनि के पौत्र हैं।[1], अतः कहा जा सकता है कि आधुनिक वैष्णव सम्प्रदाय का इतिहास, व्यावहारिक दृष्टि से यामुनाचार्य से ही प्रारम्भ होता है। इनके प्रसिद्ध ग्रंथ हैं: सिद्धित्रय (आत्मसिद्धि, ईश्वरसिद्धि, मायाखण्डन तथा जगत् विषयक संवित्सिद्धि), महापुरुष निर्णय (विष्णु की श्रेष्ठता का प्रतिपादन), आगम प्रामाण्य (पांचरात्र की प्रामाणिकता का विवेचन), गीतार्थ संग्रह तथा स्तोत्ररत्नम (वरदराज की स्तुति)

यामुनाचार्य के ग्रंथों में सिद्धित्रय दार्शनिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण मानी गई है, जिसमें आलवर संतों के उपदेशों को दार्शनिक आधार प्रदान करने का प्रयास किया गया है। इनके अनुसार तीन तत्त्व हैं: एक तो सर्वज्ञ और सर्वशक्तिमान ईश्वर, दूसरा स्वचेतन जीव है और तीसरा जड़ जगत्[2]। इनकी दार्शनिक विवेचना निम्नवत् है:

यामुनाचार्य ने आत्मा को देह, इन्द्रिय, मन, प्राण तथा बुद्धि आदि से भिन्न मानते हुए उसे ज्ञाता अहमर्थ स्वीकार किया है।[3] दूसरे शब्दों में, कहा जा सकता है कि यामुन स्वचैतन्य को स्वीकार करते हैं। उनके अनुसार हमारा प्रत्यक्ष ज्ञान-'मैं जानता हूँ' रूप से 'यह मेरा शरीर है', इस ज्ञान से विलक्षण है और ज्ञाता रूप से आत्मा का ही निर्देश करता है। यदि हम आत्म निरीक्षण करें, तो पता चलता है कि जिसे हम 'मैं' कहते हैं वह 'तत्त्व' है और अन्य पदार्थ जो आत्मा से भिन्न हैं और जिन्हें यह या वह द्वारा निर्देश कर सकते हैं, उससे विलक्षण है, अतः कहा जा सकता है कि आत्म तत्त्व स्वरूप से स्वाधीन है। संसार की समस्त वस्तु मेरे (आत्मा के) लिए हैं। मैं भोक्ता हूँ जबकि अन्य पदार्थ मेरे भोग्य है, मैं किसी अन्य के लिए नहीं हूँ। मैं अपना साध्य व प्रयोजन स्वयं हूँ, किसी का साधन (अपरार्ध) कभी नहीं

बनता। संघात एक दूसरे के लिए होते हैं, जिसका वे स्वार्थ साधन करते हैं, संघात रूप नहीं है और न वह किसी अन्य के स्वार्थ के लिए अस्तित्त्व रखता है।

शंकर मतवादी आत्मा को शुद्ध चैतन्य रूप या अनुभूति रूप मानते हैं, किन्तु यह स्पष्ट है कि अनुभूति का कारक है, ज्ञाता है, ज्ञान स्वरूप नहीं है। इससे यह मानना पड़ता है कि आत्मा शुद्ध चैतन्य नहीं है, किन्तु अहंकृत चैतन्य ही है जो हमारे अनुभव से प्रत्यक्ष है।[5]

इसके अतिरिक्त चेतना देह का कार्य नहीं माना जा सकता जैसा कि चार्वाक मत वाले मानते हैं। इस तरह यह मानना पड़ेगा कि चेतना आत्म तत्त्व में अस्तित्त्व रखती है और वह देह से भिन्न है। वह (आत्मा) अनन्य साधन (किसी दूसरे तत्त्व पर अनाश्रित), नित्य, व्यापी, प्रत्येक शरीर में भिन्न-भिन्न (आत्मा का बहुत्व) एवं तात्त्विक रूप से आनंदपूर्ण है।[6]

आत्मा सर्वव्यापी नहीं है अणु रूप है, जब वह किसी इन्द्रिय के संयोग में आता है तब हमें उस इन्द्रिय द्वारा प्रत्यक्ष ज्ञान होता है। यह इस तथ्य को समझाता है कि दो प्रत्यक्ष का ज्ञान एक साथ नहीं हो सकता है क्रमबद्ध ही ज्ञान होता है, लेकिन इतना द्रुत होता है कि परिवर्तन देखने में नहीं आता। अगर आत्मा सर्वव्यापी होता, तो हमें सभी पदार्थों का ज्ञान एक साथ ही होता, क्योंकि आत्मा का सभी से संबंध था। इससे यह सिद्ध हुआ कि ज्ञान का विलक्षण गुण है, ज्ञान या चेतना उसमें उत्पन्न नहीं होती, किन्तु जब अवरोधक हटा दिए जाते हैं और आत्मा विषय के संपर्क में आता है, तो उसका ज्ञान प्रकट हो जाता है।[7]

यामुनाचार्य न्याय की पद्धति स्वीकारते हुए जगत् कार्य है, इसे सिद्ध करने का प्रयास करते हैं। वे यह मानते हैं कि जगत् ज्ञानवान् पुरुष द्वारा उत्पन्न किया हुआ होना चाहिए, जिसे द्रव्य का साक्षात् ज्ञान है।[8] इसे मनुष्य के धर्म और अधर्मों का साक्षात् ज्ञान है, जिसके अनुसार वह सारे जगत् का निर्माण और नियंत्रण करता है, जिससे प्रत्येक वही अनुभव करे, जिसके वह योग्य है[9]। वह अशरीर है, किन्तु मनस् द्वारा संकल्प व्यापार कर जगत् को गति देता है[10]। उसे असीम ज्ञान और शक्तिमान पुरुष मानना ही पड़ेगा, अन्यथा वह किसी भी प्रकार इस जगत् का निर्माण और उसका नियंत्रण नहीं कर सकता है।

यामुनाचार्य जगत् की वास्तविकता पर बल देते हुए शांकर मत के इस तर्क का कि, उपनिषद् कहते हैं कि-'ब्रह्म के अतिरिक्त और किसी का अस्तित्त्व नहीं है और इस अर्थ में एकमात्र ब्रह्म का ही अस्तित्त्व है एवं जगत् मिथ्या है' का प्रतिकार करते हैं[11]। यामुन के अनुसार उपनिषद् का इस संदर्भ में केवल यही अर्थ है कि ईश्वर

के सिवाय दूसरा ईश्वर नहीं है और उसके समान कोई अन्य नहीं है[12]। जब उपनिषद् यह कहते हैं कि ब्रह्म सब कुछ है तथा वह जगत् का उपादान कारण है तो इससे यह अर्थ नहीं निकलता कि किसी और का अस्तित्त्व नहीं है तथा निर्गुण ब्रह्म की ही एकमात्र सत्ता है।[13] यदि हम कहें कि सूर्य एक ही है तो इसका अर्थ नहीं है कि उसमें रश्मियाँ नहीं है[14]। इसी प्रकार यदि हम यह कहें कि सात समुद्र हैं तो इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि उसमें लहरें इत्यादि नहीं हैं[15]। ऐसे पाठों का मात्र यह अर्थ हो सकता है कि जगत् की उत्पत्ति ब्रह्म से उसी तरह है जैसे अग्नि से स्फुल्लिंग और अन्त में जगत् उसी में अन्तिम स्थान और आधार पाता है।[16] जगत् की सब वस्तुएँ-पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु आदि ने उससे अपनी शक्तियाँ प्राप्त की हैं तथा उसके बिना कुछ भी करने में अक्षम हैं[17]। यदि इसके विपरीत जगत् को मिथ्या माना जाता है तो हमें अपने समस्त अनुभवों की बलि देनी पड़ती है और ब्रह्म का अनुभव भी इसी अनुभव के अन्तर्गत आ जाता है, इस कारण वह भी समाप्त हो जाता है।[18]

भेद ज्ञान को मिथ्या सिद्ध करने का अद्वैत का समस्त तर्क अनुभव विरुद्ध है । अनुभव हमें बताता है कि हम संबंध एवं भेद देखते हैं। हम नीले रंग को देखते हैं, कमल को भी देखते हैं और यह भी कि कमल का रंग नीला है, इसलिए उपनिषद् के उपदेश के आधार पर यह समझा जा सकता है कि जीव और जगत् ब्रह्म से अभिन्नरूपेण संबंधित है।[19] यह अर्थ उस अर्थ से अधिक न्यायसंगत है, जो संपूर्ण जगत् व जीवों को निषेधकर, इन सबके चैतन्य और ब्रह्मगत चैतन्य का तादात्म्य मानकर ही संतुष्ट हो जाता है। शंकर द्वारा प्रतिपादित शुद्ध, सर्वगत और निर्गुण ज्ञान जैसा कुछ भी नहीं है, क्योंकि ऐसा होने पर हर एक को भिन्न और पृथक् प्रत्यय का साक्षात् ज्ञान होना चाहिए, जो कि नहीं होता है[20]। पुनः ऐसा भी माना गया है कि यह चैतन्य, सत्, चित् और आनन्द है। यदि इस त्रिविध रूप को स्वीकार किया जाए तो वह एकत्ववाद का उच्छेद करता है, जिसका शांकर मतवादी बड़े उत्साहपूर्वक समर्थन करते हैं। यदि वे ऐसा करते हैं कि ये तीन ब्रह्म के रूप या गुण नहीं, अपितु ये तीनों एक ही तत्त्व को लक्ष्य करते हैं, जो ब्रह्म है तो यह ज्ञान और आनन्द के एक न होने से शक्य नहीं है[21]। इस प्रकार शंकर का मत अनुभव विरुद्ध एवं युक्ति-पराहत है। यह मानना है कि जगत् मिथ्या है, सत्यतापूर्वक वस्तुस्थिति का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, अतः कहा जा सकता है कि यामुनाचार्य के अनुसार जगत् एक वास्तविकता है, जिसका हमें प्रत्यक्ष ज्ञान होता है, इसलिए जगत् मिथ्या नहीं कहा जा सकता।

यामुन के दर्शन का निष्कर्ष यह है कि इसमें एक ओर स्वचैतन्य जीव है और दूसरी ओर सर्वज्ञ तथा सर्वशक्तिमान ईश्वर और नानाविध जगत्। ये तीनों ही तत्त्व

सत्य हैं। यामुन जहाँ एक ओर ईश्वर को न्यायदर्शन की भाँति जगत् का निर्माता सिद्ध करते हैं, वहीं दूसरी ओर जगत् को ईश्वर से स्फुल्लिगंवत् उद्भूत मानते हैं, यहाँ विरोध प्रतीत होता है, किन्तु सिद्धित्रय एवं आगम प्रामाण्य में न्याय दृष्टि के समर्थन से यह निश्चित होता है कि इस संदर्भ में उनका मत न्याय से भिन्न नहीं है, जिसमें ईश्वर और जगत् के द्वैत का निरसन नहीं किया गया है। वस्तुतः यामुन का मुख्य योगदान जीवों के स्वचैतन्य स्वरूप प्रतिपादन में है। वे ईश्वर, जीव व जगत् के संबंध में कोई नया विचार नहीं देते। उनका योगदान इस संदर्भ में इतना अवश्य है कि इन्होंने शांकर मतवादियों के जगत् मिथ्यात्व के प्रतिपादन का खण्डन किया है। वे मुक्ति के साधन और मुक्तावस्था के विषय में मूक रहते हैं[22], किन्तु स्तोत्ररत्नम् के प्रपत्तिमय पद्यों[23] को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि वे प्रपत्ति को मुक्ति का साधन समझते थे।

रामानुज के ऊपर यामुन के जीव व जगत् विषयक सिद्धांतों के साथ भक्ति पथ का अत्याधिक प्रभाव पडा, किन्तु वे उनके ईश्वर विषयक विचारों से पूर्ण रूप से सहमत न हो सके।

सन्दर्भ

1. भारतीय दर्शनः आलोचन और अनुशीलन, चन्द्रधर शर्मा, पृ. 295
2. वही, पृ. 297
3. अद्वैत और विशिष्यद्वैत वेदान्त, डॉ. डी.एन.सिंह, पृ. 10
4. भारतीय दर्शन का इतिहास भाग-3, डॉ. डी.एस.एन दासगुप्तं, पृ.144
5. वही,पृ.117
6. अद्वैत और विशिष्यद्वैत वेदान्त, डॉ.एन.सिंह, पृ10
7. भारतीय दर्शन का इतिहास भाग-3, डॉ, एस.एन. दासगुप्त, पृ.122
8. वही, पृ.143
9. सिद्धित्रय, पृ.165
10. वही, पृ. 170, वि. पु. 5/11/15
11. वही,पृ.175
12. वही, पृ.178
13. वही, पृ.177
14. वही, पृ.179
15. वही, पृ.178
16. वही, पृ.180

17. वही, पृ.180
18. तन्निषेधे समस्तस्य मिथ्यात्वाल्लोकवेदयोः।
    व्यावहारास्तु लुप्येरस्तथा स्याद्ब्रह्मधीरपि।।-वही, पृ.180
19. वही, पृ.206
20. वही, पृ.207
21. वही, पृ.210
22. भारतीय दर्शन का इतिहास भाग-3, डॉ. एस.एन.दासगुप्त, पृ.145
23. स्तोत्ररत्नम्, 22

सहायक ग्रंथों की सूची

1. भारतीय दर्शनः आलोचन और अनुशीलन, चन्द्रधर शर्मा
2. भारतीय दर्शन की रूपरेखा, प्रो.हरेन्द्र प्रसाद सिन्हा
3. भारतीय दर्शन, सिंह एव सिंह
4. भारतीय दर्शन, डॉ. नन्द किशोर देवराज
5. भारतीय दर्शन, राधाकृष्णन्, भाग-1, 2

S.N.	Title of the Paper	Author Name	Place	page No.
1.	The Philosophical Importance of Gītārthasaṁgraharakṣā and the Role of Pāñcarātra Āgams.	Prof. U.S. Bist	Dept. of Philosophy, G.K. University, Haridwar-249404 Uttarākhand.	17-22
2.	Gītārthsaṁgraha Rakṣā of Vedāntadeṣikā	Prof. S.R. Bhatt	M-P 23, Maurya Enclave, Pitampura Delhi.	23-31
3.	Viṣṇu-Lokas in Bhāgavad-Pratiṣṭha-Vidhi of Śrī Praśna-saṁhitā	Dr. K.K.C. Lakshmi Narasimhan	Dept. of Sanskrit & Ancient Indian Culture, Ananthacharya Indological Research Institute Mumbai-5	32-40
4.	The Bhagavadgītā and the Gītātarthasaṁgraha: the Correspondence	Uma purang	Research Scholar, Dept. of Philosophy, G.K. University, Haridwar-249404, Uttarakhand	41-45
5.	Prapatti in the Gītārthasaṁgraha	Dr. Vedavalli Narayanan	L.BS.R Sanskrit Vidyapeeth New Delhi	46-56
6.	Yāmunācārya on Pāñcarātra Āgama	Dr. K. Anantha	Deptt. of Visistadwaita vedanta, L.B.S.R. Sanskrit Vidya Peeth, New Delhi-16	57-61

S.N.	Title of the Paper	Author Name	Place	page No.
7.	Relevance of Śrimad-Bhagavad Gītā For better Society	Dr. Rajjan Kumar	Reader & Head, Applied Philosophy, MJP Rohilk-hand University Bareilly, U.P.	62-69
8.	Decision Making Techniques and the Relevance of Gītā	Dr. Indoo Pandey Khanduri	Reader in Philosophy, H.N.B Garhwal University, Srinagar, Uttarakhand-246174	70-81
9.	Human Nature and Moral Values Relevance of the Gītā	Dr. Asha Maudgil	Deptt. of Philosophy, Punjab University, Chandigarh	88-86
10.	The Philosophical Importance of Śrimadbhagavadgītā	Dr. Hansi Bhist	Head, Dept. of Philosophy, S.P. Mukharji College, University of Delhi, New Delhi	87-91
11.	The Relevance of Bhagavadgītā for a better society	Dr. Pooja vyas	Deptt. of Philosophy, Vikram University, Ujjain (MP)-456010	92-96
12.	The Bhagavad Gītā and 21st Century	Ms. Rina Pitale	Ramniranjan Jhun Jhunwala college, Mumbai-400086	97-106

S.N.	Title of the Paper	Author Name	Place	page No.
20.	यामुनाचार्य का दर्शन	श्री मुकेश कुमार	शोध छात्र, दर्शनविभाग, मेरठ महाविद्यालय, मेरठ	183–187
21.	भारतीय विचारधारा में गीता का महत्त्व	डॉ० शुभ्रा	प्रोजेक्ट ऐसोसिएट दर्शनशास्त्र विभाग, एम०एम०एच महाविद्यालय, गाजियाबाद	164–173
22.	आधुनिक समाज में भगवद्गीता के निष्काम कर्म सिद्धान्त की प्रासंगिकता	सुश्री कविता भट्ट	शोध छात्रा, दर्शनशास्त्र विभाग, हें०न०ब०ग० विश्वविद्यालय, श्रीनगर, उत्तराखण्ड।	174–182
23.	श्रीमद्भगवद्गीता में 'योग' का स्वरूप	डॉ० सोहनपाल सिंह आर्य	रीडर, दर्शन विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्व विद्यालय हरिद्वार।	157–163

SATYAM PUBLISHING HOUSE
N-3/25, Mohan Garden, Uttam Nagar,
New Delhi-110059 Ph. : 25358642
E-mail : satyampub_2006@yahoo.com

ISBN 978-81-88134-90-8